ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 15 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-179 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



रितेश-जेनेलिया की फिल्म 'वेड' ने पूरे... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएलएफआई के एरिया कमांडर के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित पीएलएफआई के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडुंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा के घर जिकिलता में बंदगांव पुलिस ने इश्तहार चिपकाया है। बंदगांव थाना प्रभारी मनोज कुमार ने उसके परिवार के सदस्यों से अपील की है कि लंबू का आत्मसमर्पण कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि अगर नक्सली आते हैं, तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

### झारखंड हाईकोर्ट ने जैक से पूछा- कब होगी जेटेट परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता।** रांची झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) के आयोजन को लेकर दाखिल सूरज बिहारी मंडल सहित 20 याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने जैक (झारखंड शैक्षणिक परिषद) के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए चार सप्ताह में शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जैक से पूछा है कि कब तक जेटेट की परीक्षा ली जाएगी, यह स्पष्ट करें। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिए पहल शुरू की है। प्रारंभिक शिक्षा सहायक आचार्य संवर्ग नियुक्ति प्रोन्नति सेवा शर्त नियमावली 2022 के तहत यह परीक्षा ली जाएगी। इस नियमावली के तहत वही लोग सहायक आचार्य पद पर आवेदन कर सकेंगे, जो जेटेट पास है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2016 के बाद जेटेट परीक्षा नहीं ली गई है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि कोई भी शिक्षक नियुक्ति करने से पहले जेटेट परीक्षा आयोजित कर लिया जाए। यदि जेटेट परीक्षा कराना संभव नहीं है तो सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह वर्ष 2019-2021 के बीच वे सीटेट परीक्षा पास किए हुए हैं।

### देवघर में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर साइबर पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि जिले के देवीपुर थाना अंतर्गत केलसरी एवं बुढ़सरी ग्राम में छापेमारी कर इन शातिर साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में मुस्तफा अंसारी, आफताब अंसारी ,प्रमोद कुमार मंडल, धीरज कुमार और भोला सिंह शामिल हैं। ये अपराधी एसबीआई बैंक क्रेडिट कार्ड का लिंक भेजकर एवं केवाईसी के नाम पर लोगों को ठग रहे थे। गिरफ्तार साईबर अपराधियों के पास से 9 मोबाइल फोन, 12 फर्जी सिमकार्ड सहित एक मोटरसाइकिल बरामद किया है।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 15 अप्रैल को संध्या 6:15 और सेहरी का समय 16 अप्रैल को सुबह 4:17 मिनट में

## लातेहार साल्वे जंगल से हथियार व जिंदा कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



नक्सलियों के खिलाफ जिले में लगातार सर्च अभियान चला रहे 214 वाहिनी सीआरपीएफ को गुरुवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआरपीएफ 214 बटालियन कमांडेंट केडी जोशी के दिशा निर्देश में गारू थाना अन्तर्गत साल्वे के घने जंगली क्षेत्र में जी कंपनी क्यूएटी और लातेहार जिला पुलिस के सूचना आधारित संयुक्त अभियान में पहाडी की तलहटी पर पत्थरनुमा टीले के नीचे छुपाकर रखा हुआ एक बारह बोर डबल बैरल रायफल, दो नग देशी कट्टा, दो नग वॉकी-टॉकी सेट, एक नग 7.62 एमएम जिन्दा गोली दस, 5.56 एमएम जिंदा गोली तीस पीस, 7.62 39 एमएम जिंदा गोली एक, 5.56 एमएम इंसास एलएमएजी मैगजीन, विभिन्न साईज के आईईडी स्प्लींटर/नट बोल्ट, दो पीस डाटा केबल बरामद किया गया। इस अभियान का नेतृत्व उप कमांडेंट संदीप कुमार वर्मा एवं सहायक कमांडेंट सुरिंद्र कुमार ने सफलतापूर्वक कर नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया एवं ग्रामीणों क बीच सीआरपीएफ के प्रति विश्वास और भी सुदृढ हुआ है।

### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने जयंती पर बाबा साहेब आंबेडकर को किया नमन

## समाज व राष्ट्रहित में आंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर भारत के महानतम सपूतों में से एक थे। समाज और राष्ट्रहित में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

**बाबा साहेब का विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब मजबूत इरादों के शख्सियत थे। वे एक महान शिक्षाविद्, विधिवेत्ता और समाज सुधारक थे। उन्होंने देश को एक ऐसा संविधान दिया, जो सभी वर्ग और तबके को सम्मान देता है। उनका व्यक्तित्व और विचार हर किसी के लिए अनुकरणीय हैं। राज्यपाल ने राज भवन में भी आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की। मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी समेत राजभवन के अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्यमंत्री ने उर्जा सचिव को दिया निर्देश, तीन महीने की प्लानिंग के साथ

# 600 मेगावाट बिजली खरीदें

**बिजली संकट पर सीएम हेमंत ने किया हस्तक्षेप**

**जनता को निर्बाध हो बिजली की आपूर्ति, नहीं हो कटौती**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में बिजली की लगातार हो रही लोड शेडिंग को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार से बिजली के बाबत पूरी जानकारी ली। सीएम को बताया गया कि भीषण गर्मी के कारण राज्य में 300 से 400 मेगावाट तक अतिरिक्त बिजली की मांग बढ़ गयी है, जिसके कारण लोड शेडिंग करना पड़ रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सचिव को निर्देश दिया कि बिजली की मांग बढ़ी है, तो बाहर से बिजली खरीद कर आपूर्ति करें। सीएम ने निर्देश दिया कि अगले तीन महीने की प्लानिंग के साथ 600 मेगावाट अतिरिक्त बिजली खरीदें। जनता को निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति हो, इसकी व्यवस्था करें। सीएम से निर्देश मिलते ही ऊर्जा सचिव सह सीएमडी झारखंड ऊर्जा विकास निगम अविनाश कुमार ने झारखंड बिजली वितरण निगम को अविलंब 600 मेगावाट बिजली खरीदने का निर्देश दिया है। शुक्रवार की शाम तक 140 मेगावाट अतिरिक्त बिजली पावर एक्सचेंज मिली। बताया गया कि 600 मेगावाट बिजली उपलब्ध नहीं है, पर जेबीवीएनएल द्वारा डिमांड भेज दिया गया है। जैसे-जैसे बिजली मिलती ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इन क्षेत्रों में बिजली संकट

33 केवी हटिया-हरमू लाइन में योगदा सत्संग के पास ब्रेक डाउन के कारण पूरे हरमू क्षेत्र, अशोक नगर, पुंदाग, अरगोड़ा, किशोरगंज इलाके में सुबह से बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इस फॉल्ट को ठीक करने तक अरगोड़ा लाइन से बिजली डायवर्ट करके लोड शेडिंग के तहत बिजली देने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, फॉल्ट को ठीक कर लिया गया है। कहीं-कहीं लोड बढ़ने के कारण फ्यूज कॉल बनाने के कारण बिजली कट रही है।

पिस्का मोड़ इलाके में लगातार अंतराल पर बिजली आती-जाती रही। इसके पीछे का कारण हटिया ग्रिड से लोड शेडिंग बताया गया। वहीं, फिरदौस नगर, मनीटोला, डोरंडा इलाके में एक ट्रांसफॉर्मर में खराबी आने के कारण घंटों बिजली नहीं रही। जबकि केतारी बगान चुटिया इलाके में भी बिजली आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इन इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या रही।

## केजरीवाल को सीबीआई का समन आप बोली- भाजपा की नींद उड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली शराब प्रकरण में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें रविवार को सुबह 11 बजे बुलाया है। उनसे नई शराब नीति मामले में पूछताछ होगी। इस बीच आम आदमी पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री सीबीआई के सामने रविवार को पेश होंगे। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहाः अरविंद केजरीवाल ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है।

दिन रात उनके सपनों में बस केजरीवाल आते हैं और उन्हें नींद में डराते हैं। सीबीआई का यह समन बीजेपी का 'केजरीवाल फोबिया' दर्शाता है। नहीं डरते हम तुम्हारी सीबीआई-ईडी से। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहाः अत्याचार का अंत जरूर होगा। जिस दिन दिल्ली की विधानसभा में केजरीवाल ने कहा था कि देश के पीएम के दोस्त की कंपनी में लगा हुआ काला धन नरेंद्र मोदी का है, उसी दिन मैंने उनसे कहा था कि अगला नंबर आपका है। ये लोग जतन करेंगे पीएम का भ्रष्टाचार दबाने के लिए। गौरतलब है कि नई शराब नीति मामले में सीबीआई दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उन्हें सीबीआई ने लंबी पूछताछ के बाद 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। इसको लेकर आम आदमी पार्टी लगातार भाजपा और केंद्र सरकार पर हमलावर है।

## पुलिस ने अवैध मवेशी लदा तीन पिकअप वाहन किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर।**



नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के नेतृत्व में एनएच 98 मुख्य मार्ग औरंगाबाद मेदिनीनगर पथ चेक पोस्ट पर संघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पशु तस्करों द्वारा गढ़वा से बंगाल ले जा रहे अवैध मवेशी लदा तीन पिकअप वाहन को जब्त किया गया। तेरह मवेशी गाय सहित तीन वाहन चालक व एक उप चालक को मौके से गिरफ्तार किया गया। नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास व पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास द्वारा 3 पिकअप वाहन चालक सहित एक उपचालक व 13 मवेशी को जप्त किया। साथ ही एक मवेशी पिकअप वाहन में मरा पड़ा है। चेक पोस्ट पर तीनों पिकअप वाहन द्वारा वाहन को हाई स्पीड कर भागने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल द्वारा वाहनों को पकड़ने में सफल रहे।

### सचिवालय घेराव मामले में जारी हुआ नोटिस

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और तीन पूर्व मुख्यमंत्री सहित 18 को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह विधायक नवीन जायसवाल, पार्षद अशोक बड़ाइक सहित 18 भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को धुर्वा थाने की तरफ से नोटिस जारी कर सचिवालय घेराव मामले में पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी 18 लोगों को दो दिनों के भीतर नोटिस पहुंच जाएगा।

**दीपक प्रकाश को मिला नोटिस :** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को नोटिस मिल चुका है उन्हें 22 अप्रैल को धुर्वा थाने बुलाया गया है। गौरतलब है कि भाजपा के द्वारा सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान कई लोगों पर मामला दर्ज हुआ था, लेकिन दीपक प्रकाश पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। इसे लेकर लगातार कयासों का बाजार गर्म था कि आखिरकार दीपक प्रकाश पर एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई। ऐसे में रांची पुलिस ने दीपक प्रकाश को नोटिस भेजकर सचिवालय घेराव को लेकर पूछताछ करेगी। मामले में उनकी संलिप्तता पाए जाने के बाद सचिवालय घेराव के दौरान हुए उपद्रव मामले में दीपक प्रकाश पर भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

**दो अन्य विधायकों को नोटिस जारी :** मिली जानकारी के अनुसार रांची से भाजपा विधायक सीपी सिंह, हटिया से भाजपा विधायक नवीन जयसवाल को भी धुर्वा थाने के द्वारा 41ए का नोटिस जारी किया गया है। अलग-अलग तिथियों पर सभी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। सचिवालय घेराव के दिन लाठीचार्ज में बुरी तरह से जख्मी हुए भाजपा नेता अशोक बड़ाइक को भी पुलिस के द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

### पूर्व में दर्ज हो चुकी है एफआईआर

भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के द्वारा सचिवालय घेराव के दौरान किए गए उपद्रव और पुलिस पर पथराव को लेकर रांची के धुर्वा थाने में दो पूर्व मुख्यमंत्री, दो सांसद सहित 41 पर नामजद प्राथमिकी 11 अप्रैल को हो ही दर्ज की गई है। उपद्रव मामले में एक हजार अज्ञात लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### इनलोगो पर दर्ज हुई एफआईआर

कार्यपालक दंडाधिकारी उपेंद्र कुमार के बयान में रांची के धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में नामजद आरोपियो में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची के सांसद संजय सेठ, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अमित मंडल, आरती कुजूर, प्रदीप मुखर्जी, शत्रुघ्न सिंह, अनिता सोरेन, मुनचुन राय, उमेश यादव, वीरेंद्र यादव, ललित ओझा, केके गुप्ता, कुलवंत सिंह बंटी, गुंजन यादव, अमित कुमार, विकास कुमार पांडे, दिलीप कुमार सिंह, कुमकुम देवी, कामेश्वर सिंह, अमित भैया उर्फ अमित कुमार, कमलेश राम, नीलम चौधरी, साधु मांझी और विमल मरांडी शामिल हैं। इसके अलावा 1000 अज्ञात भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### कबूलनामा — हां, मैंने ही रची थी उमेश की हत्या की साजिश

# अतीक ने कुबूल किया अपना जुर्म

**एजेंसी। प्रयागराज**

उमेश पाल हत्याकांड में बेटे असद और शूटर गुलाम के मारे जाने के बाद माफिया अतीक अहमद टूट चुका है। अतीक ने कबूल कर लिया है कि उसने ही हत्या की साजिश रची थी। रिमांड कॉपी के मुताबिक, आरोपी अतीक अहमद ने 12 अप्रैल 2023 को पुलिस को अपने बयान में बतायाः मैंने उमेश पाल हत्याकांड की पूरी साजिश जेल में बैठकर रची। रिमांड कॉपी के मुताबिक, अतीक ने पत्नी शाइस्ता से मुलाकात के दौरान नए मोबाइल फोन और सिम मुहैया करवाने को बोला था और उस सरकारी आदमी का नाम भी बताया था, जिसके हाथ ये मोबाइल और सिम जेल में पहुंचेंगे। इसके साथ ही जेल में बंद अशरफ को भी मोबाइल और सिम मुहैया करवाये गए थे।

अतीक ने पुलिस को बताया कि हमने जेल से उमेश की हत्या की साजिश तैयार की, साथ ही शाइस्ता ने जानकारी दी थी कि उमेश के साथ दो गनमैन रहते हैं, सबसे पहले उमेश पाल की सुरक्षा में तैनात पुलिस वालों को मारने का आदेश था, यानी पुलिस वालों पर हमला पहले से तय किया गया था।

### पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने एनकाउंटर पर उठाए 12 सवाल



**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड माफिया अतीक अहमद के बेटे असद को यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। इसके बाद से ही यूपी की सियासत गरमाई हुई है। अमिताभ ठाकुर ने डिप्टी एसपी एसटीएफ नवेंदु कुमार द्वारा झांसी में दर्ज कराए गए तीन एफआईआर और एसटीएफ द्वारा इस संबंध में जारी किए गए मौके के विभिन्न फोटोग्राफ के आधार पर 12 संदेह के बिंदु बताए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सारे बिंदु इस एनकाउंटर की सत्यता पर गंभीर सवाल उठाते हैं।

**अमिताभ ठाकुर के सवाल**

1. एफआईआर में दावा किया गया है कि जब मुठभेड़ समाप्त हुई, उस समय तक असद और गुलाम मोहम्मद जीवित थे। इसके विपरीत एसटीएफ द्वारा प्रसारित किए गए फोटोग्राफ में असद और गुलाम मोहम्मद किसी भी प्रकार से जीवित नहीं लग रहे हैं। फोटो से साफ लगता है कि मौके पर असद और गुलाम मोहम्मद की मृत्यु हो चुकी थी और वह फोटोग्राफ मृत व्यक्तियों के थे, ना कि दर्द से कराह रहे व्यक्तियों के, जैसा एफआईआर में दावा किया गया है। इससे एफआईआर में मुठभेड़ खत्म होने के बाद असद और गुलाम मोहम्मद के जीवित होने और उन्हें एंबुलेंस से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शूटर गुलाम का परिवार नहीं लेगा उसका शव

**एजेंसी। प्रयागराज**

असद के साथ एनकाउंटर में मारा गया गुलाम हसन भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद राहिल हसन को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था और करीब 14 दिन तक पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया था। गुलाम की मुठभेड़ में मौत के बाद उसके भाई राहिल हसन ने कहा कि वह गुलाम हसन का शव नहीं लेंगे। वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति था। उसने हमारे परिवार की छवि को मिट्टी में मिलाने का कार्य किया है। इसलिए हम उसके शव को नहीं लेंगे वहीं, गुलाम की मां खुशनुदा ने कहा कि जितने भी गंदा काम करने वाले हैं, वो जिंदगी भर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आर्मी लैंड स्कैम के सात आरोपित गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में हुए जमीन स्कैम मामले की जांच कर रही ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने लैंड स्कैम में शामिल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी सूत्रों के अनुसार जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है उनमें बड़गाई अंचल कर्मी भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, ताल्हा खान, प्रदीप बागची, अयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। जमीन माफिया के साथ मिलीभगत करके जमीन घोटाला करने वाले बड़गाईं अंचलकर्मी भानु प्रताप आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। भानु प्रताप लैंड स्कैम का मुख्य सूत्रधार बताया जा रहा है। इस मामले में फर्जी कागजात बनाने वाले अफसर अली के साथ साथ ईडी ने अन्य पांच को भी गिरफ्तार किया है। जिन सात लोगों को ईडी ने गिरफ्तार किया है उन सभी के ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी हुई थी।

**क्या है पूरा मामला :** गौरतलब है कि राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने गुरुवार को रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कौन-कौन हुए गिरफ्तार

भानु प्रताप प्रसाद, राजस्वकर्मी बड़गाईं अंचल, गुरुवार को इसके रोड नंबर 7 हिलव्यू रोड, बरियातू और झूलन सिंह चौक, सिमडेगा आवास में ईडी ने रेड किया था।

- अफसर अली, नीयर राहत नर्सिंग होम, बरियातू में ईडी ने रेड किया था।
- इम्जियाज अहमद, इसके हिनू स्थित आवास पर ईडी ने गुरुवार को रेड किया था।
- फैयाज खान, इसके मिल्लल कॉलोनी स्थित आवास पर ईडी ने रेड किया था।
- अजहर खान, हाउस नंबर 28, सेकेंड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी।
- मो. सद्दाम हुसैन, प्लॉट नंबर 40 जेड, फर्स्ट मार्क स्कूल रोड बरियातू में ईडी ने रेड किया था।
- प्रदीप बागची, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला है इसके उदयांचल टावर, तीसरा तल्ला, टीपी रोड, उषाग्राम, आसनसोल में ईडी ने रेड किया था।
- तलहा खान उर्फ सनी, नीयर राहत नर्सिंग होम, बरियातू स्थित आवास में ईडी ने गुरुवार को छापेमारी की थी।

NEWS इन ब्रीफ

### अंबेडकर जयंती को लेकर हरिहरगंज में निकली बाइक रैली

**हरिहरगंज।** भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर संघर्ष समिति के द्वारा शुक्रवार को हरिहरगंज प्रखंड के सरसोत में सभी बाइक व रथ के साथ एकत्र हुए और नीला झंडा हाथों में लेकर बाइक रैली निकाली गयी। यह बाइक रैली आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि के नेतृत्व में ढकचा, सलैया, सुल्तानी होते हुए ढाब, सिमरवार, कटैया, अररूआ मोड, हरिहरगंज बाजार, मेन रोड़ सतगावां आदि जगहों का भ्रमण की। रैली में सभी लोग जय भीम का नारा लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रवि ने कहा कि बाबा साहब ने हर समाज के लिए अपना योगदान दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर हमें चलना चाहिए। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष इशरार आलम, सचिव अभिषेक कुमार तथा अशोक मेहता, कोषाध्यक्ष सुशील रवि, नरेंद्र प्रियदर्शी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में चौकीदार घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में गुरुवार की देर रात अमित कुमार पासवान नामक चौकीदार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना हुसैनाबाद सिटी क्षेत्र की बताई जाती है। घायल अवस्था में चौकीदार व पुलिस कर्मियों ने उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार उसका पैर टूट गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से धक्का लगने की बात सामने आई है। परंतु चौकीदार ने बाइक से गिरने की बात कही है। मामला चाहे कुछ भी हो लेकिन हुसैनाबाद में अवैध बालू खनन का कारोबार रात्रि में व्यापक पैमाने पर जारी है।

### भाजपाइयों ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती

**हरिहरगंज।** भाजपा के हरिहरगंज मंडल इकाई द्वारा शुक्रवार को अररूआ कला गांव में भारत के संविधान निमार्ता तथा भारत रत्न से सुशोभित डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम जबकि इसका नेतृत्व अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पासवान ने किया. इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया. इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, मुखिया रिनू देवी, सिकंदर पासवान, प्रखंड महामंत्री सन्नी गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन जायसवाल, बिजय यादव, टंटू मिश्रा,अंबुज सिंह ,पवन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मदन पासवान, बिरेन्द्र पाल, अजीत पासवान, गोपाल पासवान, नितेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में अंबेडकर जयंती पर किया माल्यार्पण, निकाला बाइक रैली

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में अम्बेडकर जयंती पर शहर के अम्बेडकर चौक पर स्थापित प्रतिमा पर विभिन्न दलों के कई राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक रैली निकाल कर उनके आदर्शों को अपनाकर आत्मसात करने पर बल दिया। शुक्रवार को जयंती पर भाजपा हुसैनाबाद इकाई द्वारा रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण कर संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। वहीं कई गणमान्य लोंगो ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्य रूप से पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, कर्नल संजय कुमार सिंह,नपं अध्यक्ष शशि कुमार,प्रमुख राजकुमारी देवी,नपं उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी,अजय गुप्ता,गुप्ता,अक्षय मेहता, बीरेंद्र राम,भीम दयाल रमन, रामप्रवेश राम, कलावती देवी, सुनील सिंह, रविरंजन चौधरी,रीना देवी, कन्हाई मेहता,श्रवण अग्रवाल समेत कई लोगों ने माल्यार्पण किया।

# पीएम आवास पूर्ण कराने को लेकर एसडीओ पहुंचे महुडंड

## लाभार्थियों को आवास योजना पूरा करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा करने के लिए स्थानीय पदाधिकारी लाभुको के घर पहुचकर पूर्ण कराने का निर्देश दे रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को एसडीओ कमलेश्वर नारायण सुदूरवर्ती महुदण्ड पंचायत पहुँचे। जहाँ लाभुको के अधूरे आवास की स्थिति का जायजा लिया। महुदण्ड पंचायत में लंबित आवासों की संख्या 72 है। उन्होंने सभी लाभुको को माह के अंत तक आवास पूरा करने का निर्देश दिया। वही बीडीओ रतन कुमार डंडिला पंचायत पहुँचे व कई गांवों में भ्रमण कर 50 लंबित आवास योजना के लाभुको को आवास पूर्ण करने का निर्देश दिये । जबकि अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम जमुआ पंचायत में अधूरे आवास के स्थिति की जानकारी लीये। जहां लंबित आवास की संख्या 67 है। वहीं पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक राजू रंजन कुमार, बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, मनरेगा सहायक अभियंता अमित मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अविनाश कुमार, आवास कॉर्डिनेटर अजय कुमार ने क्रमशः बडेपुर, बनियाडीह बराही, झारगड़ा,पथरा, उरद्वार मंजुरहा पंचायतों में जाकर लंबित आवास योजना की जानकारी लेते हुए शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया



# परीक्षा से वापसी में छात्र का टूटा पैर, सीएचसी ने किया रेफर



**विश्रामपुर।** पांडु हाई स्कूल से परीक्षा देकर ऑटो से अपने घर आने के क्रम में बंवाड़ी मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में एक छात्र का पैर टूट गई है। जो की पांडु थाना क्षेत्र के लेदुका गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। जिन्हे परिजनों ने सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने युवक के प्राथमिक उपचार के उपरांत उसके बेहतर इलाज हेतू जिला अस्पताल मेदिनिनगर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजू पांडु हाई स्कूल में आठवीं की परीक्षा देकर ऑटो से अपने घर लेदुका आ रहा था। तभी बंवाड़ी मोड़ पर अचानक सामने आ रही तेज रफ़्तार ट्रक के कारण ऑटो चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमे राजू का पैर टूट गया।

# महीने पहले से पुलिया निर्माण कार्य अधर में लटका

**ओपी प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक स्थित महीने पहले से पुलिया में काम चल रहा है फिर भी आज तक काम पुरा नही हुआ है जिससे लोगों का अवागमन बाधित हो रहा है। लाखों की लागत से बनने वाला ये पुलिया का निर्मित होना है। पुलिया की खुदाई कर छोड़ दिया गया है। इसके कारण इस गर्मी के दिनों में शहर वासियों सहित ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुल का निर्माण कार्य अधर में लटकने से लोगों में नाराजगी है। शहर वासियों व स्कूल जाने वाले बच्चों का कहना है कि बन रहे पुल का कार्य पिछले महीने से अधर में लटका है। पुल निर्माण बीच में ही छोड़ दिया गया है। ऐसे में गर्मी के मौसम में रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी उठानी पड़ती है। रास्ता अवरुद्ध होने से लोगों को काफी दूरी तयकर जाना पड़ता है। इस पुलिया को बीच में तोड़ फोड़ कर निर्माण कार्य बीच में बंद होने से लोहे के सरिए निकले पड़े हैं। पुलिया की चौड़ाई कम होने से हादसे की भी आशंका बनी रहती है। फिर भी इस पुलिया के निर्माण की ओर जिला प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। पुल का निर्माण न होने से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शहर वासियों ने विभाग से मांग की है कि पुल का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए।



# धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर की जयंती

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेदकर की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पांकी प्रखंड के अंबेडकर नवयुवक संघ, पांकी के तत्वावधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी की शुरूआत अंबेडकर चौक से शुरू हो पांकी बस्ती, कपूर्री चौक, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए पुनः अंबेडकर चौक पर समाप्ती हुयी। वहां पहुंचने के बाद सबसे पहले कमेटी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पांकी अंबेडकर चौक पर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेदकर की आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, पांकी थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, पांकी के पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद गुप्ता, पांकी पूर्वी के उप मुखिया आनारिक राम* सहित अंबेडकर नवयुवक संघ के सदस्यों के द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि आमजनों को बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेदकर के दिखाएं मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। श्री गुप्ता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का भारत के लोकतंत्र में योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर, कमेटी का अध्यक्ष निरंजन पासवान, उपाध्यक्ष चिंटू अंबेडकर, सचिव शुभम कुमार, उपसचिव उमेश रवि, कोषाध्यक्ष आर्य आजाद, व्यवस्थापक राजू पासवान, विधान चंद्र पासवान, राधिका भुंया, निरंजन प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बेची जा रही शराब

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित अंग्रेजी व देशी शराब कि दुकानों में भारी पैमाने पर अनियमितत्ता बरती जा रही है। वहीं विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाने पर दुकानदारों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। हुसैनाबाद में अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों में ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक रुपए लीये जाते हैं। आये दिन अधिक रुपये लेने पर ग्राहकों व दुकानदारों में नोक झोंक होती रहती है। एक ग्राहक ने बताया अंग्रेजी शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से क्वाटर पर 20 रुपए और हाफ पर 30 से 40 व फूल बोतल पर 60 से, 80 रुपये अधिक लीये जाते हैं। वहीं इस तरह की कालाबाजारी करने वालों को न तो प्रशासन ना ही उत्पाद विभाग का डर है। वहीं एक ग्राहक ने कहा कि उत्पाद विभाग व प्रशासन के लोग अवैध महुआ शराब धंधा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं। लेकिन सरकारी दुकानों में कोई कार्रवाई नहीं होती। झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग द्वारा यह निर्देश जारी है कि सभी दुकानों में रेट लिस्ट लगी रहनी चाहिए, जिसमें सभी ब्रांड की शराब का एमआरपी दर की सूची हो। लेकिन किसी भी दुकानों में रेट लिस्ट नहीं लगी है।

### बाबा साहब का जयंती मनी

**सतबरवा ।** बालिका उच्च विद्यालय पूर्व जिप सदस्य चिंता देवी के आवास पर संविधान निमार्ता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी की जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। बालिका उच्च विद्यालय में जिप सदस्य सुधा कुमारी ने जयंती मनाते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान के निमार्ता का जन्म हुआ था। इनका भारत संविधान निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा । जो कभी भुलाया नहीं जा सकता । कार्यक्रम की अध्यक्षता पोंची मुखिया गिरवर प्रसाद राम ने की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिप सदस्य सुधा कुमारी, पोंची मुखिया गिरवर प्रसाद राम, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंह,अजय उरांव ,मनोज कुमार भुईयां, अर्जुन राम आदि थे।

# पीएम आवास के लाभुकों को मिली चेतावनी

### आवास पूर्ण करें या सूद समेत जमा करें पैसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड कार्यालय से पूर्व में स्वीकृत सौ दोषी पीएम आवास के लाभुकों की सूची तैयार की गई है। बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि पूर्व के लाभुकों के आवास नहीं बना पाने या उन्हें राशि वापस नहीं लौटाने के कारण नये आवास की स्वीकृति असंभव है। उन्होंने बताया कि इन दोषी लाभुकों के कारण नये लाभुकों के आवास की सूची नहीं बन पा रही है और न ही इनके हित में नयी राशि का आवंटन हो पा रहा है। इसे लेकर उन्होंने तीन दिन पूर्व सैकड़ों दोषी आवास के लाभुकों को सूचित कर बताया है कि 15 अप्रैल को दोपहर तक अपने अधूरे आवास का निर्माण हर हाल में पूरा करना होगा। वहीं आवंटित राशि को 12 प्रतिशत सूद के साथ प्रखंड कार्यालय के नाजिर के पास जमा कर पावती रसीद लेनी होगी। उन्होंने कहा कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर 15 अप्रैल को दोपहर तक प्रतीक्षा करने के बाद उनके विरुद्ध लोक मांग वसूली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने दोषी लाभुकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि आवास नहीं बनाने या सूद समेत पैसा नहीं जमा करने पर जेल भी जाना पड़ सकता है।

### एनसीपी नेताओं और कार्यकताओं ने मनाया डॉ अम्बेडकर की 132वीं जयंती

**हरिहरगंज।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के तत्त्वाधान में शुक्रवार को ब्लॉक समीप स्थित आवास पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गयी। इस दौरान डॉ अम्बेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, प्रखण्ड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह , भोला सिंह , हरेंद्र सिंह , मदन सिंह , प्रभु सिंह , सिकंदर कुमार , लखन सिंह , पंकज कुमार सिंह के अलावा शिक्षक सुरेश कुमार सिंह के साथ ही सेवा निवृत शिक्षक मृत्युंजय सिंह आदि ने पुष्प अर्पित कर डॉ अम्बेडकर को श्रद्धांजली दी।

### उपाध्याय को भाजपा सदस्यों ने माला पहनाकर किया स्वागत

**विश्रामपुर।** स्वच्छ भारत अभियान, भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश प्रांतीय सह संयोजक मनोनीत किए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रविंद्र नाथ उपाध्याय को ढेर सारी बधाई देते हुए उन्हे माला पहना कर स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉक्टर चंद्रवंशी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर लागू किया गया था। इस अभियान से स्वच्छ भारत बनाने का सपना जो महात्मा गांधी का था वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र भ. मोदी धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे अभिभावक स्वरूप रविंद्र नाथ उपाध्याय को स्वच्छ भारत अभियान भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का प्रांतीय सह संयोजक बनने से हमारे जिले एवं विधानसभा के युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी।

# रेहला में धूम धाम से मनी डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला,बिश्रामपुर, भालुआनी व बीमोड़ में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती बड़ी ही धूम धाम से मनाई गई। उसी कड़ी में रेहला संत पॉल कान्वेंट स्कूल में शिक्षक संजय तिवारी कि अध्यक्षता में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सह निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बारी बारी से डॉक्टर अम्बेडकर कि तस्वीर पर माल्यार्पण व द्वीप प्रजवलित कर उन्हे नमन किया।साथ ही बच्चों ने संविधान रचयिता डॉक्टर अम्बेडकर के तस्वीर के समक्ष केक काट कर उनकी 132जयंती मनाई। निदेशक साइमन एस्ले ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि बाबा भीमराव हमारे देश के संविधान रचयिता हैं। जिनकी आज 132 वी जयंती मनाई जा रही हैं।बाबा साहेब को दलित परिवार के वजह से उस समय बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ा। उस विकट परिस्थिति में उच्च शिक्षा ग्रहण कर वोआगे बढ़े। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनकी जीवनी से हम लोग को बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। मौके पर प्राचार्या मोनिका एक्का,नूतन आशा कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, सत्यम सिंह, अक्षय कुमार, अमित पात्रा, हरप्रिया नायक, जोस्मिता लकड़ा, ऊषा बरवा,वेद दूबे, मनीष तिर्की, फिलिसिया टिर्की,पूनम खेस सहित सभी छात्र छात्राओं कि मौजूदगी रही।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला में सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन रेहला में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। दिनांक 14 अप्रैल 2023 से 20 अप्रैल 2023 तक कारखाना के मुख्य अग्निशमन केंद्र स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कारखाना प्रमुख श्री अशोक कुमार गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख श्री अजीत तिवारी, वित्त विभाग के प्रमुख श्री शिवम पाठक एवम टेक्निकल प्रमुख श्री हरदीप कोहली ने दीप प्रज्वलित कर किया। कारखाना प्रमुख ने 14 अप्रैल 1944 को मुंबई डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्नि कर्मचारियों को याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किया तत्पश्चात अग्निकांड में मारे गए 71 अग्निकर्मचारियों की याद में उपस्थित अधिकारियों एवम कर्मचारियों के द्वारा एक मिनट का मौन रखा गया। श्री अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अग्नि से सुरक्षा और सतर्कता मानव के लिए बहुत जरूरी है। इससे बचाओ के लिए समय समय पे जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। श्री अजीत तिवारी ने बताया कि हमारी संस्थान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होने बताया की अपने आस पास के गांव शहर में भी आग की सूचना मिलने पे अपना अग्निशमन दस्ता उपलब्ध कराते है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (ग.श.) विभाग के लिए खुली निविदायें**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ ग.श.) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–01–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए गढ़वा रोड, डाल्टनगंज और गढ़वा में "ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, अग्रभाग में सुधार और एंट्रेंस पोर्च प्रावधान & उन्नयन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों से संबंधित वैद्युतिक कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,61,43,134.28, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,30,700.00

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–02–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए गोमो, पारसनाथ & कतरासगढ़ में "ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, अग्रभाग में सुधार और एंट्रेंस पोर्च प्रावधान & उन्नयन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों से संबंधित वैद्युतिक कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,60,92,213.28, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,30,500.00

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–03–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए लातेहार, बरकाकाना & चन्द्रपुरा "ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, अग्रभाग में सुधार और एंट्रेंस पोर्च प्रावधान & उन्नयन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों से संबंधित वैद्युतिक कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,41,92,553.35, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,21,000.00

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–04–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए पहारपुर, कोडरमा & हजारीबाग "ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, अग्रभाग में सुधार और एंट्रेंस पोर्च प्रावधान & उन्नयन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों से संबंधित वैद्युतिक कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,61,31,655.63, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,30,700.00

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–05–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के लिए चोपन, रेनुकूट & नगरउंटारी में "ट्रैफिक सर्कुलेशन में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, अग्रभाग में सुधार और एंट्रेंस पोर्च प्रावधान & उन्नयन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम कार्यों से संबंधित वैद्युतिक कार्य। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,61,48,710.80, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,30,800.00

**ई–निविदा सं.: ईएल–जीएस–06–खुली–2023–24**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधिः** धनबाद मंडल में अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए जाने वाले विभिन्न स्टेशनों पर एलईडी साइनेज और स्टेशन के नाम बोर्ड का प्रावधान। **(कार्य समापन अवधिः नौ महीना), कार्य के लिए प्राक्कलित राशिः** रु. 1,84,28,463.31, **बिड सिक्युरिटीः** रु. 2,42,200.00

ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 03.05.2023 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 03.05.2023 को 11:30 बजे।

**वेबसाइट का विवरणः** वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (विद्युत/ग.श.)/पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**
पीआर/00085/डीएचएन/डीएचएनजीएस/टी/23–24/92


शुभारंभ

## स्केटिंग जॉन का 10 दिनों के अंदर उद्घाटन करने की घोषणा

# अत्याधुनिक गांधी उद्यान का जल्द शुभारंभ : महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने गांधी उद्यान में शुक्रवार को निगम द्वारा निर्मित भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन जिसका नामकरण वैभव सिंघानिया स्केटिंग जॉन रखा गया है का 10 दिनों के अंदर उद्घाटन करने की घोषणा करते हुए स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हिमाचल जा रहे मेदिनीनगर के बच्चों को शुभकामना देकर विदा की। महापौर ने कहा वर्षो से हमारे शहर में ना कोई खेलकूद का मैदान था ना कोई पार्क और इसी का नतीजा रहा की शहर का एक होनहार बच्चा वैभव सिंघानिया अपने भाई के साथ कचहरी चौक पर स्केटिंग करते करते दुर्घटना का शिकार हो गया। तभी मैंने निर्णय लिया कि बच्चों के लिए एक शानदार पार्क बनवाऊगीं। जिसमें एक भारतीय स्तर का स्केटिंग जॉन भी होगा जहां छोटे-छोटे बच्चे बेधड़क स्केटिंग कर सकते हैं। उसका नामकरण वैभव सिंघानिया की याद में रखा जाएगा । महापौर ने बताया जल्द 20 तारीख के आसपास इस उद्यान को हमारे शहर के बच्चों को सुपुर्द किया जाएगा। महापौर ने गांधी उद्यान के बारे में बताते हुए कहा- इस उद्यान में जहां बड़ों के लिए वाकिंग ट्रैक, बुजुर्गों को बैठने के लिए रंग-बिरंगे शेड और योगा स्थल बनाए गए हैं, वही बच्चों के लिए टॉय ट्रेन, मल्टी प्ले स्टेशन, कॉकपिट, झूले, तरह-तरह के शी शा, जिराफ और कई तरह के आकर्षक गेम्स लगाए जा रहे हैं । महापौर ने बताया इस मैदान में एक 500 लोगों का स्टेज एवं लाइट युक्त मैदान का भी निर्माण कराया गया है। जहां शनिवार, रविवार या छुट्टी के दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा लाइव म्यूजिकल शो भी शाम को 5:00 से 9:00 तक होगा। जहां छोटे-छोटे बच्चे ट्रैक पर आकर गाना गा सकते, डांस परफॉर्म कर सकते और नाटक का भी आनंद ले सकते हैं। महापौर ने कहा- इस गांधी उद्यान में जहां फूल पत्ती और अमेरिकन ग्रास लगाई गई हैं।वही मछली घर भी बनाया जा रहा है। महापौर ने बताया- निगम बोर्ड ने इस उद्यान में जाने के लिए प्रवेश शुल्क 10 साल के बच्चों तक निःशुल्क रखा है। वही 10 साल से ऊपर के लिए 10रू टिकट दर निर्धारित किया है जिससे इस मैदान का रखरखाव किया जाएगा।



# एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने परेशान महिला को उपलब्ध कराया खून



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खून की कमी से जूझ रही महिला को पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के पहल पर खून की व्यवस्था की गई है। विदित हो कि उक्त महिला रामगढ़ थाना के कुण्डपानी की बिजुलपति मिंज है। जिसका हीमोग्लोबिन 2.4 था। परिजनों ने पलामू पुलिस अधीक्षक को फोन कर ब्लड की कमी व अनुपलब्धता के बारे में जानकारी दी। एक यूनिट परिजनों ने किसी तरह ब्लड का व्यवस्था किया था। परंतु और व्यवस्था नही कर पाने पर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक पलामू से गुहार लगाया। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक पलामू ने रक्त वीरों के माध्यम से उक्त महिला को तत्काल एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराया। ब्लड उपलब्ध होते ही परिजनों में खुशी जाहिर की। परिजनों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने गरीब की बातों पर संज्ञान लिया व तत्काल खून की समस्या से निजात दिलाया।वही इस नेक काम के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ सन्तोष कुमार पाण्डेय ने पलामू एसपी चन्दन कुमार सिन्हा को महिला को खून उपलब्ध कराने पर धन्यवाद दिया है। संतोष कुमार ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को पलामू एसपी चंदन सिन्हा को जानकारी दी और फोन पर अनुरोध कर कहा की एक गरीब महिला को 1 मिनट खून की अति आवश्यकता है। तो एसपी पलामू ने तत्काल पहल कर रक्तबीर के माध्यम से खून उपलब्ध कराया।

## NEWS इन ब्रीफ

### धर्मप्रांत के लिए बुलाहट शिविर का समापन

**मेदिनीनगर।** 12 अप्रेल से 14 अप्रेल तक डालटनगंज धर्मप्रांत के लिए पुरोहित बन कर जो युवा कार्य करना चाहते हैं उनके लिए बुलहट शिविर का आयोजन किया गया था। इस मौके पर शिविर की शुरवात बिशप थियोडोर ने मिस्सा पूजा से की जिसमे 22 युवा भाग लिए। बिशप थियोडोर ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु येसु जो लोगों में प्यार बाटने और सेवा करने के लिए दुनिया में आए पर लोगों ने उन्हें क्रूस दिया। पर येसु मृतकों में से जी उठे हैं उन्होने मृत्यु पर विजय प्राप्त की है । आप जो येसु का अनुकरण सेवा और लोगों को प्यार दे कर करना चाहते है तो आपको नम्र और ईमानदार बनना होगा। इस मौके पर उपास्थित बिशप सेक्रेटरी फादर प्रदीप बखला ने युवाओं को अपने जीवन के महत्व के लक्ष्य के बारे में अवगत कराया। बिशप थियोडोर के साथ फा अरविन्द मुंडा फा. अमित खाखा, फा. सुमन और धर्मबहने उपस्थित रहे।

### विकास का आईना होती हैं सड़कः कौशल

**छतरपुर ।** अनुमंडल के हुटुगदाग पंचायत के ईटकदाग के पूवार्रा टोले पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भूमिपूजन कर सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सड़क विकास का आईना होता है। सड़क बनने से गांव टोला का सामाजिक प्रदूषण भी दूर होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक कई गांव और टोले तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं बन पाई है। पर्यावरणविद ने कहा कि अभीतक वे अपनी निजी लागत से इसके पहले क्षेत्र में 28 किलोमीटर सड़क निर्माण कराकर उन गांव टोले तक जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। दो किलोमीटर सड़क बनने से उक्त टोले पर पहुंचने का रास्ता आसान हो गया। उन्होंने कहा कि अभीतक जिस गांव टोले तक सड़क और बिजली नहीं पहुंच पाई है वहां के लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव के बीमार और लाचार लोगों को मुख्यपथ तक लाने के लिए भारी मशक्कत करना पड़ता है।

### बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनी

**मेदिनीनगर।** बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती आजसू पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संतन मेहता के नेतृत्व में अनुसूचित जाति छात्रावास रेडमा मे मनायी गयी। बाबा अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया व मौन रख कर श्रध्दांजलि दी गई। जोशपूर्ण नारे लगा कर बाबा साहब को याद किया गया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि आज देश की गरीब शोषित उत्पीडित जनता को बाबा साहब ने आवाज दी है।

### वरदान ट्रस्ट ने किया कई सामग्रियों का वितरण

**मेदिनीनगर।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जाने माने रंगकर्मी मुकेश विश्वकर्मा और वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा और गुड्डू मधेशिया ने मिलकर स्थानीय सेवा सदन रोड की दलित बस्ती और भट्ठी मुहल्ला की जरूरतमंद महिलाओं के बीच सेनेटरी नैपकिन, बिब, एंटिबायोटिक दवाएं, मास्क,और इम्यूनिटी बूस्टर पावडर का वितरण किया। साथ ही सभी महिलाओं को स्वच्छता बरतने, भोजन में साफ सफाई रखने, और बिना ढंका भोजन एवं बासी भोजन न करने की सलाह दी। बढ़ती हुई गर्मी के मद्देनजर धूप से बचाव, एहतियात बरतने एवं ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की बातें बताई गईं।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के किरण ने किया पनशाला का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** शहर के सदीक मंजिल चौक स्थित बस स्टैंड में पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोजपुर हाउस के ठाकुर किरण सिंह ने पनसाला का उद्घाटन किया गया। पनसाला का उद्घघाटन पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष सदीक मंजिल चौक बस स्टैंड के पास पनसाला का उद्घाटन किया जाता है,ताकि इस भीषण गर्मी में बस चालक सहित राहगीरों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े। उन्होंने कहा कि इस पनसाला का देखरेख भोजपुर बस के मालिक उत्सव किरण करेंगे, इनके द्वारा प्रतिदिन पनसाल्ला में पानी भरवा दिया जायेगा। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि सभी समर्थ लोगों को इसके लिए पहल करनी चाहिए। कहा कि गर्मी का प्रकोप इन दिनों बढ़ गया है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा पनशाला का उद्घाटन सराहनीय पहल है। मौके पर ट्रैफिक एएसआई जगमोहन बांद्रा,ट्रैफिक मुंशी संतोष कुमार गुप्ता, सहायक पुलिस के जवान अमित कुमार, शीतल कुमार, कुणाल दुबे, धर्मेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार, अंतेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# पलामू में सत्तू, गुड़ खाकर मनाया गया सतुआन

## सूर्य का राशि परिवर्तन, सभी मांगलिक कार्य शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित जिले के विभिन्न अंचल में पारंपरिक त्योहार सतुआन शुक्रवार को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। सूर्य के मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करने पर यह पर्व मनाया जाता है। यह त्यौहार मुख्यतः बिहार अंचल के लोग मनाते हैं पर झारखंड सहित पूरे जिले में भी सतुआन मनाया जाता है। कारण है कि यहां भी बिहार अंचल के लोग रहते हैं। सतुआन के अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने स्नान दान किया और सत्तू, गुड़ का भोग लगाकर उसका सेवन किया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-पाठ भी किया। सुबह लोगों ने स्थानीय कोयल नदी में स्नान किया और देव देवी मंदिरों में जौ का सत्तू, गुड़ एवं आम का टिकोरा चढ़ाया। इन्हीं सामग्रियों का दान किया और पूजा पाठ के बाद घरों में सत्तू का सेवन किया। पंडित ओम पाठक के मुताबिक शुक्रवार को सूर्य ने मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश किया। मेष संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की भी अराधना की। पर्व में सत्तू व आम-पुदीना की चटनी खाने का विधान है। उन्होंने बताया कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश कर जाने के बाद खरमास समाप्त हो गया और शुक्रवार से ही सभी तरह के मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे।



### गर्मी में शरीर की तपिश दूर करता है सत्तू



इस पर्व पर सत्तू का सेवन करने का वैज्ञानिक कारण भी है। गर्मी के दिनों में सूर्य की तपिश से शरीर का पित्त कुपित हो जाता है। इससे निजात पाने के लिए आम के टिकोरे की चटनी सत्तू के साथ सेवन करने से धूप का असर कम होता है। इसी क्रम में लोग आम का पना भी पीकर भी सूर्य की गरमी से होने वाले दुष्प्रभाव को दूर करते हैं। पर्व को लेकर दुकानों में सत्तू की अच्छी बिक्री देखने को मिली। वही,बुजुर्गों के अनुसार सत्तू को लेकर कई कहावतें कही जाती है। स्थानीय 80 वर्षीय जगनारायण साव ने बताया कि 'सतुआ के चार यार - चोखा, चटनी, प्याज, अचार।' वही,एक दूसरी कहावत है, 'आम के चटनी, प्याज, अचार। सतुआ खाईं पलथी मार।' चटनी अगर मौसम के नए टिकोरे की हो तो सत्तू के स्वाद में चार चांद लग जाते हैं।

### 130 रुपये किलो बिका चने का सत्तू

मेष संक्रांति को सतुआन के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन स्नान के बाद श्रद्धालु प्रसाद में सत्तू का सेवन करते हैं। स्थानीय बनारसी सत्तू दुकान में सत्तू 130 रुपये किलो बिका। जबकि सत्तू के अन्य प्रकार में सौ रुपये भी रहा। वही आम टिकोरा का मूल्य 5 से 10 रुपये पीस रहा। जबकि गुड़ की कीमत 45 से 50 रुपये प्रति किलो रही। बाजारों में लोगो की भीड़ भी रही। वही दान करने के लिये लिये जाने वाले घड़े की कीमतों में अधिक वृद्धि रही। छोटे घड़े की कीमत 40 से 60 रुपये के बीच रही ,जबकी बड़े घड़े की कीमत 150 से 200 के बीच रही। वहीं सुराही की कीमत 70 से 80 के बीच रही।

# भू-माफियाओं की मिलीभगत से उजड़ा गरीबों का घर : रुचिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकूह कला में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने किया। इससे पहले भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सरकारी चैक डैम एवं गरीबों के गिराए गए घर का निरीक्षण किया। सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज से पहले 1 जुलाई 1989 में आम सभा किया गया था और जमींदारों से हदबंदी से फाजिल भूमि को छिनकर गरीबों में बांटने का काम किया और आज फिर वही पूर्व जमींदार परिवार गरीबों दलितों के जोत कोढ़ की भूमि पर मांईस लगाने का काम कर रहा है उसके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। राज्य कार्यकारिणी सदस्य के डी सिंह ने कहा कि भाजपा के रघुवर सरकार की तरह ही हेमंत सरकार जल जंगल जमीन को पत्थर माफिया,भू माफिया एवं पूर्व जमींदार परिवार को गरीबों दलितों की जोत कोढ़ की जमीन को पुलिस प्रशासन से लुटवाने और कब्जा करने के लिए खुल्ला छुट दे दिया है। जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल में पत्थर माफिआओं का प्रशासनिक गठजोड़ से गरीबों के घर मकान को उजाड़ा जा रहा है ऐसे परिस्थिति में आम जनता को आज गुंडा से ज्यादा पुलिस प्रशासन से डर लग रहा है नौडीहा बाजार थाना प्रभारी ने जिसका घर गिराया गया उस पीड़ित परिवार पर भी झूठा मुकदमा किया गया है पलामू उपायुक्त इसपर अमल करे ताकि आम जनता पर कानून का विश्वास बना रहे।आज पलामू जिला में बिहार और उत्तर प्रदेश के बाबु लोग नौडीहा बाजार में पत्थर, पहाड़ ,जंगल,नदी गरीबो के जमीन पर अवैध रूप से मांइस लगाकर उनको उजाड़ने में लगे हुए हैं जिसके खिलाफ आंदोलन की आवश्यकता है। गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने वाले पत्थर माफिया को जेल में भी भेजें पलामू आरक्षी अधीक्षक एवं पलामू उपायुक्त अवैध रूप से दिया गया मांईस को रद्द करे।सभा को कृष्ण मुरारी दुबे, उमेश सिंह चेरो, अश्विनी कुमार त्रिपाठी, श्रद्धानंद तिवारी, पवित्र नाथ पांडे, अलखदेव राम,लखन राम ने संबोधित किया सभा में बिनोद भूइंया, कामेश्वर सिंह, कमलेश यादव, अनिल विश्वकर्मा, कईल भूइंया, दशरथ कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, राजु बैठा,राजदेव यादव, भगत यादव, लाला यादव, संतोष विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, नथूनी विश्वकर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### मसीहा थें भीमराव अम्बेदकर : मीना देवी

चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा अम्बेदकर चौक पर पंचायत के मुखिया श्रीमती मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया जी के नेतृत्व में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर जी की जयंती मनाई गयी। मुखिया मीना देवी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया ने अम्बेदकर जी के प्रतिमा समक्ष पूजा अर्चना कर पुष्प माला अर्पित किया तथा डॉक्टर अम्बेदकर जी के चरणों में सादर प्रणाम किया, साथ ही गणमान्य लोग भी पुष्प अर्पित किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया मीना देवी ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर जी निर्बल का मसीहा थे। उन्होंने शोषित, पीड़ित, वंचित तथा दलितोंद्वार में जीवन का सारा सफर लगा दिया।वे विषम परिस्थिति में भी एक मसीहा के रूप में समाज के सामने अवत्तीर्ण हुए थे?। उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए और मानवोद्वार के लिए 66 वर्ष के जीवन में अद्भुत कार्य किया जो अविस्मरणीय है।

# माओवादियों का झारखंड बंद पलामू में बेअसर , पुलिस अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का पलामू प्रमंडल के इलाके में असर नहीं देखा गया। एक लंबे अरसे के बाद माओवादियों ने दो दिवसीय 14 और 15 अप्रैल को बंद की घोषणा की है। चतरा के लावालौंग में हुई मुठभेड़ की घटना के विरोध में माओवादियों ने बंद बुलाया है। मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप पांच कमांडर मारे गए थे। माओवादियों ने बिहार के गया जिले के इमामगंज और रौशनगंज के इलाके में पोस्टर चिपका कर बंद की घोषणा की थी। माओवादियों के बंद का पलामू में कोई असर नहीं देखा गया। ग्रामीण और शहरी इलाके के बाजार सामान्य तरीके से खुले रहे। नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर वाहनों का परिचालन सामान्य रहा। रांची जाने वाली कुछ यात्री बसों और अन्य इलाके में जाने वाली कुछ यात्री बसों का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। माओवादियों के बंद को लेकर पुलिस ने हाई अलर्ट जारी किया है। रेलवे और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। वहीं कई इलाकों में अतिरिक्त बल की भी तैनाती की गई थी। इस संबंध में पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि माओवादियों के बंद को लेकर सभी इलाकों में पुलिस हाई अलर्ट पर है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी का पालन सभी इलाकों में किया जा रहा है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है और नक्सल गतिविधि के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

### भाजपा नगर मंडल व ग्रामीण मंडल सदर की संयुक्त बैठक

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न डॉ० भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। सबसे पहले कार्यकताओं एवं नेताओं ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने संविधान निमार्ता श्रद्धेय भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने समय की समस्याओं, सामाजिक कुरीतियां जैसे छुआछूत, ऊंच-नीच की भावना, जो देश को कमजोर कर रही थी, उसे समाप्त करने के लिए भारतीय संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त करने का प्रयास किया। भीमराव की भावना के अनुरूप भाजपा संगठनात्मक संरचना में समाज के सभी वर्गों को समान रूप से प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करती है।

**समारोह**

## पलामू ने याद किया बाबा भीम राव अम्बेडकर को

# विभिन्न जगहों पर में मनी बाबा साहब की 132वीं जयंती

### बाबा साहब ने भारतीय संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय अंबेडकर पार्क में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगर इकाई के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने किया एवं इसका संचालन नगर सहमंत्री अभिषेक रवी ने किया। मौके पर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रोहित देव,आनंद पांडे,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता, जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक,नगर सह मंत्री अभिषेक रवि,राहूल कूमार चेरो, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। **वहीं** संत मरियम स्कूल के सभी शाखाओं में शुक्रवार को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई । स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत किया गया । उपस्थित छात्र और शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को इनके अथक संघर्ष, दृढ़ निश्चय और दूरदृष्टि से प्रेरणा लेनी चाहिए । जब हमारा समाज कुछ चंद लोगों के चंगुल में कैद था, वैसे विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के निचले तबकों के संपूर्ण स्वतंत्रता हेतु बाबा साहब ने अथक संघर्ष किया परिणाम स्वरूप आज भारतवर्ष में निम्न तबके के लोग भी अपनी आवाज को बुलंदी के साथ बोल पाते हैं। **ऐसे में** छतरपुर प्रखंड के खोढी. पंचायत स्थित रविदास नगर मे संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के उपलक्ष पर छतरपुर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष पूरन यादव, रघु यादव ,कमलेश राम तथा बाबा भीम राव के अनुवायियों ने खोढी. से बाबा भीमराव अंबेडकर के तस्वीर व झंडा बैनर के साथ मोटरसाइकिल रैली ईटको बिश्रामपुर मोड़ तक गया जहां जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक बाबा तेरा नाम रहेगा, जय जय जय भीम, जय भीम आदि नारों के साथ प्रखंड मुख्यालय गुंजमान रहा।



**वहीं** आश्रम आवासीय विद्यालय,रेड़मा में सामाजिक समरसता , पलामू द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया,जिसमें राजेश जायसवाल, समाजिक समरसता जिला संयोजक, पलामू,तथा कृष्णनंदन शर्मा ,नगर संयोजक ने बाबासाहेब आंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला तथा बताया कि अभाव में भी जीवन में उच्च शिखर पर पहुंचा जा सकता है , जयंती पर विशेष यह बताया की बाबा साहब का जीवन प्रेरणादायक थें। **ऐसे में** शहर के चियांकी स्थित एम.के.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में भारतीय संविधान के जनक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. एन.खान ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलन एव पुष्पारचन कर किया। उनके साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान निर्माण में महती भूमिका निभाई , जिससे आज देश को शासन प्रशासन में सुविधा हो रही है । बाबा साहब ने अपने समय की समस्याओं एवं कुरीतियों को गहराई से अनुभव किया और अवसर मिलने पर उन्हें दूर करने का भी प्रयास किया। समाज में व्याप्त छुआ-छूत, ऊंच-नीच की भावना देश को कमजोर कर रही थी, जिसे समाप्त करने हेतु बाबा साहब ने संविधान का मार्ग अपनाकर देश को सशक्त बनाया।

### श्री राम सेना ने बाबा साहब को किया याद

**मेदिनीनगर।** बाबा साहब डॉ भीमराम अंबेडकर के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में श्रीराम सेना के तत्वाधान में अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं संगोष्ठी की गयी। बाबा साहब के सामाजिक समरसता के विचारों पर चर्चा की गयी । इस मौके पर भारत के संविधान निमार्ता एवं नए भारत के प्रवर्तक बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के समरसता के सिद्धांतों के बारे मे राज्य प्रमुख पंकज कुमार जायसवाल ने बताया और उनके बताये सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर उप राज्य प्रमुख मंटू कुमार,कार्यसमिति सदस्य चिंटू गुप्ता, बिट्टू कुमार, आकाश कुमार,प्रदेश सचिव सोनू जायसवाल, उप राज्य प्रमुख पंकज प्रसाद, अभिषेक राज, विनय कश्यप, संदीप गुप्ता, हरिओम ,पप्पू लाठ,विकास कुमार, एवं अन्य रामभक्त उपस्थित थे । सभी ने एक स्वर में संविधान निमार्ता भीम राव अंबेडकर अमर रहें के नारों से समापन किया।

# खरौंधी में मनाई गई आंबेडकर की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**

खरौंधी प्रखंड मुख्यालय सहित शुक्रवार को सभी पंचायतों में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। झामुमो कार्यालय में जिलापरिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। वहीं खरौंधी में मूलनिवासी संघ के लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कई कार्यक्रम किए। भाजपा नेताओं ने आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन भाजपा मंडल कार्यालय पर किया। जिला परिषद सदस्य सह झामुमो जिला सचिव धर्मराज पासवान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। बाबा साहेब के नाम से दुनिया भर में लोकप्रिय डॉ. आंबेडकर समाज सुधारक, राजनेता, महामनीषी, क्रांतिकारी योद्धा, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्ति होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघर्ष एवं कष्टों की आग में तपकर उन्होंने न केवल स्वयं का विकास किया, वरन भारत के समग्र विकास का वातावरण निर्मित किया। वे नई मानव सभ्यता व संस्कृति के प्रेरक एवं पोषक थे। वे हमारे युग के महानतम नायक थे। उनके क्रियाकलापों में



किंचित मात्र भी स्वार्थ नहीं था। हम सबों को उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बसंत कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, विकास कुमार सिंह, सुनिल द्विवेदी, इग्नासुस बाड़ा, कृष्णा यादव, सुनील रौशन, बबली बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जय भीम जागरूकता क्लब ने निकाली प्रभातफेरी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड की नरही पंचायत अंतर्गत सिंहपुर ग्राम में शुक्रवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर जय भीम जन जागरूकता क्लब के तत्वावधान में बाजे गाजे के साथ भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया गया।

प्रभातफेरी कार्यक्रम स्थल से निकलकर मर्चवार, सिंहपुर, जासा, सलसलादी गांव के विभिन्न टोलों का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सम्पन्न हो गई। इस मौके पर जय भीम जन जागरूकता क्लब के अध्यक्ष नितेश कुमार, पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर, उप मुखिया शारदा पासवान, क्लब के सचिव सुदामा राम, पूर्व वार्ड सदस्य नागेन्द्र राम, महेन्द्र




राम, नन्दू राम, सत्येन्द्र कुमार ठाकुर, सोनू पासवान, अंदेश पासवान, अखिलेश कुमार, विनय कुमार, अरुण कुमार, नंदू राम, राजेश पासवान,चन्दन पासवान, कामेश्वर राम, बचनु राम, परशु राम, उमेश राम, राकेश राम, रानी कुमारी, सुषमा कुमारी, तारा देवी, अंजली कुमारी, रीता देवी, मालती देवी, शीतल कुमारी, काजल कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## भाजपा नेताओं ने मनाई आंबेडकर को किया याद

संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने बाबा बंशीधर मंदिर परिसर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां बांटी। मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, सुधीर प्रजापति, लाला पासवान, संजय कसेरा, लक्ष्मण राम, अभिषेक राम, अविनाश कुमार, भरत राम, शिक्षक राजनाथ राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### 40 किलोग्राम महुवा शराब को किया नष्ट



**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पंचायत के रेलवे कॉलोनी से महुवा शराब बनाने के उपकरण व 40किलो महुवा जावा को नष्ट किया, जबकि घर के सदस्य मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस बिषय में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से बनाये जा रहे महुवा शराब के खिलाफ आगे भी करवाई जारी रहेगी।लोग निर्भीक होकर अवैध शराब बनाने वालों की खबर पुलिस को दे वैसे लोंगो के ऊपर अविलम्ब करवाई की जाएगी। छापामारी दल में एसआई सहदेव साह और पुलिस जवान थे।

### आमजनों के लिए पनशाला का उद्घाटन



**लातेहार।** भीषण गर्मी को देखते हुए आम जनों के लिए थाना परिसर में शुक्रवार को पनशाला का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक जाहिद अंसारी के द्वारा आम जनों को गुड़ खिलाकर एवं पानी पिलाकर किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना में दूरदराज से आने वाले आमजनों की सुविधा के लिए पनशाला की व्यवस्था की गई है, ताकि गर्मी में पीने के पानी के लिए उन्हें भटकना न पड़े। इस अवसर पर एएसआई योगेन्द्र उरांव, मुन्ना चौधरी, नीरज पांडे, चौकीदार अनिल कुमार, जगदीश पासवान, संजय प्रसाद सहित कई लोग थे।

## आंबेडकर जयंती पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# संविधान का अनुसरण कर देश व समाज को आगे बढ़ाएं : मंत्री

**ावीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मंत्री ने उन्हें नमन किया। इसके बद शहर के सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। साथ ही अंबेडकर जयंती के मौके पर जिलेभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान का अनुसरण करते हुए हम देश और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

इस दौरान मंत्री ठाकुर ने न्यू अंबेडकर युवा क्लब सेमरदोहरी लगमा, निमिया स्थान लगमा, मेराल के लोवादाग में समाज सुरक्षा संघ द्वारा आयोजित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना समारोह, गढ़वा प्रखंड के तिवारी मरहटिया के हरिजन टोला में



आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह, रैदास नगर टंडवा, गड़किया टोला हूर, बेलचंपा, पिपरा, आदर्श नगर सुखबाना, महुलिया आदि गांवों में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में भाग लिया। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही लोवादाग कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मंत्री ने हाल-चाल लिया एवं समस्या सुनते ही उन्होंने निष्पादन के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया। सहिजना मोड़ पर माल्यार्पण कार्यक्रम में डीसी शेखर जमुआर, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सीओ मयंक भूषण, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी सहित झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, धर्मराज राम, फुजैल अहमद, अनिता दत्त, आशुतोष पांडेय, विकास सिंह कुशवाहा, दिलीप गुप्ता, अजय गुप्ता आदि काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब के बदौलत ही आज देश के प्रत्येक नागरिक को समानता के साथ जीने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता हमेशा अक्षुण्ण रहे। संविधान से छेड़छाड़ और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों से डटकर मुकाबला करने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि संविधान के निमार्ता, दलितों के मसीहा और मानवाधिकार आंदोलन के प्रकांड विद्वता बाबा साहेब डॉ भीमाराव अंबेडकर की जयंती पर उनके द्वारा जनकल्याण के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद किया जाता है। बाबा साहेब निचले तबके से तालुक रखते थे। वे बचपन से ही समाजिक भेदभाव का शिकार हुए। यही वजह थी कि समाज सुधारक बाबा भीमराव अंबेडकर ने जीवन भर कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए लंबा संघर्ष किया। महिलाओं को सशक्त बनाया। बाबा साहब का बचपन काफी संघर्षभरा था, लेकिन उन्होंने हर परिस्थिति का डटकर सामना किया और अपनी शिक्षा को पूरा किया। ये बाबा साहब की काबिलियत ही थी कि उन्होंने 32 डिग्रियां हासिल की। इतना ही नहीं, डॉक्टरेट की डिग्री उन्होंने विदेश से ली। इसके बाद दलितों के उत्थान के लिए काम करना शुरू किया। मंत्री ने कहा कि बाबा साहब के कई अनमोल वचन हैं जिससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए।

## आंबेडकर जयंती पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**भवनाथपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी के विशाल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता आरती महेश्वरी और अनूप कुमार चतुर्वेदी थे। किशोर खंड तथा शिशु खंड में प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, बाबासाहेब का चित्र बनाने की प्रतियोगिता कराई गई। जयंती समारोह में आचार्य राम इकबाल शर्मा, समीर कुमार साहू, योगेंद्र प्रसाद यादव, रूप लता कुमारी, विभा पांडे आदि मौजूद थे। शिशु वाटिका में वाटिका प्रमुख रितु, सुनीता शुक्ला, काजल कुमारी, स्नेहा तिवारी आदि मौजूद थे।

**प्रखंड क्षेत्रों में धूम धाम से मना अंबेडकर की जयंतीः डंडाई।** प्रखंड क्षेत्रों में शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनकी प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लिया। निदेशक सुमंत लाल की देखरेख में प्रभातफेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर देवी धाम, पुरानी बाजार होते मुख्य बाजार आंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंची।



# बाबा साहेब के दिखाए गए रास्ते पर चलने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

रविदास समाज कल्याण संघ के तत्वाधान में संविधान निमार्ता विश्व रत्न बाबा साहब की 132 वीं जयंती रविदास आश्रम, संगबरिया में मनाई गई। पूर्व बसपा अध्यक्ष संजय गौतम, पूर्व प्रत्यासी बसपा बिरेंद्र साव गोरखनाथ साव, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरखनाथ साव मुखिया संजय राम, विडीसी रमेश बैठा, रामाकांत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प माला अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर रामाकांत प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंबेडकर के मार्गदर्शन को अपना जीवन में प्रेरणा स्रोत बताते हुए शिक्षित, संगठित और संघर्ष करने की अपील की। गोरखनाथ साव ने लोगों से बाबा साहब द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया।

मुखिया संजय राम ने लोगो से संगठित होकर संघर्ष करने का अपील किया। उन्होंने अपने आप को बाबा साहब के दिए अधिकारों को लोगो तक ससमय पहुंचाने का लोगो से अनुरोध किया। बीरेंद्र साव ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षित लोग जो अच्छे ओहदे पर है, उन्हे अपने अपने समाज के प्रति समर्पित रहना चाहिए, जिससे समाज का समुचित विकास किया जा सके। आज हम यदि समतामूलक समाज की परिकल्पना करते हैं, तो बाबा साहब के संविधान की देन है। कुछ लोग संविधान के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके विरुद्ध संघर्ष करने की आवश्यकता है। आपको संगठित होकर संघर्ष करना ही पड़ेगा। संजय कुमार गौतम ने लोगो को संबोधित करते हुए अपने अधिकार के बारे में जानने के लिए आपको शिक्षित होंगे तभी आपको संगठन बनाने का ज्ञान प्राप्त होगा और फिर संघर्ष कर पाएंगे। उनके जीवन के बारे आप को जानकारी लेना जरूरी है।

# बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड के पतरिया मवी विद्यालय पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह प्रदेश के मीडिया प्रभारी राजीव रंजन तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे अमित कुमार सिंह राजकुमार मद्धेशिया सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर की।

इस अवसर पर उपस्थित चार पंचायत लोवदाग संगबरिया पढ़ुआ पतरिया ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने बाबासाहेब के प्रति नमन और उद्गार व्यक्त किए इस अवसर पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि समाजिक विडंबना है कि बाबा साहेब के बताए गए पद चिन्हों पर चलकर आज हम शिक्षा को अपनाकर आगे बढ़ने का काम नहीं कर रहे हैं। हम सबों को बाबासाहेब के बताए गए पद चिन्हों पर चलकर सभी वर्गों का उत्थान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में मोदी जी बाबासाहेब के संविधान के लिए जगह-जगह मूर्ति स्थापित व उनके संविधान की परिचर्चा चर्चा आज कराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज संवैधानिक से राजनीतिक दल हटकर समाज का विकास करने में कहीं ना कहीं लोग पीछे हैं लेकिन ऐसा भेदभाव नहीं होना चाहिए।

# विभिन्न संगठनों ने मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

बाजार के अंबेडकर क्लब द्वारा शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। इसके अतिरिक्त प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बाबा साहब आंबेडकर की जयंती मनाई गई।

डंडई रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सूरज गुप्ता मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी पूर्व शिक्षक शिवराम मोतीराम बसपा नेता रामकेश राम ने ईट्यादी बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उधर एसडी मेमोरियल एकेडमी में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। अंबेडकर क्लब मेराल के नेतृत्व में कार्यक्रम से पूर्व बड़ी संख्या में महिला




पुरुष एवं बच्चे शोभायात्रा निकालकर मेराल बाजार एवं आसपास के इलाके में भ्रमण किया तथा बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने कहा कि दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र भारत का संविधान लिखने वाले बाबा साहब आज हम लोगों के बीच नहीं हैं लेकिन उनका देन है कि आज हम सभी हर क्षेत्र मे आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का संदेश शिक्षित बनो संगठित हो और हक के लिए लड़ो यह समस्त मानव जाति के लिए अमृत के समान है अगर इसे हम लोग आत्मसात करेंगे तो पिछडे दलित व वंचित समाज को आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता।

प्रखंड प्रमुख दीपमाला ने कहा कि हमारे समाज के लोगों को पिछलग्गू बन कर चलने की आवश्यकता नहीं है बाबा साहब ने मुझे आगे बढ़ने के लिए संविधान में जो जगह दी है उसका सदुपयोग समाज को करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को बाबासाहेब के विचारों को अपनाने का अपील किया एवं बच्चों को जरूर पढ़ाने की सलाह दी ।कार्यक्रम का संचालन बसपा नेता रामकेश राम ने किया जबकि मौके रामलाल भुईहर पंचायत समिति सदस्य धनंजय पासवान शिछक शिव राम गोपाल राम सनोज राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


## घटना सृजन पब्लिक स्कूल के निदेशक को बेमतलब तमाचा जड़े

# थाना प्रभारी के वाहन चालक की सरेआम गुंडागर्दी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव में थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी के वाहन चालक की सरेआम गुंडागर्दी देखी गई। उनके द्वारा गांव के सृजन पब्लिक स्कूल के निदेशक ऋषिराज कुमार के ऊपर बेमतलब पांच दस तमाचा जड़ दिया गया। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है कि डंडाई लवाही के मुख्य सड़क होकर थाना प्रभारी बंद बॉडी वाहन से डंडाई मुख्य बाजार की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पुरानी बाजार स्थित मुख्य सड़क पर उक्त शिक्षक गांव के ही युवक से अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र ले रहा था।

वहीं थाना की ओर से वाहन पर थाना प्रभारी को बैठा आ रहा चालक को युवकों की कार्यप्रणाली नागवार लग गया। साथ ही वहीं पर अपने वाहन को रोक चालक द्वारा उक्त युवकों से भीड़ के कारण का पूछताछ किया जाने लगा । जिस पर भुक्तभोगी ऋषि राज ने यह कहते हुए उन्हें आगे जाने को कहा कि



वाहन जाने का जगह तो है ही वे क्यों नहीं अपने वाहन को लेकर चले जाते हैं जिस तरह अन्य वाहनों का अनजान हो रहा है। इसी पर शिक्षक की पिटाई शुरू कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शि प्रमोद राम, ओमप्रकाश रवि, राजेश गुप्ता, मिथुन कुशवाहा, पारस नाथ, मीना देवी ने भी खूब निंदा की और कहा कि जिस वाहन पर थाना प्रभारी बैठे हों और उनके बदले में उनका चालक किसी की पिटाई करें यह काफी खेद जनक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को हम सभी अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र देने गए थे। इस दौरान उन्हें निमंत्रण पत्र देते 2 मिनट भी नहीं हो रहा होगा कि थाना की ओर से थाना प्रभारी की गाड़ी वहां पर पहुंच गई । उसके बाद थानाप्रभारी के बजाय उनके चालक ही सबसे पहले वाहन से नीचे उतरा और पूछताछ करने लगा ।पूछताछ करने के दौरान ही उनके चालक सतीश कुमार के द्वारा उक्त शिक्षक की पिटाई शुरू कर गई। भुक्तभोगी ने बताया कि गांव के ही दो चार युवक अंबेडकर जयंती के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र देने मेरे घर पर आए थे। उसी दौरान अपने दरवाजा से थोड़ा नीचे उतर कर लोगों से मैं निमंत्रण पत्र लेने लगा। इसी बीच थाना की ओर से बंद बॉडी ऊजला कलर के वाहन पर बैठ थाना प्रभारी वहां पर पहुंच गए। इस बीच थाना प्रभारी के द्वारा हम लोगों से कुछ भी नहीं पूछा ताछ किया गया। जबकि वाहन के दूसरे दरवाजे से उतरकर वाहन चालक मेरे से बत्तमीजी करते हुवे पिटाई करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जिस वाहन पर थाना प्रभारी बैठ कर आए थे उस पर न तो किसी भी तरह का पुलिसिया संकेत था और ना ही थाना प्रभारी या उनका चालक अपने ड्रेस में थे। थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने बताया की मेरे चालक के द्वारा युवकों को सड़क से हटाया गया है। उनमें किसी की भी पिटाई नही की गई है। आरोपी का आरोप निराधार है ।

# रोजेदारों ने चौथे जुमे की नमाज अकीदत के साथ की अदा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पवित्र माह ए रमजान मुबारक महीना के चौथे जुमे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में रोजेदारों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस मौके पर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुमे की नमाज नगर उंटारी जामा मस्जिद, चेचरिया जामा मस्जिद, बरडीहा जामा मस्जिद, कुशदंड मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी मस्जिद, नरही मस्जिद, सोनवर्षा सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की। नमाज के दौरान रोजेदारों ने देश में अमन चैन एवं सुख समृद्धि की दुआएं मांगी। जामिया इस्लामिया जब्बारिया पेशे इमाम अब्दुल कादिर साहब ने कहा कि रोजा रखने से परहेजगारी हासिल



होती है। साल के 12 माह में रमजान शरीफ सबसे खास महीना होता है। पूरे महीने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। नगर उंटारी अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान ने कहा कि सभी इस्लाम धर्मावलंबियों ने चौथे जुमे की नमाज आपसी भाईचारा एवं अकीदत के साथ अदा की। उन्होंने कहा कि अगले जुमे के अवसर पर अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। नमाज अदा करने वालो में सदर तौहिद खान, आमिन खान, पूर्व सदर तस्लीम खान, सीनियरतस्लीम खान, शमीम खान, लाल बाबू खान, नेपाली खान, तौवाब खान, फूलटून खान, सुहैल आलम, हैदर खान, शकील अहमद गुल्लू, बाबू खलीफा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इधर बरडीहा जामा मस्जिद में नमाज अदा करने वालो में सदर मुश्ताक अहमद शेख, डॉ. ताहीर हुसैन, हाफिज मन्नवर अंसारी, मसउवर अंसारी, उस्मान अंसारी, गुलाम हुसैन, डॉ. रिजवान अहमद, साजिद रजा, हैसियत अंसारी गुलाम शामिल थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

### डीवीसी में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**लातेहार।** शहर के होटल द कानिर्वल्स परिसर में स्थित डीवीसी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माइनिंग चीफ इंजीनियर जगेश कुमार मांडीय ने डॉ. आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर किया। उन्होंने डॉ. आंबेडकर को एक महापुरूष बताया। उप निदेशक मानव संसाधन रवि प्रकाश तिवारी ने भी डॉ. आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताये रास्ते पर चलने की अपील लोगों से की। मौके पर डीवीसी के कई अधिकारी, कर्मचरी मौजूद रहे।

### भीम आर्मी के सदस्यों ने मनाई जयंती

**लातेहार।** मेदनीनगर मुख्य मार्ग स्थित भीम आर्मी कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर भीम आर्मी के जिला महासचिव मोहसिन अख्तर उर्फ मोनू ने बाबा साहब के देश बहुमूल्य योगदानों के बारे में जानकारी दी। मौके पर प्रखंड सचिव जगन्नाथ नायक, उपाध्यक्ष जिलानी खान, कोषाध्यक्ष संतोष प्रसाद उर्फ चुन्नू, कुलदीप नायक, बेंजामिन हसन, इमाम तसव्वर खान, विनोद नायक समेत अन्य लोग इस बैठक में उपस्थित थे।

### पलाश हॉस्पिटल में स्वास्थ्य मेला कल

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित अंबाकोठी पलाश हॉस्पिटल में रविवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक डॉ. फिजिशियन, डायबिटीज एंड थायरॉयड स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ, शीशू रोग, स्त्री रोग, आंख, नाक, कान गला, चमड़ी, यूरोलॉजिस्ट जनरल फिजीशीयन सहित सभी बीमारियों के विशेषज्ञ पलाश हॉस्पिटल अंबाकोठी में आ रहे हैं। एवं निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी हॉस्पिटल संचालक डॉ चंदन कुमार सिंह ने दी।

### नाबालिग अपहरण का अरोपी गिरफ्तार

**गिद्धौर(चतरा)।** नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर निवासी प्रीतम दास का पुत्र चंदन कुमार 20 वर्ष है। किशोरी की मां ने गिद्धौर थाना में आवेदन दे अपहरण का आरोप लगाया था। थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने बताया कि आवेदन के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर चौक से गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### रुद्रचंडी महायज्ञ को लेकर की बैठक

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड के सराढु पंचायत के हरैया गांव में निर्मित श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ के भव्य आयोजन को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंगलदेव उर्फ मनोज यादव व संचालन महेंद्र महतो ने की।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती

# समतामूलक समाज निर्माण की आवश्यकता : रामचंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर आंबेडकर विचार मंच की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ विचार मंच के संयोजक बिरजू राम एवं संरक्षक रविंद्र राम के नेतृत्व में पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर से निकलकर बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए आंबेडकर चौक पहुंची। यहां आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर, अजय चंद्रवंशी, बिरजू राम, रविंद्र राम, केदार सिंह, डॉ. राम सनेही राम, सुमन देवी, श्रीराम, कामेश्वर राम, राजकुमार राम समेत दर्जनों गणमान्य लोगों व आंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने भाग लिया। इसके बाद चेस्टेनट के रेन बसेरा परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। बाबा साहब के समतामूलक समाज के निर्माण की आवश्यकता है। कहा हम सभी को संविधान को बचाए रखने के लिए एकजुट होने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र राम ने की। इस मौके पर नंदकिशोर राय अध्यक्ष, सुरेन्द्र राम व्यास जी, अजय दास सचिव, श्री राम बादशाह, अविनाश, कृष्णा सिंह, कमलेश सिंह, अवधेश मेहरा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### नेतरहाट स्कूल में मनी आंबेडकर जयंती

**लातेहार।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह, विद्यालय के वरीय सह- शिक्षक, डॉ. प्रसाद पासवान एवं छात्र प्रभारी द्वारा आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी, शिक्षक रवि प्रकाश सिंह, डॉ. सेवंती तिर्की, डॉ. शिशिर सौरव, डॉ नरेंद्र मंडल, रवि प्रसाद, डॉ. अभिषेक मिश्रा, विधु शेखर देव एवं समस्त छात्र उपस्थित रहे।



### बाल शिक्षा निकेतन में बाबा साहब की जयंती मनाई गई

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों एवं संगठनों की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर शांति निकेतन आवासीय पब्लिक विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय के निदेशक पवन कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, प्रिंसिपल विवेक कुमार, फिरोज अहमद समेत विद्यालय के अन्य सदस्यों बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि की गई। राजद कार्यालय में प्रखंड राजद अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव के नेतृत्व में बाबा साहेब की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नेसार अहमद, मदन यादव, कन्हाई प्रसाद यादव, जगनारायण मालाकार समेत राजद के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं आदर्श नगर मैदान से हाई स्कूल के शिक्षक रमेश कुमार के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। प्रखंड के मंगरा ग्राम में ग्रामीणों द्वारा अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों, निजी संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को याद किया गया।

### महुआडांड़ में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर की जयंती

**महुआडांड़।** प्रखंड में शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 123वीं जयंती मनाई गई। वहीं अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीएम नीत निखिल सुरीन के नेतृत्व में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। वहीं जन जातीय आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार द्वारा आंबेडकर जयंती मनाई गई। इसके साथ ही पोस्ट ऑफिस रोड नवनिर्मित अंबेडकर चौक पर भी आंबेडकर की जयंती मनाई गई। एसडीएम नीत निखिल सुरीन, डीएसपी राजेश कुजूर, बीडीओ अमरेन डांग, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, उप प्रमुख अभय मिंज, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी इस्तेखार अहमद ने बाबा साहेब की तस्वीर में माल्यार्पण किया। वक्ता के तौर पर आदिवासी नेता अजीत पाल कुजूर ने बाबा साहेब की जीवनी में प्रकाश डाला। इस दौरान रानू खान, नसीम अंसारी, कोमल किण्डो, नूरूल अंसारी, शमसाद अहमद, बसारत अली, सुहैल अहमद, अजित पाल कुजूर, मेंहदी हसन एवं महुआडांड, चंपा अंमवाटोली पंचायत के मुखिया समेत कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



## आधुनिक भारत के निर्माता थे बाबा साहेब : फादर डॉ. एम के जोस

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस ने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाबा साहेब एक सच्चे राष्ट्र निमार्ता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन दलितों पिछड़ों और महिलाओं के उत्थान में लगा दिया। उन्होंने भेद - भाव, शोषण और उत्पीड़न से मुक्त समतामूलक समाज और राष्ट्र का नीव तैयार किया। प्रो. राजीव कुमार ने संविधान निमार्ता एवं समाज सुधारक के रूप में बाबा साहेब के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि हम सभी को उनके द्वारा बताए हुए विचार, दर्शन और सिद्धांतों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने बाबा साहब के विचारों को प्रदर्शित करने वाले गीत और नाट्य भी प्रस्तुत किए। आज के कार्यक्रम में स्वागत अभिभाषण प्रो. सुबोध मिंज, धन्यवाद ज्ञापन प्रो. दिव्या शोभा ने किया तथा मंच संचालन आशिका और प्रिया ने किया इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।



## केक काटकर मनाई गई आंबेडकर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड अंतर्गत सरकारी व गैर सरकारी संस्था एवं राजनीतिक पार्टी कार्यालय एवं आंबेडकर के चाहने वालों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बालूमाथ में, भाजपा कार्यालय बालूमाथ में, हरिजन आवासीय विद्यालय बालूमाथ में, प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित रजवार पंचायत में जनप्रतिनिधियों द्वारा धूमधाम से जयंती मनाई गई। चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार, भाजपा नेता शैलेश सिंह, शिक्षक दशरथ पासवान, विद्यालय प्रधानाचार्य अनेकांत पाठक मौजूद रहे। वहीं रजवार में पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी, प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम सहित कई जनप्रतिनिधियों ने आंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व केक काट कर जयंती मनाई।

**आंबेडकर की जयंती मनाई गई :** बालूमाथ प्रखंड के आंबेडकर नगर में शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती गोपाल राम की अध्यक्षता एवं सुरेश राम के नेतृत्व में केक काट कर मनाई गई। इस दौरान बाबा साहेब के प्रतिमा माल्यर्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर मनोज यादव, प्रीतलाल यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, श्याम सुंदर यादव, दशरथ पासवान, अमित कुमार, कोलेश्वर राम सहित कई गणमान्य लोगों ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर अंबेडकर चेतना मंच के अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने बताया कि आगामी 16 अप्रैल दिन रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से मिशनरी गायिका सरोज त्यागी व मुख्य वक्ता के रूप में संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। मौके पर बालकेश्वर राम, मुखिया नरेश लोहरा, संजय राम, हरेंद्र राम, बिरेंद्र यादव, कुलेश्वर राम, बाबूलाल राम, डॉ. सुरेश राम, राजू गंझू, ब्रहदेव राम, उमेश ठाकुर, शिवनाथ कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।



## एसबीएम में धूमधाम से मनाई आंबेडकर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार में बड़े धूमधाम के साथ आंबेडकर जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी भैया/ बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर आचार्य धर्म प्रकाश, लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक।



### आंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**चतरा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस चौक पर अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उपायुक्त अबु इमरान के साथ उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ मुमताज अंसारी आदि ने बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिला मुख्यालय में भी विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास पूर्वक बाबा साहेब की 132वीं जयंती मनाई गई।



## आंबेडकर जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय में कंडरका नदी के समीप जतरा टाड़ प्रांगण में विश्वरत्न संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस कार्यक्रम की शुरूआत उच्च विद्यालय से समारोह स्थल तक शोभायात्रा से हुई। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, सभी पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर बाबा साहेब आंबेडकर प्रखंड समिति संरक्षक सह वरिष्ठ पत्रकार संजय राम, रिगन प्रसाद, शिक्षक अजय बैठा, आंबेडकर प्रखंड समिति अध्यक्ष कैलाश राम, उपाध्यक्ष रीगन कुमार, सचिव दिगंबर ताना भगत, उपसचिव राजू राम, वृक्ष लोहरा, कोषाध्यक्ष दुलारचंद पासवान, महामंत्री सुरेंद्र मेहरा, संगठन मंत्री अजय बैठा, ब्रजमोहन राम, गणेश राम, अरुण कुमार, संरक्षक सह मीडिया प्रभारी संजय राम, रामप्रीत लोहरा, रूपेश कुमार के साथ जयपाल उरांव, नंदू उरांव, विनोद गंझू आदि मौजूद रहे।



### महुआ चुनते मां-बेटा पर जानवर का हमला



**बारियात।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत चपरी निवासी जामुना प्रजापति के पत्नी व पुत्र को महुआ चुनने के दौरान जंगली जानवर हमला कर दिया जिससे अनिता देवी व पुत्र दोनों घायल हो गए. घायलों को परिजनों के सहयोग से सीएचसी बालूमाथ ले जाया गया जिन्हे उपचार किया गया. जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार ने बताया की माँ पुत्र दोनों महुआ चुनने के लिए गए थे वहीं एक जंगली जानवर निकल कर दोनों माँ बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया. अपने सूझबुझ से जान बचाने मे सफल रहे।

**कार्यक्रम** विभिन्न प्रखंडों में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

## आंबेडकर के रास्ते पर चलने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/मयूरहंड/कुंदा**


संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती शुक्रवार को जिला मुख्यालय के अलावे कुंदा, गिद्धौर, पत्थलगडा, टंडवा, मयूरहंड, गिद्धौर सहित विभिन्न प्रखंडों में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कुंदा प्रखंड मुख्यालय में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मुखिया मनोज साहू, समाजसेवी अर्जुन पासवान आदि ने माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने व उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में युवा वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व गाजे बाजे के साथ रैली भी निकाली। ज्ञात हो की चतरा के लोकप्रिय नेता अशोक गहलोत के द्वारा सन 2014 में निजी खर्च से मूर्ति का अनावरण किया गया था। वहीं गिद्धौर प्रखंड के पिण्डारकोन में आयोजित जयंती कार्यक्रम में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास शामिल हुए। प्रखंड के द्वारी व पांडेमहुआ में भी बाबा साहेब की जयंती धूम धाम से मनाई गई। वहीं इटखोरी प्रखंड अंतर्गत गिरवरधारी लाल उच्च विद्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर कि जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्ग प्रथम की सोनाली कुमारी व निकुंज कुमार द्वारा द्वीप प्रज्वलन के उपरांत जस्सी कुमारी, सोनाली कुमारी व पुरुषोत्तम कुमार दास आदि के द्वारा माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा द्वारा बाबा साहेब जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाल गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार सिन्हा, सतीश कुमार सिन्हा, शिक्षक ईश्वर साव, यशवंत कुमार, शिक्षिका मधु कुमारी आदि उपस्थित थे। दुसरी ओर मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत बेलखोरी पंचायत के कनोदवा गांव में डॉ. भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर उनके आदम कद प्रतिमा पर डीएसपी केदार राम, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रामबृक्ष राम, मुखिया अशोक भुइयां, पूर्व मुखिया ईश्वर पासवान, रामटहल गुप्ता, गुड्डु रजक, अमित कुमार, अनिल कुमार भारती, अशोक रजक, गणेश रजक, राजकुमार रजक आदि ने मलायार्पण किया। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने की बात कही।



### भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई गई

**चंदवा।** भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 132 वां जन्म दिवस मनाई गई। बाबा आंबेडकर भारत देश के संविधान के शिल्पकार थे इन्होने ही संविधान गढ़ने का काम किया और देश के सभी व्यक्तियों को मान सम्मान के साथ जीने रहने और वृत्ति करने के लिए संविधान में जगह दिया। अंबेडकर का 132 वां जयंति बहुजन चेतना मंच चंदवा के द्वारा पथ निर्माण विभाग विश्रामागार के परिसर में बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रमोद राम खरसवां विशिष्ट अतिथि राम प्रसाद यादव प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंदवा लाल गंगाधर भगत सेवानिवृत्त अंचलाधिकार उपस्थित थे।



## मनिका में मनी आंबेडकर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड में अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को आंबेडकर चेतना मंच के बैनर तले डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

आंबेडकर जयंती समारोह कमेटी के लोगों के द्वारा 14 अप्रैल को सर्वप्रथम अंबेडकर चौक पर स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और बाबा साहेब के बताए गए मार्गदर्शन पर चलने का सभी ने संकल्प लिया। इसके बाद कमेटी के लोगों के द्वारा भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली गई रथ यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ की गई और पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः अंबेडकर चौक पहुंचकर रथ यात्रा जुलूस का समापन किया गया। जुलूस में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह व पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी के साथ-साथ भारी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला, लोग गाजे-बाजे के साथ जुलूस में जय भीम के नारे लगाते हुए नाचते गाते देखे गए। वहीं जुलूस के समापन के बाद सभा का आयोजन किया गया जहां पर सभी गणमान्य लोगों को कमेटी के लोगों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,डॉ अभिषेक कुमार, शिक्षक द्वारिका राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू, राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी, राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव,मनिका थाना एसआई गौतम कुमार,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, लल्लूराम, मिथिलेश पासवान, विशाल पासवान, शिक्षक द्वारिका राम,संदीप पासवान,कृष्णा राम, बिजेंदर पासवान, संतोष राम, रजत कुमार गुप्ता, युवा समाजसेवी अख्तर अंसारी, कपीश्वर राम, प्रमोद राम, नरेश राम, नंदकिशोर राम, राजेश राम आदि मौजूद रहे।



## NEWS इन ब्रीफ

### कृष्णा लाल महतो को सम्मानित किया

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की स्थापना दिवस के मौके पर महासभा प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो की अगुवाई में वयोवृद्ध समाजसेवी कृष्णा लाल महतो व उनकी पत्नी को सम्मानित किया गया। 10 दिसंबर 1931 को सुधु राम महतो ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन कराया था। इस मौके पर जिला अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र महतो, जिला अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

### नियोजन नीति के खिलाफ आक्रोश रैली

**सिमडेगा।** आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा के बैनर तले सरकार के 60/40 नियोजन नीति की खिलाफ आक्रोश रैली का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से प्रिंस चौक और महावीर चौक होते हुए नगर परिषद के सामने केंद्रीय आदिवासी छात्र संघ और सिमडेगा छात्र संघ जिला समिति के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में आदिवासी संघ के जिला सचिव अनमोल तिर्की आदि मौजूद थे।

### भाभी ने मारकर देवर को किया घायल

**बानो।** थाना क्षेत्र के बानो बाजार टोली में बीती देर रात देवर और भाभी के बीच में किसी बात को लेकर हुए झगड़े में नशे की हालत में भाभी ने देवर को मारकर सिर फोड़ डाला। घायल उधना राम को बानो सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत उसको बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इधर जब घटना की जानकारी बानो पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है।

### आंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे

**सिमडेगा।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधु नायक के नेतृत्व में समानता दिवस मनाया गया। सिमडेगा में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधु नायक ने कहा कि बाबा साहेब का मानना था कि हर व्यक्ति सुरक्षित और समृद्ध नहीं होगा तब तक किसी समाज और देश का विकास नहीं हो सकता।

### कंप्यूटर एजुकेशन में नामांकन प्रारंभ

**सिमडेगा।** इलाहाबाद बैंक के ऊपर तल्ले पर स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन, प्रतियोगी परीक्षाओं में अपने पहले ही मैच में सर्वाधिक रिजल्ट देने वाला संस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं बैंकिंग, एसएससी, रेलवे तथा आर्मी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्ञानदीप स्कॉलरशिप योजना की शुरूआत की गई है। संस्थान के संचालक ने जानकारी देते हुए कहा कि ज्ञानदीप स्कॉलरशिप योजना का मुख्य उद्देश्य है आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा सके।

## सामाजिक समरसता के नायक थे आंबेडकर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में भीमराव आंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। मुंडो निवासी विजय उराव मुख्य अतिथि थे। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा भीमराव आंबेडकरसमाजिक समरसता के नायक थे। संविधान निमार्ता के रूप में भीमराव आंबेडकर को जाना जाता है। विश्व के तमाम संविधान को सम्मिश्रित करते हुए भारत के संविधान का निर्माण किया गया। सभी जाति एवं धर्म के लिए समानता की भावना भारत के संविधान में निहित है। भारत के संविधान धर्मनिरपेक्ष संविधान है




इनके जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए पांडे ने कहा कि इनका जीवन संघर्ष में रहा तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक चेतना को जागृत किया। गणेश प्रसाद साहू ने कहा आंबेडकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं एक महापुरुष थे। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## आंबेडकर के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर कांग्रेस पार्टी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी सहित कांग्रेस के कई नेता आंबेडकर चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू, जोनशन मिंज, शिशिर मिंज, नवीन बिरेन तिर्की सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे। सिमडेगा



विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवनी से आज लोगों को सीख लेने की जरूरत है। कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान था। समाज में परिवर्तन लाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दलितों के लिए वे किसी भगवान से कम नहीं हैं। राजनीतिज्ञ, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक डॉ. बाबासाहब अंबेडकर दलितों से सामाजिक भेदभाव को खत्म करने के लिए अभियान भी चलाया था। साथ ही महिलाओं, किसानों के अधिकारों का भी समर्थन किया करते थे। यही कारण है कि अंबेडकर जयंती के खास मौके पर भारतीय कानून और संविधान में डॉ. भीमराव द्वारा दिए गए योगदान के लिए उन्हें सम्मान और श्रद्धांजलि दी जाती है। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म वैसे समय में हुआ था। जिस समय देश में भेदभाव, छुआछूत की प्रथा चरम सीमा पर व्याप्त था। उस समय उन्होंने अपने जीवन में बेशुमार दुखों का सामना कर अपनी शिक्षा-दीक्षा पूरी कर देश को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया।

### सिमडेगा कांग्रेस के सत्याग्रह आंदोलन में अविनाश पांडे बोले

## संवैधानिक संस्थाओं के साथ सरकार कर रही है खिलवाड़

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला कांग्रेस ने भीमराव आंबेडकर जयंती पर नगर भवन में जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह आंदोलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, डॉ अजय नाथ शहदेव उपस्थित रहे। इसके अलावा सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य तरीके से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम स्थल में सर्वप्रथम भीमराव आंबेडकर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इसके बाद दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की



गई। लोगों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम कोलेबिरा विधायक ने कहा कि आज केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार संविधानिक संस्थाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए लोगों को परेशान कर रही है। सिमडेगा विधायक भूषण बढ़ा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थिति किसी से छुपा हुआ नहीं है। राहुल गांधी ने सदन में अदानी की सेल कंपनियों में 20000 करोड़ रुपए के बारे में सवाल किया तब उनका भाषण ही डिलीट कर दिया गया। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। हर तरफ धर्म और जाति के नाम पर लड़ाई छिड़ी हुई है और देश में नफरत बांटने का काम किया जा रहा है लेकिन कांग्रेस ने उसी नफरत को प्यार में बदलने के लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू की। 2014 के बाद केंद्र में बैठी मोदी सरकार सिर्फ चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए यहां के संसाधनों को लूटते हुए यहां के सरकारी चीजों को अदानी और अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों को लूटने का काम किया है आज देश हर तरफ अंदरूनी लड़ाई से जूझ रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ की राजनीति करते हुए देश में नफरत फैला रही है। आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी देश को एक सूत्र में बांधकर देश के करोड़ों लोगों के दुख को दूर करने के लिए प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनकी आवाज को दबाया गया है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी प्रखंड अध्यक्ष जिला कमेटी एवं सभी डेलीगेट के अलावा हजारों की संख्या में आए हुए कार्यकताओं की भूमिका रही।

### राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को सेवा अवधि विस्तार मिले

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल शिक्षा सचिव के रवि कुमार से मिलकर शिक्षको की विभिन्न मांगों के समाधान हेतु ध्यान आकृष्ट कराया। महासचिव प्रेम राणा ने मार्निंग में संचालित हो रहे विद्यालय के समय सारणी पर बच्चों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के भावनाओं से अवगत कराते हुए 6;30 से 11:30 बजे के समय को आदर्श बताया और सचिव से इस पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। शिक्षकों के होने वाले स्थानांतरण पर अंतरजिला स्थानांतरण के लिए नियमों को क्षांत करते हुए सभी अंतर जिला कार्यरत शिक्षकों को एक समान अवसर प्रदान करने की मांग रखी जिसपर सरप्लस शिक्षकों को प्राथमिकता के तौर पर स्थानांतरण के बाद बाकी स्थानांतरण की बारिकियों पर ध्यान रखकर स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी रहेगी। हु ब हू पुरानी पेंशन पर प्रतिनिधि मंडल को एक बार वित्त विभाग से बात करने की सलाह दी । 281 संकल्प का लाभ सभी जिलों में कार्यरत संबंधित शिक्षकों को मिले। प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सुमन ने कहा कि राष्ट्रपति अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को दो वर्ष का सेवा अवधि विस्तार का लाभ मिले। झापसा पुनरीक्षित वेतनमान हेतु प्रयासरत रहने के साथ ही शिक्षक हित में सदैव तत्पर है। शिष्ट मंडल में शैलेन्द्र सुमन,प्रेम प्रसाद राणा, मुमताज अहमद शामिल थे।

## विद्या मंदिर में आंबेडकर जयंती पर हुआ कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भैया बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रेष्ठ कुमार, श्वेता रानी, प्रकृति भगत, कशिश कुमारी, अंशु मिश्रा, सृष्टि कुमारी, पीहू कुमारी, नुसरत जहां, अर्णव राज, तन्मय गौतम, तेजस भगत, ओमप्रकाश सिंह, सिद्धार्थ विश्वकर्मा एवं मृत्युंजय विश्वकर्मा ने भाषण एवं गीत में भाग लिया। सभी भैया बहनों को मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समरसता के भाव को मजबूत करने की दृष्टि नंदो भगत को अंग वस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने कहां कि-₹डॉक्टर भीमराव आंबेडकर समतामूलक सर्वस्पर्शी समाज के हिमायती थे। शिक्षा के महत्व को बताते हुए डॉक्टर साहब ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी है, इसका दूध जो पिएगा वह दहाड़ेगा। समाज के प्रति आत्मीय दृष्टि के कारण वे समाज के हृदय में अमित रूप से प्रतिष्ठित हो गए। आचार्य गोरख पांडेय ने इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का बचपन बहुत कष्ट में बीता। सामाजिक भेदभाव का शिकार भी उन्हें होना पड़ा। फिर भी वे अपने परिश्रम से समाज के सिरमौर बन सके। नंदो भगत ने कहा कि विद्या भारती द्वारा समाज के दलित एवं पिछड़े वर्ग को सम्मानित करके सामाजिक समरसता के भाव का जागरण किया जाता है। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि अपने विद्यालयों में समाज सुधारक महापुरुषों की जयंती का आयोजन करके भैया - बहनों में अपने देश एवं समाज के प्रति आत्मीयता जगाने का कार्य किया जाता है। इस मौके पर श्याम सुंदर कुमार मौजूद रहे।

## जय श्रीराम समिति ने मनाई आंबेडकर जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर समाहरणालय मैदान के समीप जय श्रीराम समिति के द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा भीमराव अंबेडकर जी के नारे लगाए। कार्यक्रम के पश्चात सदर अस्पताल में तीन यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया। जानकारी के अनुसार राजा बंगला निवासी अजीत ठाकुर की पत्नी चंचल देवी एवं गुमला जिला डुमरी करणी पंचायत के चिरंया गांव निवासी सुलेन्द्र महली का पुत्र सचिन महली दोनो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थे। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। काफी परेशान परिवार के लोग समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए तीन यूनिट ब्लड क्रमशः पारस साहू, लडू कुमार एवं कृष्णा महली के द्वारा दिया गया।

मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, महामंत्री अजय साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो, हेमंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,अनुज कुमार, सदर प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू, बजरंग करुवा, अभिषेक तिवारी, डॉ राकेश रंजन, आदित्य साहू, सचिन कुमार, रंजन कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थ।

### अभाविप ने मनाया समरसता दिवस

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा नगर इकाई में विभाग संयोजक अंकित कुमार के नेतृत्व में लोहरदगा स्थित डॉ्ङ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। संयोजक अंकित कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान के निमार्ता एक 'विश्व मानव' थे, जिन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। डॉ. अंबेडकर हमेशा शिक्षा की शक्ति में विश्वास करते थे। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छवि सिंह ने कहा कि आज हम बाबासाहेब की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में माना रहे हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, कॉलेज मंत्री दिव्या कुमारी, कॉलेज सह मंत्री अंजली कुमारी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आंबेडकर की जयंती मनाई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश नायक के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा भीमराव आंबेडकर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से लोकप्रिय भारतीय विधि वेता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। बाबा साहब ने भेदभाव के विरुद्ध कई तरह के अभियान



चलाएं। समाज में व्याप्त जातिवाद को खत्म करने का प्रयास किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश ने कहा कि बाबा साहब का जीवन बहुत ही संघर्ष में बिता। मौके पर श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती,जगनंदन पौराणिक, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, बजरंग करवा, नरेंद्र नायक, तुलसी उराव, आदि उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में आंबेडकर जयंती मनाई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में आंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर की। रेणु कुमारी ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवन काल में समानता के लिए संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन देश के लिए अर्पित कर दिया। संविधान निमार्ता के रूप में उनके योगदान के लिए देश सदैव ऋणी रहेगा। आधुनिक भारत की नींव तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भैया बहनों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जीवन परिचय और उनके संघर्षों को दिखलाया गया।

### आयोजन | जिला पुस्तकालय में आंबेडकर जयंती पर हुई क्विज प्रतियोगिता

## संवैधानिक मूल्यों के साथ सपने करें साकार

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला पुस्तकालय सिमडेगा में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के बीच बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर इंटीग्रेटेड रुरल वेलफेयर सोसायटी एवं युवा शक्ति सिमडेगा ने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अरुण वाल्टर सांगा, उपविकास आयुक्त सिमडेगा सम्मिलित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा की तैयारी में एकाग्रता तथा निरंतरता रखते हुए तन्मयता से पढ़ाई जारी रखने के टिप्स दिए साथ में अपने अनुभव भी साझा किए। विद्यार्थियों को बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के पदचिन्हों पर चलते हुए समानता को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि



फादर आफ इण्डियन कॉन्स्टिट्यूशन बाबा साहेब द्वारा बनाए गए संविधान के बताए गए मूल्यों के अनुसार चलकर हम डॉ. आम्बेडकर के सपने को साकार कर सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि विश्व भारत रत्न, द ग्रेटेस्ट इंडियन, सिम्बल आफ नॉलेज, श्रेष्ठ अर्थशास्त्री, श्रेष्ठ स्कॉलर, महिला हितैषी, भारतीय संविधान के पितामह, आधुनिक भारत का निमार्ता बाबा साहेब-दुनिया में फादर ऑफ इण्डियन कॉस्टिंट्यूशन व इण्डियन ह्यूमन राइट चैम्पियन के रुप में जाने जाते हैं। डॉ. आम्बेडकर 21 वीं सदी के सबसे खास व्यक्ति रहे क्योंकि उन्होंने बताया कि लोकतंत्र कैसा होना चाहिए? इस तरह डॉ. भीमराव अम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी और वृहत है। उन्होंने जिस प्रकार महिलाओं, आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा वर्ग एवं सभी के लिए काम किया जिसे आज सबको बताने एवं उनके सपनों के अनुरुप लोकतंत्र बनाने के लिए आचरण करने की जरुरत है। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जुही कुमारी, द्वितीय स्थान रोहित कुमार एवं तृतीय स्थान आकाश कुमार को प्राप्त हुआ जिन्हें मुख्य अतिथि उपविकास आयुक्त सर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।इस अवसर पर इंटीग्रेटेड रुरल वेलफेयर सोसायटी के सुशील कुजूर, दुर्गेश उराँव, युवा शक्ति के शशि प्रभात सोरेंग,ब्रिसियुस सोरेंग, अमित मिंज, मिशन बदलाव के विश्वनाथ सिंह, जिला पुस्तकालय के अजीत टेटे, सत्येन्द्र कश्यप, रुपेन्द्र दास, बसंत कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आंबेडकर की जयंती पर प्रभातफेरी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**

भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो गांव में डॉ भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के बैनर तले शुक्रवार को डॉ भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती के मौके पर प्रभातफेरी, माल्यार्पण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी रंजीत लकड़ा, मुखिया ममता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य बिपता उरांव, अंजुमन इस्लामियां के सदर मुनिफ अंसारी, विश्व हिंदू परिषद के लाल विक्रम नाथ शाहदेव, समाजसेवी लखन लोहरा, कलेश्वर साहू, इकबाल अंसारी, बिनोद उरांव शामिल हुए। सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। छोटे बड़े सभी जनों ने मसमानो गांव का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी निकाला। इस दौरान डॉ भीमराव



अम्बेडर अमर रहे सहित कई अन्य नारे लगाए गए। प्रभात फेरी आयोजन स्थल से निकलकर पुनः आयोजन स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। मौके पर बच्चे बच्चियों के बीच डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें बेहतर अंक प्राप्त करने वाले बच्चे बच्चियों को कॉपी, पेन देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर रंजीत लकड़ा ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन से हम जीतनी भी प्रेरणा लें कम ही पड़ेगा। उनके अनमोल विचार सहित समानता समाज का निर्माण के कर्मों को जन जन तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार प्रकट किए। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति के सरोज राम, आशुतोष राम, शिक्षक राधेश्याम राम, रवि राम, भरत राम, दीपक राम, धीरज राम, शंकर राम, श्रवण राम, अमित राम आदि मौजूद थे।

# भारत मक्खन और अन्य डेयरी उत्पाद नहीं करेगा आयात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि देश मक्खन और अन्य डेयरी उत्पादों का आयात नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू क्षेत्र की मदद से ही आपूर्ति में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'इसमें कोई सच्चाई नहीं है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के प्रभारी रूपाला ने कहा, ₹इन उप्पादों का कोई आयात नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश में दूध की कोई कमी नहीं है और सरकार नियमित रूप से निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा, 'मांग बढ़ी है। हमारे पास विशाल अप्रयुक्त क्षेत्र है, हम इसका दोहन करने की कोशिश करेंगे... हम इसका उचित तरीके से प्रबंधन करेंगे और चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।' उन्होंने किसानों और उपभोक्ताओं से भी इस बारे में चिंता नहीं करने का आग्रह किया है। डेयरी उत्पादों की खुदरा कीमतों में वृद्धि पर मंत्री ने कहा कि कीमतों के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। किसानों को अच्छे दाम मिल रहे



हैं।वहीं दूसरी ओर अब तमिलनाडु के बाद केरल में भी दूध पर सियासत शुरू हो गई है। केरल सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (केसीएमएमएफ) जो अपने ब्रांड मिल्मा के नाम से जानी जाती है, ने कुछ राज्यों के दुग्ध विपणन महासंघों की अपने-अपने राज्यों के बाहर के बाजारों में आक्रामक तरीके से प्रवेश करने की प्रवृत्ति को 'अनैतिक' करार दिया है। कर्नाटक मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अपने नंदिनी ब्रांड के दूध और अन्य उत्पादों को बेचने के लिए केरल के कुछ हिस्सों में अपने आउटलेट खोलने की आलोचना करते हुए मिल्मा ने कहा कि यह सहकारी भावना का पूरी तरह से उल्लंघन है जिसके आधार पर देश के डेयरी क्षेत्र को लाखों डेयरी किसानों के लाभ के लिए संगठित किया गया है। उन्होंने कहा, 'हाल के दिनों में कुछ राज्य दुग्ध विपणन महासंघों की ओर से अपने मुख्य उत्पादों को अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र से बाहर बेचने की प्रवृत्ति बढ़ी है। यह संघीय सिद्धांतों और उन सहकारी भावनाओं का घोर उल्लंघन करता है, जिसके आधार पर त्रिभुवनदास पटेल और डॉ वर्गीज कुरियन जैसे अग्रदूतों की ओर से देश के डेयरी सहकारी आंदोलन का निर्माण और पोषण किया गया है।

# वीवो ग्रेटर नोएडा में करेगी 1100 करोड़ का निवेश

## साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

स्मार्टफोन बनाने वाली वीवो ग्रेटर नोएडा में अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने पर 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, परियोजना पूरी होने के बाद यहां से 12 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हो सकेगा। इसने कहा कि इस साल में वह भारत में बने 10 लाख मोबाइल फोन का निर्यात करने की योजना पर काम कर रही है। पिछले साल इसने पहली खेप सऊदी अरबिया और थाईलैंड में भेजी थी। इस साल के अंत तक कंपनी अपने 7,500 करोड़ के निवेश के पहले चरण के रूप में 3,500 करोड़ रुपये को पूरा करेगी जिसमें 2,400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर चुकी है। देश की कंपनियों का राजस्व चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान






आधा रह सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि इस दौरान कंपनियों के राजस्व में 10-12 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जो 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22.8% की वृद्धि की तुलना में 10 फीसदी कम रह सकती है। क्रिसिल ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन कंपनियों का राजस्व 19-21 फीसदी तक बढ़ सकता है जो 2021-22 के पूरे साल में 27 फीसदी की दर से बढ़ा था।

## चीन का चिप आयात 23 प्रतिशत घटा

# भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण में तेजी आई

**एजेंसी। बीजिंग**

अमेरिका और भारत के स्थानीय सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने के बाद चीन का चिप आयात 2023 की पहली तिमाही में 23 प्रतिशत गिर गया है। मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। जनरल एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ कस्टम्स के आंकड़ों के मुताबिक, चीन ने इस साल जनवरी से मार्च के बीच 108.2 अरब इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) का आयात किया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 22.9 फीसदी कम है। आंकड़ों के मुताबिक, चिप आयात का कुल मूल्य पिछले साल के 107.1 अरब डॉलर से 26.7 फीसदी घटकर 78.5 अरब डॉलर रह गया। सीमा शुल्क डेटा का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया, 2023 के पहले तीन महीनों में चीन का आईसी निर्यात साल-दर-साल 13.5 फीसदी गिरकर 60.9 अरब यूनिट हो गया, जबकि एक साल पहले इसमें 4.6 फीसदी की गिरावट आई थी। निर्यात का कुल मूल्य 17.6 फीसदी गिरा। यह



महत्वपूर्ण गिरावट दर्शाती है कि कैसे भू-राजनीतिक तनाव और चीन पर बढ़ते अमेरिकी प्रतिबंधों ने देश और बाकी दुनिया के बीच सेमीकंडक्टर कारोबार को बाधित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में पिछले साल चिप्स और विज्ञान अधिनियम को लागू किया था, जो अमेरिका को देश में अधिक चिप निर्माण को आकर्षित करने के लिए सक्षम बनाता है। इस बीच, भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर्स और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए 76,000 करोड़ रुपये (10 अरब डॉलर) को मंजूरी दी। भारत और अमेरिका ने पिछले महीने भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद के ढांचे के तहत अर्धचालक आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार साझेदारी स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। ग्रेटर नोएडो ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की शॉप, ऑफिस और क्योस्क की योजना की ऑनलाइन बिड बुधवार को लगाई गई, जिसके जरिए 17 शॉप, ऑफिस और क्योस्क बिक गए हैं। सफल आवंटियों को शीघ्र ही आवंटन पत्र जारी कर दिया जाएगा। 90 दिनों में भुगतान कर पजेशन प्राप्त कर सकेंगे।

## आसुस रॉग फोन 7 सीरीज भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी आसुस ने भारत सहित ताइवान, जर्मनी और यूएस के मार्केट में नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन रॉग फोन 7 सीरीज को लॉन्च कर दिया है। रॉग यानी रिपब्लिक गेमर जैसा कि नाम से ही क्लियर है कि यह फोन खासतौर पर मोबाइल गेमिंग के लिए डेवलप किया गया है। रॉग फोन 7 सीरीज में स्नैपड्रैगन 8 जनरेशन 2 एसओसी प्रोसेसर, 165हटर्ज की फुल एचडी+ एमोलेड डिस्प्ले और 6000एमएएच की बैटरी जैसे हाई-एंड एडवांस और पावरफुल फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी ने अपने नए गेमिंग फोन को दो मॉडल में लॉन्च किए हैं। इसके 12जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज वाले रॉग फोन 7 मॉडल की कीमत 74,999 रुपए है। वहीं, 16जीबी रैम + 512जीबी स्टोरेज वाले रॉग फोन 7 अल्टीमेट मॉडल की प्राइस 99,999 रुपए रखी गई है। भारत में रॉग फोन 7 की ऑफलाइन और ऑनलाइन सेल मई में शुरू होगी, जिसकी डेट अनाउंस होनी बाकी है। रॉग फोन 7 फैंटम ब्लैक और स्टॉर्म व्हाइट कलर ऑप्शन के साथ आता है, जबकि रॉग फोन 7 अल्टीमेट सिंगल कलर स्टॉर्म

# एक मई से महंगी हो जाएंगी टाटा की कारें





**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑटो की दिग्गज कंपनी टाटा मोटर्स ने शुक्रवार (14 अप्रैल) को अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों को 1 मई 2023 से बढ़ाने की अनाउंसमेंट की है। टाटा मोटर्स ने एक्सचेंजों को फाइलिंग में बताया है कि कंपनी ने अपने सभी वैरिएंट और मॉडल की कीमतों में एवरेज 0.6% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। अगर आप टाटा मोटर्स की कार खरीदना चाहते हैं तो आपके पास थोड़ी सस्ती कार खरीदने का मौका 30 अप्रैल यानी 15 दिन तक का है। इसके बाद कंपनी की सभी कारें महंगी मिलेंगी। फरवरी 2023 के बाद कंपनी ने यह इस साल दूसरी बार अपने पैसेंजर व्हीकल्स की कीमतों को बढ़ाने का ऐलान किया है। टाटा मोटर्स ने फाइलिंग में कीमतों में बढ़ोतरी करने की वजह भी बताई है। कंपनी ने बताया है कि नए रेगुलेटरी चेंजेस और ओवरऑल इनपुट कॉस्ट यानी कार की मेकिंग कॉस्ट बढ़ने की वजह से कंपनी ने अपने पैसेंजर व्हीकल्स के दाम बढ़ाने का यह फैसला किया है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने 1 अप्रैल से अपने कमर्शियल व्हीकल्स की कीमतों में 5% की बढ़ोतरी की थी। फरवरी में टाटा मोटर्स ने अपने सभी आइसीईपैसेंजर व्हीकल्स की कीमतें एवरेज 1.2% बढ़ाने की अनाउंसमेंट की थी। वहीं 10 फरवरी 2023 से टाटा मोटर्स ने अपनी टियागो-एश की कीमत लगभग 20,000 रुपए बढ़ा दी थी। 1 अप्रैल से देश में बीएस6 का दूसरा फेज लागू हो गया है और इसकी वजह से कंपनी की कार की मेकिंग कॉस्ट भी बढ़ गई है। यही वजह है कि कंपनियां अपने व्हीकल्स के दाम बढ़ा रही हैं।

# एक साल में डेढ़ गुना बढ़ा पर्सनल लोन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्च में खत्म वित्त वर्ष के दौरान पर्सनल लोन के आंकड़े देश में खपत बढ़ने के संकेत दे रहे हैं। फरवरी में पर्सनल लोन सालाना 20.4% बढ़े। वित्त वर्ष के पहले महीने यानी अप्रैल-22 में इस कैटेगरी के लोन 14.7% बढ़े थे। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल जनवरी और बीते साल दिसंबर में भी पर्सनल लोन की ग्रोथ 20% से ज्यादा रही थी। ट्रांसयूनियन सिबिल के आंकड़े संकेत देते हैं कि भारत में लोन की मांग बढ़ाने में युवाओं की बड़ी भूमिका रही है। क्रेडिट कार्ड से खर्च, कंज्यूमर ड्यूरेबल लोन और पर्सनल लोन पर भारतीय युवाओं की निर्भरता बढ़ रही है। मसलन सिर्फ एक साल में 18-30 साल उम्र के लोगों की तरफ से लोन के लिए पूछताछ 5 फीसदी से बढ़कर 40



फीसदी से ऊपर निकल गई। बीते वित्त वर्ष फरवरी तक लगातार 9 महीने हाउसिंग लोन माह-दर-माह 15% से ज्यादा बढ़ा। फरवरी में इस कैटेगरी की लोन ग्रोथ 15% रही, जो अप्रैल में 13.8% थी। लेकिन बीते साल जून से लगातार इस कैटेगरी की लोन ग्रोथ 15% ऊपर रही। दिलचस्प है कि अप्रैल 2022 में सोने के गहने गिरवी रखकर लिए गए लोन में 3% गिरावट आई थी। मई में भी ऐसे लोन की डिमांड 2.9% घटी थी।

**विदेश**

## विश्व बैंक अध्यक्ष ने 'पीएम' को सराहा, सीतारमण बोलीं

# भारत के प्रस्तावों पर सदस्य देशों की सहमति

**एजेंसी। वाशिंगटन**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी-20 समूह के अपने समकक्षों के साथ कई बैठकों के बाद कहा कि समूह ने भारत के कई प्रस्तावों का समर्थन किया है और इसमें सक्रिय भागीदारी पर विमर्श किया गया है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी-20 की एक साल की अध्यक्षता संभाली थी और इसने सितंबर की शुरूआत में नई दिल्ली में वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का लक्ष्य रखा है। जी-20 दुनिया की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। सीतारमण ने गुरुवार को वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठक से इतर जी 20 देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की। वहीं एक बैठक के दौरान विश्व बैंक अध्यक्ष डेविड मालपास ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य के लिए भारतीय



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। उन्होंने कहा, 'हम यह देखकर बहुत खुश हैं कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों का अच्छी तरह से समर्थन किया गया है और सदस्य देशों की ओर से सक्रिय भागीदारी हुई है। मंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की दूसरी बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, सतत वित्त, वित्तीय क्षेत्र, वित्तीय समावेशन और अंतरराष्ट्रीय कराधान के मसले पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चर्चा बहुत गहन थी और सदस्यों देशों की ओर से बहुत सारे ठोस इनपुट आ रहे थे। उन्होंने कहा कि बैठकों में 13 आमंत्रित देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के साथ लगभग 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीतारमण ने कहा कि जी-20 बैठकों के छह निष्कर्ष निकले। उन्होंने कहा कि सबसे पहले वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी के साथ ऋण पुनर्गठन व इससे जुड़ी कमजोरियों पर सफल चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दूसरा मुद्दा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार का है, जो एक भारतीय पहल है, जिसे बहुत अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय विकास बैंक के मुद्दे को मजबूत करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह की स्वीकृति, जहां हमारे दो सह-संयोजक हैं, का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया है। सीतारमण ने कहा, 'यह विशेषज्ञ समूह अपना काम कर रहा है और उम्मीद है कि जुलाई तक हमारे पास इस पर चर्चा के लिए कुछ होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत और जापान जी-7 और जी-20 के सदस्य देशों के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल हासिल करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। भारत इस बार जी20 देशों की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता कर रहा है जबकि जापान जी 20 देशों का वर्तमान अध्यक्ष है। सीतारमण ने कहा कि जापान ने उन्हें मई में जी-7 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में आमंत्रित किया है और वह इसमें शामिल होने पर विचार कर रही हैं।

## अमेरिकी दस्तावेजों को लीक करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों नवायु सेना के नेशनल गार्ड के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है, जिसने किशोरों के बीच लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप डिस्कॉर्ड पर कई गोपनीय सरकारी दस्तावेजों को लीक किया था। संदिग्ध जैक टेक्सेरा को गुरुवार देर रात मैसाचुसेट्स के नॉर्थ डाइटन स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इसने एक बयान में कहा, न्याय विभाग ने राष्ट्रीय रक्षा सूचना के कथित अनधिकृत निष्कासन, प्रतिधारण और प्रसारण की जांच के सिलसिले में जैक डगलस टेइसीरा को गिरफ्तार किया। न्याय विभाग ने कहा, यह जांच जारी है। हम उचित समय पर अधिक जानकारी साझा करेंगे। एफबीआई ने कहा कि गिरफ्तारी हमारे देश के विश्वास को धोखा देने और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वालों की पहचान करने, उनका पीछा करने और उन्हें जवाबदेह ठहराने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का उदाहरण है। सैन्य रिकॉर्ड बताते हैं कि टेक्सेरा के पास एयरमैन प्रथम श्रेणी का पद है और सितंबर 2019 में एयर नेशनल गार्ड में प्रवेश करने के बाद से वह वर्दी में है।

## इंडोनेशिया में चार संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई पुलिस के डेंसस 88 आतंकवाद निरोधक दस्ते ने लामपुंग में जेमाह इस्लामिया आतंकवादी समूह से जुड़े चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रिंगसेवु रीजेंसी के एक जंगल में की गई छापेमारी में दो अन्य संदिग्ध आतंकवादी मारे गए, जबकि डेंसस 88 का एक सदस्य भी घायल हो गया। पुलिस प्रवक्ता अश्विन सिरेगर ने गुरुवार को कहा, पुलिस ने 9 एमएम के घरेलू हथियारों सहित कुछ सबूत जब्त किए हैं। सिरेगर ने कहा, ये आतंकवादी 2002 के बाली बमबारी में जेमाह इस्लामिया के नेताओं और अभिनेता जुल्करनैन से जुड़े थे, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

## पेज एक के शेष

### लैंड स्कैम : भानु...

हुई थी। गौरतलब है कि राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने गुरुवार को रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमानें पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। गुरुवार की सुबह 6.30 बजे ईडी ने एक साथ रांची, सिमडेगा, हजारीबाग, बिहार के गोपालगंज, बंगाल के आसनसोल और कोलकाता में छापेमारी की थी। ईडी ने सेना की जमीन खरीद में गड़बड़ी, चेशायर रोड होम स्थित जमीन की खरीद में गड़बड़ी में दर्ज सदर थाना के केस के आधार पर ईसीआईआर दर्ज किया था। सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिकी के लिए कोलकाता से कागजात बनाए गए थे।

### पूर्व आईपीएस अधिकारी...

की पोजीशन भी अलग-अलग फोटो में अलग-अलग दिख रही है, जो भी इस पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध दिखाता है।

- एफआईआर में डिप्टी एसपी नवेंदु कुमार ने दावा किया है कि मोटरसाइकिल फिसल कर बबूल के झाड़ में गिर पड़ी, जिसके बाद दोनों ने जमीनी आड़ लेकर फायरिंग शुरू की। इसके विपरीत मौके की स्थिति से साफ दिखता है कि कथित घटनास्थल कच्ची सड़क के ठीक बगल में है। कच्ची सड़क ऊपर है और घटनास्थल नीचे है। घटनास्थल बिल्कुल खुला स्थान है जहां कोई भी आड़ नहीं है। स्पष्ट है कि वहां से कोई आड़ लेकर फायरिंग नहीं किया सकती थी। इसके विपरीत पुलिस वाले एक सुरक्षित पोजीशन में थे। इस प्रकार एफआईआर की यह बात भी सही नहीं जान पड़ती है।
- मौके की दर्शाई गई फोटोग्राफ ने कहीं से भी स्लीप करने या फिसलन के कोई निशान नहीं है, जो मोटरसाइकिल फिसलने के दावे को गलत बताते हैं।
- मोटरसाइकिल के टायर बिल्कुल साफ हैं और उस पर किसी भी प्रकार के धूल आदि के निशान नहीं हैं।
- एफआईआर के अनुसार के अनुसार मुठभेड़ 12:55 बजे दिन में समाप्त हो गई थी, किंतु नरेंद्र कुमार द्वारा एफआईआर रात में 11:55 बजे अर्थात मुठभेड़ समाप्त होने के 11 घंटे बाद कराई गई, जो अपने आप में संदेह का एक कारण है।
- न्यूज चैनलों ने लगभग 1:00 बजे दिन में इन बदमाशों के मारे जाने की खबर प्रसारित की जबकि एफआईआर के अनुसार उस समय तक दोनों बदमाश जीवित थे और उन्हें अस्पताल भेजा जा रहा था। यह बात भी इस घटना की सत्यता पर संदेह उत्पन्न करता है।

**प्रदर्शन**

## तीन महीने से पेंशन योजना का विरोध जारी, लाखों लोग सड़कों पर उतरें

# फ्रांस में लग्जरी ब्रांड्स के शोरूम में तोड़फोड़

**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस में नई पेंशन योजना का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को कई लग्जरी ब्रैंड्स के शोरूम में तोड़फोड़ कर दी। सड़क पर खड़ी गाड़ियों में आग भी लगा दी। प्रदर्शन के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पेरिस समेत कई शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, 3 लाख 80 हजार लोग सड़कों पर उतरे। इनमें से 42 हजार लोगों ने पेरिस में प्रोटेस्ट किया। दरअसल, फ्रांस में नई पेंशन योजना का विरोध पिछले 3 महीन से जारी है। इसके तहत रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़ाकर 64 की गई है। मार्च 2023 में रिटायरमेंट एज बढ़ाने वाला बिल संसद में पारित होकर कानून बन गया था। इसका विरोध हुआ, जिसके बाद आज फ्रांस की कॉन्स्टिट्यूशन काउंसिल फैसला सुनाएगी कि आखिर ये कानून संविधान की नजर में सही है या नहीं और क्या इसे लागू किया जाना चाहिए या नहीं। जनवरी 2023 में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेंशन सुधार की बात कही। इसको लेकर बनाई गई योजना के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन शुरू हुए। इसमें कहा गया कि योजना से जुड़ा एक बिल संसद में पारित होने के बाद रिटायरमेंट की उम्र को 62 से बढ़ा कर 64 कर देगा। साथ ही पूरी पेंशन के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा काल की अवधि को भी बढ़ा देगा। यानी 2027 से लोगों को पूरी पेंशन लेने के लिए कुल 43 साल काम करना होगा। अभी तक ये न्यूनतम सेवा काल 42 साल था। ये बिल 11 मार्च 2023 को सीनेट (फ्रांस की संसद का अपर हाउस) में पास हो गया। इसके बाद 16 मार्च को एक जॉइंट कमेटी ने इसे रिव्यू करके अप्रूव कर दिया। 17 मार्च को संसद को दोनों सदनों में इस पर फाइनल वोटिंग होनी थी। लेकिन नेशनल असैंबली में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्न ने संवैधानिक ताकत का इस्तेमाल करते हुए बिना



वोटिंग के ही बिल पास करवा दिया। पीएम ने आर्टिकल 49.3 का इस्तेमाल किया जिसके तहत बहुमत न होने पर सरकार के पास बिना वोटिंग के बिल पास कराने का अधिकार है। इसके बाद विपक्षी नेता मरीन ले पेन ने इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही थी।

ज्ञान की बात

हम युद्ध में खड़े हैं तो हमारे सामने केवल दो ही पक्ष होने चाहिए: अपना और शत्रु का। जो हमारे पक्ष में लड़ रहा है, वह इस समय रक्षणीय है और जो हमारे विरुद्ध युद्ध कर रहा है , वह बध्य है। इससे आगे कुछ भी सोचना अनुचित है! अतः युद्ध में उतरना और जय की इक्षा मन में न रखना अथवा जय के लिए पूर्ण प्रयत्न न रखना , पाप है! जीत के लिए जो भी युक्ति आवश्यक होगी, हम वह करेंगे! यह युद्ध शास्त्र का आदेश है! - *ठाकुरजी*



# मॉक ड्रिल के मायने

***झारखंड*** में कोरोना का कहर बढ़ता जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में कोरोना के मामले और बढ़ सकते हैं। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राहत की खबर यह है कि इस समय सर्वाधिक फैल रहा कोरोना उतना घातक नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सभी सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल का कार्य लगातार जारी है। मॉक ड्रिल के दौरान यह बात जरूर सामने आयी है कि राज्य में कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्कता बढ़ी है। पलामू में भी मॉक ड्रिल के दौरान डीसी ने लोगों को आश्वात किया है कि घड़बड़ाने की बात नहीं है। लेकिन सावधानी जरूरी है। खुशी की बात यह है कि मॉक ड्रिल खुद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की निगरानी में जारी है। इस दौरान देखा गया कि वर्तमान में 21680 बेड सुरक्षित हैं। 1456 वेंटिलेटर युक्त बेड, 11336 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। 122 पीएसए प्लांट भी ठीक हैं। 27 आरटीपीसीआर लैब लगाने का काम प्रक्रियाधीन है, कुछ लग चुके हैं। व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। पूर्व के एसओपी में गुणात्मक सुधार कर नई एसओपी जारी करने की योजना है। इसमें सबसे जरूरी बात यह होनी चाहिए कि फायर नॉर्म्स सही है या नहीं, एलएमओ का प्रेशर ठीक है या नहीं, सभी का मूल्यांकन समय रहते कर लेने की जरूरत है।

**झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सभी सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल का कार्य जारी है। इस दौरान यह बात सामने आयी है कि राज्य में कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्कता बढ़ी है।**

पीएसए प्लांट चलाने के लिए एनएचएम के फंड से पीएसए प्लांट ऑपरेटर को बहाल किया जायेगा, इस पर सहमति भी मिल गयी है। इसके अलावा डीएमएफटी फंड के तहत भी मैन पावर की बहाली की भी जरूरत है। बता दें कि कोरोना की दूसरे लहर के बाद पीएसए प्लांट ऑपरेटरों को काम से हटा दिया गया था। ऐसे में समय रहते इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। कोरोना के प्रभाव से बचाने के लिए केंद्र सरकार से वैक्सीन की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री से किस्तों में वैक्सीन की मांग की गई है। एक किस्त में पचास हजार वैक्सीन मिलेंगे। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि इस बार पहले की गलतियां दोहराई नहीं जायेगीं। इसमें इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि कहीं ऐसा न हो कि एक महीने के अंदर ही वैक्सीन एक्सपायर हो जाये। जानकारों की मानें तो कोविड वैक्सीन का परिणाम है कि लोगों की इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत हुआ है। कोरोना से अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि कोरोना का स्ट्रेन बहुत जल्दी बदलता है। ऐसे में यह पता लगा पाना मुश्किल है कि कौन सा स्ट्रेन घातक होगा। हाल के दिनों में राज्यभर में त्योहारों में बढ़ी भीड़ से संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है। पिछले दिनों जानकारी के अनुसार 12 सैंपल विभिन्न जगहों से एकत्रित कर भुवनेश्वर भेजा गया है। जिसके रिपोर्ट की प्रतिक्षा है। सूचनाओं के अनुसार उनके रिपोर्ट अभी तक नहीं आये हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि हमारे आंगन में कोरोना का प्रकोप कम जरूर हुआ है,लेकिन यह वायरस अभी भी खतरे के रूप में मंडरा रहा है। इसे रोकने का बस एक ही उपाय है कि भीड़-भाड़ वाले जगहों से अलग रखने का प्रयास हो। साथ ही मास्क का प्रयोग अवश्य करें। राज्य सरकार को चाहिए कि वह केन्द्र सरकार पर दबाव बनाये रखे। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री की गतिविधियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता है। वैसे भी देखा जाये तो स्वास्थ्य के मामले में अपने राज्य झारखंड में सुविधाओं का घोर अभाव है। निकट भविष्य में इस ओर क्रांन्तिकारी कदम की भी जरूरत है। :

# भारत की प्राचीन जल संस्कृति को जीवंत करें



ललित गर्ग



***जल*** प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को यह बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। इन सभी समस्याओं से दुनिया को अवगत कराने एवं सबको जागरूक करने के लिए 1993 से प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल की बबार्दी के बारे में लोगों के व्यवहार को मिटाने के लिये इसकी त्वरित जरूरत है। इसी सप्ताह संयुक्त

**जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है पानी के संरक्षण व समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं।**

**इन दिनों**

राष्ट्र के मुख्यालय में जल सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसमें सभी के लिए जल और स्वच्छता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा होगी। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। इस सम्मेलन में सरकार, उद्योग जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए लक्ष्य तो निर्धारित किये ही जायेगे, साथ ही आम लोगों को पानी बचाने के मुहिम से जोड़ने के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने पर विचार होगा। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भू-जल प्रबंधनों के लिए अटल भू-जल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में राज्यों के जल मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था। अब यह सम्मेलन हर साल आयोजित किया जायेगा। इसके उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमान में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो 'अब भी खरे है तालाब' कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व जल दिवस की मूल भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारकर हर व्यक्ति, हर दिन जल संरक्षण का यथासंभव प्रयास करे। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरूआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। राजा-महाराजाओं तथा सेठ-साहूकारों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने नाम को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इन प्रदेशों के विभिन्न भागों में कलात्मक बावड़ियों, कुओं, तालाबों, झालरों एवं कुंडों का निर्माण करवाया।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

***श्रीकृष्ण*** और राधा का कहीं पता नहीं है फिर तो गोप, गोपी, देवता और ब्राह्मण सभी अत्यंत उच्च स्वर से विलाप करने लगे। ठीक उसी समय बड़े मधुर शब्दों में आकाशवाणी हुई। मैं सर्वात्मा कृष्ण और मेरी स्वरूपा शक्ति राध। हम दोनों ने ही भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए यह जलमय विग्रह धारण कर लिया है। तुम्हे मेरे तथा इन राधा के शरीर से क्या प्रयोजन ? इस प्रकार पूर्ण ब्रह्म भगवान कृष्ण ही जलरूप होकर गंगा बन गए थे । गोलोक में प्रकट होने वाली गंगा के रूप में राधा झ कृष्ण प्रकट हुए हैं। राधा और कृष्ण के अंग से प्रकट हुई गंगा भक्ति व मुक्ति दोनों देने वाली है । इन आदरणीय गंगा देवी को सम्पूर्ण विश्व के लोग पूजते हैं। गंगा कहां जायेगी ? तब नारद जी ने पूछा झ कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत जाने पर गंगा को कहां जाना होगा , भगवान नारायण ने कहा- हे नारद ! सरस्वती के शाप से गंगा . भारतवर्ष में आई , शाप की अवधि पूरी हो जाने पर वह पुनः भगवान श्रीहरि की आज्ञा से बैकुण्ठ चली जायेगी । ये गंगा , सरस्वती और लक्ष्मी श्रीहरि की पत्नियां हैं । लक्ष्मी ही तुलसी के रूप में पृथ्वी पर पर आई । इस प्रकार से तुलसी सहित चार पत्नियां वेदों में प्रसिद्ध हैं। हरिद्वार उत्तराखण्ड राज्य में जो समुद्रतट से लगभग एक हजार फुट की ऊंचाई पर हिमालय पर्वत की शिवालिक नामक पर्वत श्रेणी की तराई में परम पुनीत गंगा नदी के दाहिने तट पर बसा हुआ है। हिमालय पर्वत पर उद्गम स्थान ' गंगोत्री' से निकलने के पश्चात गंगा का दर्शन सर्वप्रथम इसी स्थान पर होता है , इसलिए इसे गंगाद्वार भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कारणों से इस स्थान के कुछ नाम और भी हैं । जैसे श्री शिवजी के परम धाम 'पंचकेदार' के दर्शन के लिए ' शैव्य' लोक इसी मार्ग से जाते हैं। अतः ये शिव जी का नाम हर होने के कारण इसे हरद्वार के नाम से पुकारते हैं।

(क्रमशः)

# चंपारण सत्याग्रह जिसने दिखाई आजादी की राह



आनंद प्रकाश

***भारतीय*** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में चंपारण सत्याग्रह का प्रमुख महत्व है। यही वह सत्याग्रह है, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बना दिया। और यही वो सत्याग्रह है जिसने भारत को आजादी की राह दिखाई। 15 अप्रैल, 1917 को गांधी के मोतिहारी आगमन के बाद बिना किसी धरना, प्रदर्शन व अस्त्र- शस्त्र के प्रयोग के अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध शुरू किया गया किसानों का यह सत्याग्रह पूरी तरह सफल रहा। यह उन दिनों की बात है जब प्रथम विश्वयुद्ध चल रहा था। फिरंगियों के अत्याचार और शोषण से पूरे देश के साथ बिहार के चंपारण (बेतिया और मोतिहारी) जिले के किसान त्रस्त थे। उनकी जमीन पर जबरन नील की खेती करवाई जा रही थी। नील की खेती से न सिर्फ किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि की उर्वरता नष्ट हो रही थी, अपितु किसान अपने भोजन के लिए आवश्यक खाद्यान भी पैदा नही कर पा रहे थे। तीनकठिया प्रथा यानी एक बीघे जमीन में तीन कठ्ठा नील की खेती के साथ ही मनमाने करों की वसूली की जा रही थी। शोषण, पीड़ा और अत्याचार के विरुद्ध भीतर ही भीतर चिंगारी भी सुलग रही थी। चंपारण की पीड़ा पर गणेश शंकर विधार्थी के प्रताप अखबार में अग्रलेख छपने लगे। इसी बीच चंपारण के एक साधारण किसान राजकुमार शुक्ल ने पत्रकार पीर मोहम्मद मुनीस, लोमराज सिंह, संता राउत सहित अपने जैसे अन्य कई और किसानों को लामबंद करना शुरू किया। अंग्रेजों को इसकी भनक लगी तो इन लोगों को जेल में डाल दिया गया। लेकिन इन लोगों ने हार नहीं मानी। बाहर आने पर फिर अपने अभियान में शुरू हो गये। पहले वे बाल गंगाधर तिलक और फिर मदन मोहन मालवीय के पास भी गये। आखिर में राजकुमार शुक्ल इस संबंध में महात्मा गांधी से मिले और उनसे चंपारण में आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। इसके बाद जो हुआ, वो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के रूप में दर्ज है। गांधी ने चंपारण को सत्य और अहिंसा का प्रयोगशाला बनाया। गांधी अपनी जीवनी ''सत्य के प्रयोग'' में लिखते है- वहां जाने से पहले मैं चंपारण का नाम भी नहीं जानता था। नील की खेती होती है, यह सोचा भी नहीं था। राजकुमार शुक्ल नाम के चंपारण के एक किसान ने उनका पीछा किया और वकील बाबू (उस वक्त बिहार के नामी वकील और जयप्रकाश नारायण के ससुर ब्रजकिशोर प्रसाद) के बारे में कहते कि वे सब हाल बता देंगे। साथ ही चंपारण आने का निमंत्रण देते। यह क्रम चलता रहा और आखिर में मुझे चंपारण जाना ही पड़ा। गांधी के चंपारण पहुंचते ही अंग्रेज अफसरों के होश उड़ने लगे। उन्होंने महात्मा गांधी को जिला छोड़ने का आदेश दे दिया, लेकिन गांधी किसानों को इंसाफ दिलाने की ठान चुके थे। गांधी ने जिला छोड़ने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर 18 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया गया। गांधी ने मजिस्ट्रेट के सामने बेहद निडर व विनम्र सुर में कहा कि वह चंपारण में किसानों की हालत जानने आये हैं, जब तक हालत से वाकिफ नहीं हो जाते, वे चंपारण नहीं छोड़ेंगे। अगर इस बात की उन्हें सजा भी मिले तो वो भुगतने को तैयार हैं। गांधी की सच्चाई और निडरता देख मजिस्ट्रेट चकरा गया। कुछ समझ नहीं आया तो उसने तारीख आगे बढ़ा दी। ...और यह चंपारण

**फिरंगियों के अत्याचार और शोषण से पूरे देश के साथ बिहार के चंपारण (बेतिया और मोतिहारी) जिले के किसान त्रस्त थे। उनकी जमीन पर जबरन नील की खेती करवाई जा रही थी।**

**देश-दुनिया**

सत्याग्रह की पहली जीत थी। इतिहासकार बताते हैं कि अंग्रेजी हुकूमत एक ओर विश्व युद्ध और दूसरी ओर रूस में लेनिन बोल्शेविक क्रांति के बीच गांधी जैसे शख्ससियत से बैर नहीं मोल लेना चाह रही थी, अंततःगांधी के आगे नतमस्तक अंग्रेजों ने मुकदमा वापस ले लिया और जांच में सहयोग करने का आदेश दिया। और यह चंपारण में सत्य की बड़ी जीत थी। अब गांधी चंपारण के गांव-गांव में घूमने लगे और वहां बड़ी संख्या में जुटने वाले किसान अपना बयान दर्ज कराने लगे।

**फोटो की दुनिया**




**ट्वीट-ट्वीट**

Sachin Gupta
@sachingupta787

Update Encounter :
अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। STF नेपाल तक खोजती हुई वापस UP के झांसी में पहुंची और दोनों को मार गिराया। दोनों प्रयागराज के उमेशपाल हत्याकांड में वांटेड थे।

**फेसबुक वॉल से**

Kaushal Kishore Shukla
5 h ·




# अपराधियों के एनकाउंटर पर सवाल क्यों?



प्रभुनाथ शुक्ल

***उत्तर*** प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने अतीक जैसे माफिया को घुटनों के बल आने पर मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि पूरे देश में एक अलग तरह के तटस्थ शासक के रूप में उभरी है। अपराधियों में मुख्यमंत्री की इस नीति को लेकर खौफ है। अब किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी और दंगाई 100 बार सोचने लगे है। यही कारण है कि रामनवमी जैसे पवित्र दिवस पर पश्चिम बंगाल, बिहार और दूसरे राज्यों में आगजनी और हिंसा हुईं की घटनाएं हुईं, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस तरह की कोई वारदात नहीं हुई। योगी की कार्यशैली को लेकर पूरे देश में सियासी बहस छिड़ी है। माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर ओवैसी और अखिलेश यादव धर्म और मजहब का तड़का लगा रहे हैं। निश्चित रूप से सवाल उठाना विपक्ष का राजनीतिक धर्म है। लेकिन अपराध और माफिया को राजनीतिक संरक्षण देना कहां की नीति है। धर्म और जाति को हम वोट बैंक का सहारा कब तक बनायेंगे। प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की फरवरी के अंतिम सप्ताह में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरे प्रदेश में सियासी माहौल गर्म हो गया। योगी सरकार पर लोग सवाल उठाने लगे। प्रदेश को माफिया मुक्त करने के दावे को हास्यापद बताया गया। कहा गया कि अतीक जैसे माफिया जेल में होने के बाद भी खुली सड़क पर निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे हैं। पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना में निर्दोष गनर भी हत्या के शिकार हुए। सरकार को बुलडोजर नीति और अपराध मुक्त प्रदेश को लेकर कठघरे में खड़ा किया जाने लगा। इस घटना को मुख्यमंत्री योगी ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने विधानसभा में ऐलान किया कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। जब अतीक जैसे माफिया के खिलाफ सरकार एक्शन मोड में आ गई तो विपक्ष फिर वोट बैंक के डर से धर्म और मजहब की आड़ लेने लगा। उमेशपाल की हत्या पर जो समाजवादी पार्टी घड़ियाली आंसू बहा रहीं थी वहीं अतीक के खिलाफ कार्रवाई पर सियासी राग अलापने लगी। योगी की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाने वाले तो यहां तक कह रहे हैं कि क्या उत्तर प्रदेश में कानून और संविधान को खत्म कर देना चाहिए। ओवैसी सवाल उठा रहे हैं कि संविधान और कानून का क्या मतलब है। फिर अदालत और जज जैसे पद को खत्म कर दिया जाना चाहिए। अपराधियों को सजा देने के लिए अदालत और संविधान है। एनकाउंटर कहीं का इंसाफ नहीं है। ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का एनकाउंटर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया है। उनकी निगाह में सही गलत का फैसला सत्ता नहीं करती। हम अखिलेश यादव और ओवैसी के बातों से बिल्कुल सहमत हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर अतीक ने उमेशपाल की हत्या क्यों करवाई क्या ऐसा होना चाहिए था। अगर नहीं तो ओवैसी क्यों चुप थे। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में 10713 से भी अधिक एनकाउंटर

**योगी की कार्यशैली को लेकर पूरे देश में सियासी बहस छिड़ी है। माफिया अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर ओवैसी और अखिलेश यादव धर्म और मजहब का तड़का लगा रहे हैं।**

**राजनीति**

हुए हैं। पूरे देश में उत्तर प्रदेश शायद इस तरह का इकलौता प्रदेश है। एनकाउंटर में 183 से अधिक अपराधियों का सफाया हुआ। मेरठ पुलिस ने सबसे अधिक 3152 एनकाउंटर किए हैं। कुछ कथित समाजशात्री कहते हैं कि एनकाउंटर किसी समस्या का समाधान नहीं है। सवाल यह भी उठता है कि ओवैसी को उस दौरान मजहब क्यों नहीं दिखता। उस दौरान संविधान की याद क्यों नहीं आती। उस दौरान मजहब कहां चला जाता है जब हैदराबाद में एक डॉक्टर बेटी से बलात्कार होता है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लो बीपी को कंट्रोल करने के लिए बेस्ट है आयुर्वेद

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए ब्लड प्रेशर का कंट्रोल में होना आवश्यक होता है। लेकिन कई कारणों से ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। बल्ड प्रेशर के लो या हाई होने पर सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता है।**

कई बार अचानक से ब्लड प्रेशर हाई या लो होने के कारण व्यक्ति को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ जाता है। ऐसी स्थिति में आप फौरन डॉक्टर के पास भागते हैं। लेकिन यहां पर हम आपको आयुर्वेद के कुछ उपाय बता रहे हैं। जिनकी मदद से आप अपने बीपी को कंट्रोल में रख सकते हैं। बेहतर स्वास्थ्य के लिए ब्लड प्रेशर का कंट्रोल में होना आवश्यक होता है। लेकिन कई कारणों से ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। बल्ड प्रेशर के लो या हाई होने पर सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता है। आपको बता दें कि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति का नॉर्मल ब्लड प्रेशर 120/80mm Hg होना चाहिए। जब किसी व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 90/60 mm Hg से नीचे चला जाता है। तब इसको लो ब्लड प्रेशर या लो बीपी व हाइपोटेंशन भी कहा जाता है।

## लो ब्लड प्रेशर के लक्षण

जब किसी व्यक्ति को बल्ड प्रेशर कम हो जाता है तो उसे कई समस्याएं हो सकती हैं। लो ब्लड प्रेशर होने पर व्यक्ति को थकान, कमजोरी, बेचैनी, धुंधला दिखना, उलझन, ध्यान लगाने में परेशानी, मतली जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## इलाज

लो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के कई उपाय हैं। वहीं आप डॉक्टर की मदद से भी ब्लड प्रेशर को



कंट्रोल कर सकते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार द्वारा बताए गए ब्लड प्रेशर के सस्ते और असरदार उपाय बताने जा रहे हैं। ऐसे में अगर आप बी लो ब्लड प्रेशर की समस्या से परेशान हैं तो इन उपायों को आजमा सकते हैं।

## हिमालयी नमक

डॉक्टर दीक्षा भावसार के मुताबिक एक गिलास सादे पानी में आधा चम्मच हिमालयन नमक मिलाकर पीना चाहिए। इससे आपको लो ब्लड प्रेशर में राहत मिलेगी। आयुर्वेद के अनुसार, हिमालयन नमक सेहत के लिए फायदेमंद होता है और इसमें तीन दोषों को संतुलित करने की क्षमता पाई जाती है।

## कंट्रोल में रखता है ब्लड प्रेशर

हिमालयन सेंधा नमक पोटेशियम का अच्छा स्त्रोत माना गया है। यही कारण है कि इसकी मदद से ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है। अगर आपके परिवार के किसी भी सदस्य का अचानक से ब्लड प्रेशर कम हो जाए तो आप इस नुस्खे का उपयोग कर सकते हैं। जिससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल में आ जाएगा।

## हिमालयन नमक के फायदे

हिमालयन नमक को गुलाबी नमक भी कहा जाता है। हिमालयन नमक स्वाद में नमकीन होने के साथ ही थोड़ा मीठा भी होता है। साथ ही इसकी तासीर ठंडी होती है और यह आसानी से पच जाता है। सैंधव लवण की तासीर ठंडी होने के चलते यह पित्त को भी संतुलित करने में सहायक होता है। हिमालयन नमक त्वचा रोगों के लिए भी एक बढ़िया ऑप्शन है।

## छाती की जकड़न

डॉक्टर ने बताया कि हिमालयन नमक का स्वाद नमकीन होने के कारण यह वायु को संतुलित करता है। यह नमक थूक को बाहर निकालकर सीने की जकड़न को दूर करने में सहायक होता है। इसके अलावा कफ में भी राहत मिलती है।

## हाइड्रेटेड

हिमालयन नमक के पानी का सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह विषाक्त पदार्थों को बॉडी से बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही आपकी बॉडी को हाइड्रेट करने में मदद करता है। हिमालयन नमक उन मिनरल्स की भरपाई करता है जो खो जाते हैं।

## गले की खराश और खांसी का इलाज

अगर आप भी गले की खराश से परेशान हो गए हैं तो पानी में हल्दी और हिमालयी नमक मिलाकर गरारे करने से खराश में राहत मिल सकती है। इसमें पाए जाने वाले डिकंजेस्टेंट गुण आपकी बंद नाक और खांसी से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह नाक और गले की कैविटी को भी साफ करता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# खाने के बाद बढ़ता है ब्लड शुगर तो 30 मिनट पहले करें बादाम का सेवन



बादाम के अनगिनत फायदे से हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बादाम खाने से प्री-डायबिटिक वाली स्थिति में भी लाभ मिलता है। प्री-डायबिटिक वह स्थिति है, जिनमें लोगों को डायबिटीज होने का खतरा होता है। भारतीय शोध में इस बात का अध्ययन किया गया है। बादाम खाने के अनगिनत फायदे तो आप सभी जानते होंगे। बदाम में विटामिन, मैग्नीशियम, प्रोटीन, कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे सभी पोषक तत्व होते हैं। यह सभी पोषक तत्व हमारे शरीर के बेहतर कामकाज के लिए काफी आवश्यक होते हैं। बता दें कि बादाम में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। जिसके चलते बादाम को डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहतर फूड माना जाता है। भारतीय शोधकर्ताओं ने हाल ही में डायबिटीज के मरीजों पर बादाम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर दो तरह के अध्ययन किए हैं। यूरोपियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, शोधकर्ताओं ने बताया है कि खाना खाने से आधा घंटे पहले 20 ग्राम बादाम खाना चाहिए। इस तरह से बादाम का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह खासकर प्री-डायबिटीज के लोगों के लिए फायदेमंद होता है। देश के लोगों को लेकर भारतीय डॉक्टरों ने यह अध्ययन किया है। शोधकताओं ने बताया कि एशियाई भारतीयों में प्री-डायबिटीज के साथ ग्लाइसेमिया के मापदंडों खाना खाने से पहले बादाम खाने के प्रभावों की जांच करने वाला पहला अध्ययन किया गया है। वहीं सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि बादाम का सेवन किस तरह से ब्लड शुगर को कम करता है। साथ ही जानते हैं कि भोजन से पहले कितने बादाम का सेवन किया जाना चाहिए।

**कम होगा ब्लड शुगर :** शोधकर्ताओं के अनुसार, अगर आप खाना खाने से पहले बादाम खाते हैं तो भोजन के बाद आपके ब्लड शुगर में कमी आ सकती है। सिर्फ इतना ही नहीं इससे सी-पेप्टाइड, इंसुलिन और गल्कागॉन लेवल में भी सुधार होता है।

**एक दिन में खाएं इतने बादाम :** आमतौर पर बहुत से लोग सुबह के समय बादाम खाना पसंद करते हैं। एक दिन में 5-6 बादाम का सेवन करते हैं। वहीं इस स्टडी की ऑथर सेंटर फॉर न्यूट्रिशन रिसर्च डॉ. सीमा गुलाटी और फोर्टिस सीडीओसी हॉस्पिटल फॉर डायबिटीज एंड एलाइड साइंसेज के चेयरमैन डॉक्टर ने बताया कि प्रतिदिन भोजन करने से पहले 20 ग्राम या 17-18 बादाम खाने चाहिए। बता दें कि इसमें ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर भी शामिल है।

**इतने लोगों पर किया गया अध्ययन :** इस अध्ययन में 27 पुरुषों और 33 महिलाओं को शामिल किया गया। यह वह लोग हैं, जिनमें किसी न किसी कारण से डायबिटीज होने का खतरा है। यानि की अध्ययन में शामिल लोग प्री-डायबिटीज के श्रेणी में हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन लोगों को भोजन से पहले बादाम खाने पर भोजन के बाद ब्लड शुगर में कमी पाई गई। इसके अलावा सीरम इंसुलिन, ब्लड ग्लूकोज, प्लाज्मा ग्लूकागन और सीरम सी-पेप्टाइड में भी कमी देखी गई।

**कैसे कम होता है ब्लड शुगर :** शोधकर्ताओं का मानना है कि खाना खाने के पहले बादाम खाने से इंसुलिन रेसिस्टेंट में सुधार होता है। बादाम में फाइबर होता है जो आंतों के कामकाज को बढ़ावा और सुचारू रूप से चलाता है। यह ग्लूकोज के लेवल को कंट्रोल करने का कम करता है।

**कच्चे बादाम ज्यादा फायदेमंद :** अक्सर लोग भीगे बादाम खाना पसंद करते हैं। लेकिन इस अध्ययन के अनुसार, कच्चे बादाम का सेवन अधिक फायदेमंद होता है। जब कच्चे बादाम का सेवन किया जाता है। तो वह पोषक तत्वों की संरचना को वैसे ही बनाए रखते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि भीगे हुए बादाम में एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा हो जाती है।

**पोषक तत्व और फायदे :** बादाम में मोनोअनसैचुरेटेड फैट और फाइबर पाया जाता है। रोजाना बादाम के सेवन से न सिर्फ डायबिटीज में राहत मिलती है बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। बता दें कि 20 ग्राम बादाम में 2.9 ग्राम फाइबर पाया जाता है। इसमें 116 कैलोरी होती है। स्टडी के अनुसार, बादाम कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ ही हृदय रोग के खतरे को भी कम करता है।

# बार-बार मुंह सूखना हो सकता है गंभीर बीमारी का संकेत

मुंह के सूखने के कई कारण हो सकते हैं। वहीं गर्मियों में मुंह सूखने की समस्या आम हो जाती है। वहीं कुछ लोगों में यह समस्या गंभीर होती है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हो गए हैं तो इन टिप्स को अपना सकते हैं। जब मुंह में पर्याप्त मात्रा में लार नहीं बनती है तब मुंह ड्राई या जेरोस्टोमिया होता है। लार न बनने के कई कारण हो सकते हैं। वहीं गर्मियों में यह समस्या आम होती है। लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या काफी गंभीर हो जाती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुंह के शुष्क होने के कारण के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस समस्या से बचने के उपायों के बारे में बताएंगे। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। मुंह के ड्राई होने के कई कारण हो सकते हैं। लेकिन इसके सामान्य कारणों में से एक दवाइयां भी हैं। वहीं उम्र से संबंधित मुद्दे या कैंसर के लिए विकिरण इलाज के दुष्प्रभावों से भी मुंह ड्राई होने लगता है। वहीं कुछ मामलों में यह बीमारी का रूप भी ले लेता है। जो सीधे लार नलिकाओं को प्रभावित करने का काम करता है। जिसके कारण मुंह सूखने लगता है।

**खूब पानी पिएं :** सूखे मुंह से छुटकारा पाने के लिए सबसे अच्छा उपाय है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। कई अध्ययनों के मुताबिक निर्जलीकरण मुंह सूखने में अहम योगदान देता है। जब मुंह में लार का सामान्य प्रवाह नहीं हो जाता, तब तक आप पानी की चुस्की लेकर मुंह में कीटाणुओं को दूर करने में मदद मिलती है।

**शुगर-फ्री गम :** यदि आपका भी मुंह सूखता है तो इस स्थिति में इंडियन डेंटल एसोसिएशन बिना चीनी के च्युइंगम चबाने की सलाह देती है। इस



दौरान करीब 15 मिनट तक च्युइंग गम चबाने से मुंह से भोजन के कणों के अलावा प्लाक आदि को साफ किया जा सकता है। इससे लार को बढ़ावा भी मिलता है।

**शुगर-फ्री कैंडीज :** शुगर-फ्री कैंडी को थोड़े समय तक चूसने से मुंह को ड्राईनेस से राहत देता है। शुगर-फ्री कैंडीज में खांसी की गोलियां, मीठी गोलियां और अन्य मिठाइयां शामिल है। एक अध्ययन के मुताबिक मुंह की समस्या वाले सभी मरीजों को चीनी मुक्त मिठाइयों के सेवन की सलाह दी जाती है। खासकर इनका सेवन उन लोगों के लिए अच्छा माना जाता है, जिन्हें मुंह सूखने की समस्या या प्यास अधिक लगती है।

**एल्कोहल-फ्री माउथवॉश :** माउथवॉश उत्पादों में अल्कोहल एक सामान्य चीज हैं। हालांकि यह मुंह की नमी को प्रभावित कर सकता है। मुंह को अनजाने में नुकसान पहुंचाए बगैर या इसे ज्यादा सुखाए बिना मुंह को हाइड्रेट रखने के लिए अल्कोहल-मुक्त माउथवॉश से गार्गल करना चाहिए।

**ह्यूमिडिफायर :** ह्यूमिडिफायर कमरे में नमी जोड़ने का काम करता है। कई बार सूखी हवा में सांस लेने से मुंह सूखने लगता है। लेकिन नमी वाली हवा में मुंह कम सूखता है। खासकर सोने के दौरान भी यह समस्या देखने को मिलती है। इसके लिए आप अपने आसपास नमी बनाए रखें। इससे ड्राई मुंह को राहत मिलती है।

**धूम्रपान और शराब :** धूम्रपान और शराब को छोड़ कर आप अपने शुष्क मुंह के लक्षणों से राहत पा सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक शराब और धूम्रपान का सेवन करते रहने से यह स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस दौरान बार-बार प्यास लगना या मुंह सूखने लगता है।

**नाक से सांस लें :** शुष्क मुंह के लक्षणों से बचने के लिए आपको नाक से सांस लेनी चाहिए। कई बार मुंह से सांस लेने के कारण भी मुंह सूखने की समस्या देखने को मिलती है। इसके अलावा मुंह से सांस लेने से कई अन्य गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6670

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6669 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**15 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.42 बजे से |
| चंद्र | मकर में | वृष | 07.22 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.20 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.33 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 13.49 बजे से |
| शुक्र | वृष में | कन्या | 16.01 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.12 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 20.27 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 22.43 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.48 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कुंभ | 02.34 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.07 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 105 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 20.46 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 07.36 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 06.32 बजे तदनन्तर शुभ 03.23 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 10.01 बजे तदनन्तर विष्टि 20.46 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 36'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871584
**जूलियन दिन** 2460049.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान **तारीख** 23
**विशेष** विशु कानी, पहेला वैशाख।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7733

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -7732 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ज | ग | ■ | ह | सी | न | ■ |
| वा | दा | ■ | र | ■ | म | ■ | व | ध |
| प | ■ | फि | ल | हा | ल | ■ | ■ | मा |
| सी | र | त | ■ | नि | ■ | रु | ब | ल |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | न | ख | ■ | ■ |
| नी | जा | त | ■ | जो | ■ | सा | हि | ल |
| र | ■ | ■ | क | र | ता | र | ■ | ह |
| व | श | ■ | म | ■ | मी | ■ | ता | जा |
| ■ | क | ल | म | ■ | ल | की | र | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। लंबे समय से फंसा हुआ धन वापस मिलेगा। खिलाडियों के लिए समय अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा और नौकरीपेशा लोगों को तरक्की मिलेगी।

**वृष राशि** : कारोबारियों के लिए आज का दिन शुभ है। प्रॉपर्टी में निवेश अच्छा रहेगा। धनलाभ के नए रास्ते खुलेंगे। व्यापार-धंधे में अच्छा लाभ मिलने के योग हैं।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। परिजनों और मित्रों की मदद से धनलाभ की प्राप्ति होगी। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आफिस में तरक्की मिल सकती है। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। आपका रुझान धार्मिक कार्यों की अधिक रहेगा। अध्यात्म में लगाव बढ़ सकता है। दूसरों के साथ बड़ी ही विनम्रता के साथ पेश आएंगे।

**कन्या राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। संपत्ति के मामले में बड़े फैसले हो सकते हैं। कारोबार में धन लाभ होगा। जो बेरोजगार चल रहे हैं।

**तुला राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा का योग बन सकता है। नौकरी में तरक्की के योग हैं।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। पिता के कारोबार में सहयोग करेंगे। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। पारिवारिक रिश्ते मजबूत बनेंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होने से आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। कृषि से जुड़े लोगों को अच्छा फायदा होगा।

**मकर राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आय की तुलना व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ये समस्याएं छोटी-छोटी होंगी, ऐसे में आप खुद को मानसिक रूप से शांत रखने का प्रयास करें।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबारियों को लाभ मिलेगा। नौकरी में तरक्करी हो सकती है। उच्च अधिकारियों और सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य में सफलता भी मिलेगी। कारोबारियों को धनलाभ होगा और आय के नए स्रोत मिलेंगे। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।




## NEWS इन ब्रीफ

### 25 अप्रैल को केरल दौरे पर रहेंगे पीएम, वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के लिए स्वीकृत दो वंदे भारत ट्रेनों में से एक (पहली) को हरी झंडी दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम में रहेंगे। मोदी 24 अप्रैल को 'युवम' नामक एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोच्चि पहुंच रहे हैं, जहां वह लगभग 1 लाख युवाओं के साथ बातचीत करेंगे और प्रदेश भाजपा द्वारा इसे बड़ी सफलता दिलाने के लिए उच्च स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन में 16 आधुनिक कोच हैं और इसमें निरंतर सेवाएं होंगी। रेलवे 22 अप्रैल को तिरुवनंतपुरम-कन्नूर खंड पर ट्रायल रन करेगा। रेलवे के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि ट्रैक बढ़ाने और सिग्नलिंग प्रणाली के आधुनिकीकरण का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### अंबेडकर की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

**हैदराबाद।** शुक्रवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के मौके पर हैदराबाद के मध्य में हुसैन सागर झील के किनारे उनकी 125 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। बौद्ध भिक्षुओं द्वारा धार्मिक मंत्रोच्चारण के बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अंबेडकर के पोते प्रकाश अंबेडकर, राज्य के मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति में कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस कार्यक्रम में विशेष हेलीकॉप्टर से प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की गई, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 40,000 लोगों ने भाग लिया। केसीआर और प्रकाश अंबेडकर ने दिवंगत नेता के जीवन पर प्रकाश डालने वाले संग्रहालय और गैलरी का दौरा किया।

### जामिया मस्जिद में सामूहिक नमाज की नहीं दी गई अनुमति

**श्रीनगर।** श्रीनगर के जामिया मस्जिद में रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुम्मा-तुल-विदा की सामूहिक नमाज की अनुमति नहीं दी। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। श्रीनगर शहर के नौहट्टा इलाके में स्थित मस्जिद के प्रबंध निकाय अंजुमन औकाफ जामिया मस्जिद ने एक बयान में कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह दरगाह का दौरा किया और प्रबंधन से गेट पर ताला लगाने को कहा क्योंकि प्रशासन ने फैसला किया था कि मस्जिद में जुम्मा-तुल-विदा की नमाज की।

## असम को पीएम ने दी 14,300 करोड़ की सौगात

# पांच रेल परियोजनाओं को राष्ट्र के नाम समर्पित किया

**एजेंसी। गुवाहाटी**

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम को 14 हजार 300 करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत को पहला एम्स और तीन मेडिकल कॉलेजों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी को लेकर काफी चर्चा हुई है। आज जो भी यहां आता है, वह यहां की तारीफ किए बिना नहीं रहता। उन्होंने कहा कि यहां पर सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया गया है। यहां पर एजुकेशन और मेडिकल क्षेत्र में काफी काम किया गया है। आज यहां पर एक एम्स और तीन मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला।

### एम्स का किया उद्घाटन, 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान की शुरुआत



**इससे** पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया और 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट', पलाशबाड़ी और सुआलकुची को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल और शिवसागर के 'रंग घर' के सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी ने असम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया और 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट', पलाशबाड़ी और सुआलकुची को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल और शिवसागर के 'रंग घर' के सौंदर्यीकरण कार्य की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे की पांच परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। जिन रेल परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ, उनमें दिगारू-लुमडिंग खंड; गौरीपुर-अभयपुरी खंड; न्यू बोंगाईगांव-धूप धारा खंड का दोहरीकरण; रानीनगर जलपाईगुड़ी-गुवाहाटी खंड का विद्युतीकरण; सेंचोआ-सिलघाट टाउन और सेंचोआ-मैराबाड़ी खंड का विद्युतीकरण शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर पूर्व के विकास की चर्चा पर कुछ लोगों को तकलीफ होती है। इन लोगों को क्रेडिट की चिंता होती है। क्रेडिट के भूखे लोगों को नॉर्थ ईस्ट दूर लगता था। एक परायेपन का भाव उन्होंने ही पैदा किया। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान सरकार सेवा भाव से काम कर रही है। दिल्ली का एम्स 50 के दशक में बना था। देश के कोने-कोने से लोग आकर इलाज कराते थे। अटल जी की सरकार ने इस बारे प्रयास किया कि अन्य जगहों पर एम्स खोले जाएं, लेकिन बाद में सब ठप पड़ गया। जो एम्स खोले गए वे सुविधा के अभाव में काम कर रहे थे। हमने 15 एम्स पर काम किया। पहले की सरकारों की नीतियों की वजह से हमारे यहां डॉक्टरों और मेडिकल प्रोफेशनलों की कमी रही है। यह कमी क्वालिटी हेल्थ सर्विस का रोड़ा थी, इसलिए वर्तमान सरकार ने मेडिकल इंफ्रास्ट्रकचर और प्रोफेशनल बढ़ाने पर काम किया है।

प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना के बारे में लोगों को बताया और इलाज में काम आने वाली दवाइयों के लिए जनऔषधि योजना का भी जिक्र किया। कहा कि हमारी सरकार ने प्रिवेंटियर हेल्थकेयर पर भी जोर दिया ताकि लोग बीमार कम हों। मुफ्त डायलिसिस की सुविधा भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है। असम के 1 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड देने की योजना पर काम हो रहा है। पहले की सरकारों और वर्तमान सरकार के समय में स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी फर्क होने की बात लोग बताते हैं। हेल्थकेयर सेक्टर में बदलाव केवल सच्चा प्रयास करने से आया है। कोरोना के समय यही मंत्र काम आया।



*हरिद्वार के हर की पौड़ी में शुक्रवार, 14 अप्रैल, 2023 को बैसाखी पर्व के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाते श्रद्धालु।*

(फोटोः आईएएनएस)

# हमारे कपड़े नहीं, आपकी सोच गंदी : महुआ

### तृणमूल कांग्रेस की सांसद ने ट्विटर के जरिए भाजपा पर साधा निशाना

### इस महीने की शुरुआत में कैलाश विजयवर्गीय ने महिलाओं के कपड़े पर की थी टिप्पणी

### कई नेता विजयवर्गीय की कर चुके हैं आलोचना

**एजेंसी। कोलकाता**



तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ट्विटर के जरिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा कि शुक्रवार सुबह भाजपा नेताओं और भक्तों के लिए संदेश! हम बंगाली महिलाएं हैं। हम अपनी मर्जी के मुताबिक कपड़े पहनते हैं। हम अपनी मर्जी के हिसाब से ही खाते-पीते हैं। हम उसकी ही पूजा करते हैं, जिसकी आराधना हम करना चाहते हैं। हमारे कपड़े गंदे नहीं हैं। आपकी सोच गंदी है।

असल में, इस महीने की शुरुआत में एक वीडियो में कैलाश विजयवर्गीय यह कहते सुने गए थे कि महिलाएं जिन्हें देवी कहा जाता है, वे आजकल ऐसे गंदे कपड़े पहन कर निकलती हैं कि उनमें देवी का रूप दिखाई नहीं देता। वो शूर्पणखा जैसी लगती हैं। उन्होंने इसी के साथ कहा था कि युवक भी नशे की हालत में रहते हैं, जिन्हें थप्पड़ लगाने का मन करता है। इसे लेकर कई नेता विजयवर्गीय की आलोचना कर चुके हैं। कांग्रेस पार्टी ने भी आपत्ति जताई थी। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला विंग की अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिलाओं का सम्मान नहीं करती और इस बयान से यह साफ हो गया है।

# पंकजा के चीनी मिल पर जीएसटी का छापा

## सहकारिता मंत्री शाह के समक्ष रख चुकी हैं बंद चीनी मिलों के मुद्दे

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा के दिग्गज नेता तथा केंद्रीय मंत्री रहे दिवंगत गोपी नाथ मुंडे की बेटी व भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे के स्वामित्व वाली महाराष्ट्र के बीड जिले के परली में बंद पड़ी एक चीनी मिल पर गुरुवार 14 अप्रैल, 2023 को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने छापा मारा। चर्चा है कि यह छापा जीएसटी चोरी को लेकर मारा गया। लेकिन महाराष्ट्र के कई राजनीतिकों का कहना है कि चीनी मिल पर छापे से एक दिन पहले पंकजा महाराष्ट्र के बीड के भगवानगढ़ में एक कार्यक्रम में अपने चचेरे भाई व एनसीपी के पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा की थी। जिसमें धनंजय ने पंकजा की बहुत प्रशंसा की थी। उस मंच से पंकजा ने पहली बार सफाई देते हुए कहा कि कुछ लोगों ने उनके (भाई-बहन) बीच गलतफहमी पैदा कर दी थी। इसी के दूसरे दिन पंकजा के बंद चीनी मिल पर जीएसटी का छापा पड़ गया।

मालूम हो कि 2019 में पंकजा ने परली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उस सीट पर उनके विरूद्ध चचेरे भाई धनंजय ने राकांपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, जिसमें पंकजा हार गईं। उन्होंने इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिम्मेदार ठहराया था। उसके बाद पंकजा को जेपी नड्डा की केंद्रीय भाजपा टीम में सचिव के रूप में शामिल किया गया और मप्र का सह-प्रभारी बनाया गया। लेकिन इससे वह खुश नहीं हैं। वह महाराष्ट्र की राजनीति में, राज्य विधान परिषद या राज्य भाजपा में नेतृत्व की भूमिका में आने की कोशिश कर रहीं हैं। कुछ माह पहले शिवसेना उद्धव गुट ने पंकजा से भाजपा में अपमानित होने के बजाय अपने यहां (शिवसेना उद्धव गुट में) आने का प्रस्ताव दिया था। इसी तरह के संकेत राकांपा ने भी दिया था। लेकिन पंकजा ने दो टूक कह दिया कि उनकी वफादारी भाजपा के साथ है। इसके बाद भी पंकजा मुंडे के बंद चीनी मिल पर जीएसटी का छापा पड़ा। पंकजा का कहना है कि चीनी मिल पिछले छह-सात साल से घाटे में चल रही थी। जिसके कारण उसको बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि 2013 से 2015 के सूखे ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया। जिसके बाद कोविड महामारी संकट इसको और ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने कहाः हमने इस मुद्दे को सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ भी उठाया था। मैंने केंद्रीय नेतृत्व को वित्तीय संकट और चीनी कारखाने के नुकसान की जानकारी दी थी। हमने बंद चीनी मिलों के लिए सरकार से मदद मांगी।





### करण कुंद्रा ने गर्लफ्रेंड तेजस्वी के साथ किया लिप-लॉक, वीडियो हुआ वायरल



**तेजस्वी** प्रकाश और करण कुंद्रा को इस वक्त सबका चहेता जोड़ा माना जाता है। फिलहाल उनका एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो को देखकर हर कोई हैरान है। 'बिग बॉस 15' विवादित के साथ लोकप्रिय शो के रूप में जाना जाता है। दर्शकों ने इस शो में अभिनेता करण कुंद्रा और अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया था। बिग बॉस के घर से निकलते ही दोनों रिलेशनशिप में नजर आए। फिलहाल उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर फैंस सदमे में है। इस वीडियो में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक गाने पर थिरकते और रोमांस करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, वीडियो के अंत में उन्होंने कुछ ऐसा चौंकाने वाला किया, जिससे वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए।

### रितेश-जेनेलिया की फिल्म 'वेड' ने पूरे महाराष्ट्र को दीवाना बना दिया




**किसी** ने नहीं सोचा था कि साउथ की किसी फिल्म का मराठी रीमेक बॉक्स ऑफिस पर अलग इतिहास रचेगा, लेकिन रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख की फिल्म 'वेड' ने पूरे महाराष्ट्र को दीवाना बना दिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। 'सैराट' के बाद 75 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली यह दूसरी फिल्म बन गई है। हालांकि, फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं किया है, लेकिन फिल्म ने दर्शकों को प्रभावित किया। इतना ही नहीं, इस फिल्म ने इसी बीच आई शाहरुख खान की 'पठान' को भी अच्छी टक्कर दी। दर्शक पिछले कई दिनों से इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब वह इंतजार खत्म हो गया है। रितेश और जेनेलिया की 'वेड' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी और दर्शक इसका लुत्फ उठा सकेंगे। 'वेड' की ओटीटी रिलीज को लेकर खुद रितेश देशमुख ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए खुलासा किया है। सिनेमाघरों के बाद 'वेड' ओटीटी पर भी धूम मचाने को तैयार है। फिल्म 'वेड' 28 अप्रैल से ओटीटी प्लेटफॉर्म 'डिज्नी प्लस हॉटस्टार' पर देखने के लिए उपलब्ध होगी, इतना ही नहीं, फिल्म मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, इसलिए अन्य भाषाओं के दर्शक भी इसका आनंद उठा सकेंगे। दर्शकों ने इस फिल्म के टीजर, सभी गानों और ट्रेलर पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसलिए सभी को विश्वास था कि फिल्म अच्छा करेगी।

### शहनाज गिल ने ब्लॉक किया था सलमान खान का नंबर

**सलमान** खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली शहनाज गिल ने 'द कपिल शर्मा शो' में एक ऐसा खुलासा किया, जिसने सभी को चौंका दिया है। उन्होंने कहा कि सलमान के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है, लेकिन उन्होंने एक बार सलमान का फोन नंबर ब्लॉक कर दिया था। यह किस्सा तब का है जब सलमान ने उन्हें फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में रोल ऑफर करने के लिए कॉल किया था। शहनाज ने कहा, ''मैं तब अमृतसर में थी। जब मैं गुरुद्वारा में थी तो मुझे एक अनजान नंबर से कॉल आया। शहनाज ने कहा कि मुझे अनजान नंबर ब्लॉक करने की आदत है। इसलिए मैंने तुरंत उस नंबर को अंजान नंबर समझकर ब्लॉक कर दिया।

### सलमान के साथ डेटिंग पर पूजा हेगड़े ने तोड़ी चुप्पी



**अभिनेता** सलमान खान का नाम उनके साथ काम करने वाली नई एक्ट्रेस पूजा हेगड़े के साथ जुड़ा है। वह फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में उनके अपोजिट नजर आएंगी। इन दोनों के डेटिंग के चर्चे भी खूब हैं। पूजा हेगड़े ने आखिरकार सलमान खान को डेट करने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। सलमान और पूजा हेगड़े के डेटिंग की अफवाहें कुछ महीने पहले शुरू हुई थीं। उनमें से किसी ने भी दावों का खंडन या स्वीकार नहीं किया था। ये चर्चा तब और बढ़ गई जब सलमान पूजा हेगड़े के भाई ऋषभ हेगड़े की शादी में शामिल होने मैंगलोर गए। इस शादी की कुछ फोटोज भी वायरल हुई थीं। को-स्टार सलमान खान को डेट करने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर पूजा हेगड़े ने सभी अफवाहों को खारिज कर दिया। 'किसी का भाई किसी की जान' की रिलीज से पहले पूजा ने कहा कि वह सिंगल हैं और करियर उनकी प्राथमिकता है। मैं फिलहाल अपने करियर पर फोकस कर रही हूं। मैं इन अफवाहों पर कोई कॉमेंट नहीं करना चाहती।

## नेचुरल फूड एक्सपो | किसानों को सीधे उपज बेचने का मौका

# आकर्षण का केंद्र बने 'लाल केले' और 'पीले तरबूज'

**एजेंसी। सूरत/अहमदाबाद**

सूरत के मोटा वराछा गोपिन गांव में स्वास्थ्य सर्वदा संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्राकृतिक खाद्य एक्सपो 2023 में लाल केले और पीले तरबूज लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित फूड एक्सपो में प्रदेश भर के 300 जैविक किसान करीब 250 स्टालों पर जैविक उत्पाद, अनाज बेच रहे हैं। फूड एक्सपो में कई तरह के फल हैं, लेकिन उनके बीच पीला तरबूज आकर्षण का केंद्र है। यह लाल तरबूज की तरह मीठा होता है। लेकिन जेस्सोर के सनाला गांव के किसान हिम्मतभाई बलधिया के मुताबिक पीले तरबूज में पानी और मिठास, दोनों ज्यादा है। इस तरबूज के बीज पीले होते हैं इसलिए यह पीले रंग का हो जाता है। बाकी कोई फर्क नहीं पड़ता।



**एक किसान अपने खेत में 6 किस्म के उगाता है केले :** सौराष्ट्र क्षेत्र के जेसर तहसील के शेवदीवदार गांव के किसान नरवनसिंह गोहिल के स्टाल में लाल केला, इलायची केला, कश्मीरी केला सहित छह प्रकार के केले भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। छह में से लाल केला, इलायची केला, कश्मीर केला, ये तीन केले मूल रूप से दक्षिण भारत की प्रजाति हैं। इसमें कैल्शियम ज्यादा और शुगर कम होता है। जबकि नेंद्रन, जी-9, हजारन देसी केला है। नेंद्रन केले में काफी मात्रा में फाइबर और कैल्शियम होता है। नरवनभाई इन सभी प्रकार के केलों को अपने ही गाँव के खेत में उगाते हैं। इनका स्वाद अतिरिक्त मीठा होता है।

**एक्सपो में नवोन्मेषी व्यंजन भी हैं आकर्षक :** मेले के खाने-पीने के स्टॉल में सहजन, दूधी (लौकी) आदि के भजिया और कई तरह के व्यंजन के साथ डांगी, काठियावाड़ी और कई तरह के अभिनव व्यंजन भी हैं। नासिक के शहद अंगूर, कोयम्बटूर के लाल केले, वलोना की छाछ, केसर आम के विभिन्न उत्पाद, फलों के गूदे की कुल्फी आदि आकर्षित करते हैं। गौ आधारित प्राकृतिक खेती से देशवासियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या में काफी कमी आएगी।

# डॉ. आम्बेडकर का योगदान अनुकरणीय



### बाबा साहब ने देश में समानता, बंधुत्व, व एकता का परिचय दिया था

### हम सभी लोगों को उनके विचारों के अनुरूप समाज के लोगों को शिक्षित व जागरूक करने की जरूरत है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शुक्रवार को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 132वीं जयंती समारोह का आयोजन अंबेडकर चौक अबेडकर प्रतिमा स्थल के समक्ष किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी /एसटी कर्मचारी संघ के महासचिव नाथन रजक संचालन समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र रजक धन्यवाद ज्ञापन राम लगन राम ने किया। कार्यक्रम में बाबासाहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों को अंबेडकर जयंती पर शुभकामनाएं दी। इसके बाद मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, पुलिस यूनिट के अध्यक्ष नवल किशोर पासवान, सुरेंद्र पासवान ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन व संघर्ष प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने देश में समानता, बंधुत्व, व एकता का परिचय दिया था उन्होंने दबे कुचले, शोषित, वंचित को संविधान में अधिकार देकर उनके जीवन स्तर ऊपर उठाने का प्रयास किया आज जरूरत है, ऐसे महामानव के विचारों को अनुग्रहित कर आगे बढ़ने का वहीं उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में सभी लोगों को समानता का अधिकार दिया लेकिन आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश में आज भी गैर बराबरी का वातावरण है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है बाबा साहब के विचारों के अनुरूप संगठित होकर अपने अधिकार को लेने का। उपेंद्र रजक ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन देश के शोषित वंचित एवं समाज में फैले भेदभाव, अशिक्षा, छुआछूत, के खिलाफ संघर्ष करते रहे साथही इन वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया। आज जरूरत है हम सभी लोगों को उनके विचारों को अनुरूप समाज के लोगों को शिक्षित जागरूक एवं संगठित करने का, साथ उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन बाबासाहेब की प्रतिमा के रख-रखाव में उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे महान एवं भारत के महान विभूति बाबा साहेब की जयंती में उनके प्रतिमा एवं चौक को रंग रोगन कम साफ-सफाई में कोई विशेष रूचि नहीं रखी। इस मौके पर उपायुक्त रांची राहुल कुमार आईएएस सुनील, सिटी एसपी रांची बुधराम उरांव, संतोष राम, दयानंद पासवान, इंजीनियर उमाशंकर राम, इंजीनियर सोहन सेठ, संतोष कुमार रवि, संजय रविदास, अजय रजक, रतन राम, धर्मेंद्र राम, टिंकू कुमार, राजू रजक, शंभू पासवान, वीरू पासवान, विकी कुमार, सीताराम रवि खुदराम जयप्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# डॉ. भीमराव आम्बेडकर न्याय की सदृश्य भावना के प्रतीक थे : सरयू




**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**
भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय ने शुक्रवार को भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सरयू राय ने कहा कि भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि न्याय की सद्दश्य भावना के प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब हम सभी पवित्र आत्मा वाले महान व्यक्तित्व की 132 वीं जयंती मना रहे हैं तब यह पल अमर व्यक्तित्व को पहचानने का है। आज के दिन हम सभी संकल्प लें और इस क्षण के साक्षी बनें कि एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मान्यताओं और मूल्यों को अपनाने का काम करेंगे। इन्होंने हम सभी को एक महान ऐसी चीज दी है जिससे पूरा देश गौरवान्ति है, वह है संविधान। जिससे आज देश का पूरा न्याय और अन्याय उसी पर निर्भर है। हम इस महान हस्ती के बताये रास्ते पर चलकर ही देश का कल्यायण कर सकते हैं और जिससे हमारा देश और महान बनेगा। हम सभी को उन्ही के बताये रास्ते चलकर ही कल्याण मिल सकता है। इस अवसर पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अविनाश कुमार, मनोज कुमार सिंह, शिव शंकर ठाकुर, जीतू मिश्रा, टिंकू चौधरी, उदय मंडल, सुनील कुमार और जमशेदपुर से आए हुए युवा अध्यक्ष अमित शर्मा, मीनू देवी आदि ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## मूलतः समाज सुधारक थे बाबा साहब : तिवारी



**भारतीय** जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड हाई कोर्ट के नजदीक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबा साहेब को उनके गुरु ने अपना नाम दिया और गुरु ने उनको आगे बढ़ाया, महान बनाया। डॉक्टर अंबेडकर मूलतः समाज सुधारक एवं सामाजिक चिंतक थे। भारतीय संविधान में निहित अधिकारों तथा मौलिक हकों की रक्षा करना एक नैतिक तथा जातीय समाज की रचना और भारत देश प्रगति करे, यही प्रमुख उद्देश्य था। इस अवसर पर मोर्चा के मनोज सिंह अविनाश कुमार शिव शंकर ठाकुर मौजूद थे।

# केन्द्रीय मंत्री से मिले सांसद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्थानीय सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण, खेलकूद एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से शुक्रवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद सेठ ने उन्हें रांची सहित झारखंड के विभिन्न बिंदुओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। सेठ ने मंत्री ठाकुर को सांस्कृतिक महोत्सव में आने का आमंत्रण भी दिया। केंद्रीय मंत्री को दिए गए ज्ञापन में सांसद सेठ ने डीडी झारखंड, खेल गांव सहित पत्रकारों के कल्याण पर ध्यान आकर्षित किया। अपने ज्ञापन में सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राजधानी रांची में स्थित खेलगांव एशिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स कंपलेक्स है। परंतु इसका पूरी तरह सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। यहां पर केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय खोलने की योजना पर काम होना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण शिविर यहां आयोजित किए जाने चाहिए। सांसद ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि आजादी के अमृतकाल में झारखंड दूरदर्शन के द्वारा राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों सहित सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व के जीवन की पटकथा का प्रसारण क्षेत्रीय भाषाओं में होना चाहिए। ताकि लोग अपने राज्य की महान विभूतियों के वीर गाथाओं से अवगत हो सकें। सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पत्रकार काम करते हैं। कई बार उनका काम जोखिम भरा होता है। ऐसे पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा, उनके परिवार का स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं उन्हें मुहैया कराने की दिशा में काम करना चाहिए। इसके साथ ही इसके लिए भी एक राष्ट्रीय स्तर की नियमावली बनाना चाहिए।

## राजद, जदयू और भाकपा ने मनायी आंबेडकर की जयंती

**रांची।** राजद, जदयू और भाकपा कार्यालयों में नेताओं ने शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की 132 वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव ने छुआछूत के विरुद्ध संघर्ष किया और इसके जरिए वे निम्न जाति वालों को छुआछूत की प्रथा से मुक्ती दिलायी। जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक थे। भाकपा सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को अपनाकर ही भारत को विकास रास्ते पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

# टपक सिंचाई से खेती कर फूलमनी बनी महिलाओं के लिए आइकॉन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। लगभग दो साल पहले तक जिस महिला को पाई-पाई के लिए तरसना पड़ता था, आज वही महिला अपने गांव की ही नहीं, पूरे क्षेत्र में एक आइकॉन बन गई हैं।
खूंटी जिले के कर्रा प्रखण्ड की गोविंदपुर पंचायत के गुस्सा आंबा टोली गांव की रहनेवाली फूलमनी होरो बताती हैं कि वह अधिक पढ़ी-लिखी नहीं है। इसलिए नौकरी की तो कहीं कोई आस नहीं थी। इसलिए उसने अपना पुश्तैनी धंधा खेती किसानी में ही भाग्य आजमाना शुरू किया, पर इसमें भी इतनी कमाई नहीं हो पाती थी, जिससे परिवार की गाड़ी भी आराम से चले और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी हो। हालांकि कि प्रखंड के कुछ अधिकारियों के कहने पर वह प्रकाश आजीविका सखी मंडल जुड़ गई। समूह में जुड़ने से पहले भी फूलमनी खेती करती थी, लेकिन आमदनी बहुत नहीं थी। वह सिर्फ मानसून के दौरान ही खेती कर पाती थी। पानी की कमी के कारण वह साल भर खेती नहीं कर पाती थी। इसका प्रभाव उसकी आजीविका पर सीधे तौर पर पड़ रहा था। समूह बैठक में कृषि सखी ने फूलमनी को टपक सिंचाई से खेती करने के संबंध में जानकारी दी और इसके लाभ के बारे में भी बताया। जेएसएलपीएस के माध्यम से उसे टपक सिंचाई मशीन की सुविधा मिली। इससे फूलमनी ने अब जाड़ा, गर्मी और बरसात सभी मौसम में खेती करना शुरू कर दिया। फूलमनी बताती है कि पहले वह परंपरागत तरीके से खेती करती थी, तो उसे काफी समय खेत में गुजारना पड़ता था। मेहनत अधिक करनी पड़ती थी, सिंचाई में भी काफी दिक्कत होती थी और मेहनत और लागत की तुलना में उत्पादन काफी कम होता था। फूलमनी कहती है कि अब टपक सिंचाई से खेती करने से उसे परेशानियों से राहत मिली है। अब वह कम मेहनत, कम पानी, कम लागत और कम समय में अच्छी खेती करती है और अच्छा मुनाफा भी कमाती है।

## कला दिवसः आज बनाई जाएगी ग्राफिटी वॉल पेंटिंग

**रांची।** युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन और युगांतर आर्ट एंड ह्यूमैनिटीज के सहयोग से शनिवार को विश्व कला दिवस के अवसर पर काड्र्स (छोटानागपुर आर्ट एंड रिसर्च डेवलपमेंट सोसाइटी) रांची के कलाकारों द्वारा कला दिवस कार्यक्रम का आयोजन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक, सरयू राय के सरकारी आवास, डोरंडा, ए जी मोड़, रांची में संध्या 5.00 बजे किया जाएगा। यह जानकारी झारखंड के वरिष्ठ कलाकार रामानुज शेखर ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर ग्राफिटी वॉल पेंटिंग बनाई जाएगी। इसके माध्यम से समाज को एक संदेश देने की पहल की जाएगी। कार्यक्रम में हरेन ठाकुर, दिनेश सिंह, शर्मिला ठाकुर, विनोद रंजन, मनोज सिंह, अमिताभ सिन्हा, विश्वनाथ चक्रवर्ती, हिमाद्रि रमानी, शिल्पी रमानी, सी.आर. हेम्ब्रम, दीपांकर कर्मकार, सपना दास, विवेक दास, परेश मोदक, देवराज सेनगुप्ता, संजीत मिंज आदि भाग लेंगे।

## महोत्सव | दो दिवसीय सांसद महोत्सव को होगा आयोजन

# ग्यारह सौ से अधिक लोग लेंगे भाग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सांसद संजय सेठ ने सांसद सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर कहा कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में रुचि दिखाई है। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए प्रविष्टि की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी गयी है। अभी तक कुल 1100 से अधिक लोगों ने महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन किया है। सेठ शुक्रवार को एक होटल में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा मौजूद रहेंगे। समारोह के दूसरे दिन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास मौजूद रहेंगे। महोत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य रूप से केंद्रीय सूचना प्रसारण, युवा एवं खेलकूद मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के प्रति लोगों के उत्साह को देखते हुए प्रतिभागियों की प्रविष्टि लेने की अंतिम तिथि बढ़ा कर 25 अप्रैल कर दी गई है। सांसद ने बताया कि सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं की प्रतियोगिताएं होगी, जिसमें नवोदित कलाकार अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता के अलावा प्रतिदिन शाम को झारखंड के प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रस्तुति प्रतियोगिता होगी। प्रेस वार्ता में पद्मश्री मुकुंद नायक ने इस कार्यक्रम को अनूठा बताया और कहा कि यह पहला मौका है, जब कला और कलाकारों के प्रति किसी सांसद ने प्रेम दिखाया और ऐसे कार्यक्रम में अपनी रुचि दिखायी है। उन्होंने कहा कि महोत्सव झारखंड के लिए ऐतिहासिक महोत्सव होगा। पूर्व सांसद राज्यसभा अजय मारू ने महोत्सव की तैयारियों और अन्य विषयों की जानकारी दी। लगभग एक हजार से अधिक पुरस्कार प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सांस्कृतिक महोत्सव 5 से 7 मई तक होना है। यह कार्यक्रम ऑड्रे हाउस में होगा।

## डॉ. भीमराव आम्बेडकर न्याय की सदृश्य भावना के प्रतीक थे : सरयू राय

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**
भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय ने शुक्रवार को भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सरयू राय ने कहा कि भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि न्याय की सद्दश्य भावना के प्रतीक थे। उनके द्वारा प्रस्तावित विचारों और कार्यों ने हमारे अतीत को न्यायोचित बनाया है, वर्तमान को रोशन किया और भविष्य के लिए सतत मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है। आज जब हम सभी पवित्र आत्मा वाले महान व्यक्तित्व की 132 वीं जयंती मना रहे हैं तब यह पल अमर व्यक्तित्व को पहचानने का है। आज के दिन हम सभी संकल्प लें और इस क्षण के साक्षी बनें कि एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए मान्यताओं और मूल्यों को अपनाने का काम करेंगे। इन्होंने हम सभी को एक महान ऐसी चीज दी है जिससे पूरा देश गौरवान्ति है, वह है संविधान। जिससे आज देश का पूरा न्याय और अन्याय उसी पर निर्भर है। हम इस महान हस्ती के बताये रास्ते पर चलकर ही देश का कल्यायण कर सकते हैं और जिससे हमारा देश और महान बनेगा। हम सभी को उन्ही के बताये रास्ते चलकर ही कल्याण मिल सकता है। इस अवसर पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, अविनाश कुमार, मनोज कुमार सिंह, शिव शंकर ठाकुर, जीतू मिश्रा, टिंकू चौधरी, उदय मंडल, सुनील कुमार और जमशेदपुर से आए हुए युवा अध्यक्ष अमित शर्मा, मीनू देवी आदि ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पृष्ठ एक के शेष

**600 मेगावाट बिजली...**
जाएगी, आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।
**डिमांड बढ़ने के बाद जारी है लोड शेडिंग :** बढ़ती गर्मी के कारण अप्रैल में राज्य में बिजली की खपत 2000 मेगावाट से 2700 मेगावाट तक पहुंच गई है। जबकि जेबीवीएनएल के पास वर्तमान में 2200 से 2300 मेगावाट तक ही बिजली की उपलब्धता है। अभी भी 300 से 400 मेगावाट की कमी दर्ज की जा रही है। इसके कारण शुक्रवार को भी लोड शेडिंग जारी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में 5-8 घंटे की शोडिंग चल रही है। वहीं, शहर में 2 से 4 घंटे बिजली काटनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार जेबीवीएनएल को विंड पावर से मिलने वाली करीब 150 मेगावाट बिजली नहीं मिल रही है। सोलर एनर्जी से भी 40 मेगावाट तक बिजली नहीं मिल रही है। बाढ़ से मिलने वाली 80 मेगावाट बिजली नहीं मिल रही है। इधर, राजधानी के तीनों ग्रिड को शुक्रवार को फुल लोड बिजली मिली। इसके बाद भी लोग पावर कट से परेशान रहे। लोकल फॉल्ट ने पावर कट की समस्या को बढ़ा दिया है। बीती रात से लेकर दोपहर तक रांची के कई क्षेत्रों में लोकल फॉल्ट के कारण बिजली की आंखमिचौली जारी रही। इसके कारण गर्मी में लोगों को जीना मुहाल हो रहा है। लगातार अंतराल में पावर कट चल रहा है।

**पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने...**
अस्पताल भेजे जाने का दावा झूठा दिखता है।
2. इसी प्रकार असद से जुड़े एक फोटो में उसे जिस पोजीशन में दिखाया गया है, उसमें वह मोटर साइकिल के हैंडल के नीचे पड़ा है। यह किसी भी स्थिति में संभव नहीं है कि कोई आदमी गिरने के बाद पहले से गिरे पड़े मोटर साइकिल के हैंडल के नीचे आ जाए। इसके विपरीत यदि वह मोटरसाइकिल पर गिरेगा तो उसका शरीर मोटरसाइकिल के ऊपर होगा, न कि मोटर साइकिल के हैंडल के नीचे। अतः मोटर साइकिल के हैंडल के नीचे जिस प्रकार से असद का शरीर दिखाया गया है, वह स्पष्टतया संदेह पैदा करता है।
3. इसी फोटो में असद के हाथ में जिस प्रकार से बंद मुट्ठी में पिस्टल दिखाया गया है, वह प्रथम दृष्ट्या मेडिको लीगल सिद्धांत से सही नहीं जान पड़ता है, क्योंकि मेडिको लीगल सिद्धांत के अनुसार घायल होते ही उसके हाथ से पिस्तौल नीचे गिर गया होता।
4. असद के इस फोटोग्राफ में उसके ठीक बगल में एक खाली पिस्टल दिख रहा है और एक छाया दिख रही है, जो स्पष्ट नहीं हो रहा है कि किसकी छाया है। यह छाया भी घटना के असली होने पर सवाल खड़े कर रही है।
5. एक दूसरे फोटोग्राफ, जिसमे असद के ठीक बगल में गुलाम मोहम्मद दिख रहा है, में वह पिस्टल नहीं दिख रहा है। इससे ऐसा लगता है कि मौके को बनाने के लिए अलग-अलग तरह से प्रयास किए गए हैं और इस दौरान एसटीएफ के लोगों द्वारा लगातार फोटोग्राफी की गई है।
6. इसी प्रकार से गुलाम मोहम्मद भी फोटो में हाथ में जिस प्रकार से पिस्तौल पकड़े दिख रहा है वह मेडिको लीगल सिद्धांत के अनुसार संभव नहीं दिखता है।
7. गुलाम मोहम्मद के चप्पल की पोजीशन भी अलग-अलग फोटो में अलग-अलग दिख रही है, जो भी इस पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध दिखाता है।
8. एफआईआर में डिप्टी एसपी नवेंदु कुमार ने दावा किया है कि मोटरसाइकिल फिसल कर बबूल के झाड़ में गिर पड़ी, जिसके बाद दोनों ने जमीनी आड़ लेकर फायरिंग शुरू की। इसके विपरीत मौके की स्थिति से साफ दिखता है कि कथित घटनास्थल कच्ची सड़क के ठीक बगल में है। कच्ची सड़क ऊपर है और घटनास्थल नीचे है। घटनास्थल बिल्कुल खुला स्थान है जहां कोई भी आड़ नहीं है। स्पष्ट है कि वहां से कोई आड़ लेकर फायरिंग नहीं किया सकती थी। इसके विपरीत पुलिस वाले एक सुरक्षित पोजीशन में थे। इस प्रकार एफआईआर की यह बात भी सही नहीं जान पड़ती है।
9. मौके की दर्शाई गई फोटोग्राफ ने कहीं से भी स्लीप करने या फिसलन के कोई निशान नहीं है, जो मोटरसाइकिल फिसलने के दावे को गलत बताते हैं।
10. मोटरसाइकिल के टायर बिल्कुल साफ हैं और उस पर किसी भी प्रकार के धूल आदि के निशान नहीं हैं।
11.एफआईआर के अनुसार के अनुसार मुठभेड़ 12:55 बजे दिन में समाप्त हो गई थी, किंतु नरेंद्र कुमार द्वारा एफआईआर रात में 11:55 बजे अर्थात मुठभेड़ समाप्त होने के 11 घंटे बाद कराई गई, जो अपने आप में संदेह का एक कारण है।
12. न्यूज चैनलों ने लगभग 1:00 बजे दिन में इन बदमाशों के मारे जाने की खबर प्रसारित की जबकि एफआईआर के अनुसार उस समय तक दोनों बदमाश जीवित थे और उन्हें अस्पताल भेजा जा रहा था। यह बात भी इस घटना की सत्यता पर संदेह उत्पन्न करता है।

**शूटर गुलाम का परिवार नहीं...**
याद रखेंगे। हमारे हिसाब से यूपी एसटीएफ ने गलत नहीं किया। तुमने किसी को मारकर गलत किया और जब तुम्हारे पर कोई आया तो हम उसको गलत कैसे कहें? मैं शव को नहीं लूंगी। उसकी पत्नी का उन पर हक है। मैं उसको मना नहीं कर सकती। मैं अपनी जिम्मेदारी लेती हूं कि हम नहीं लेंगे।

**आर्मी लैंड स्कैम के सात...**
कुमार समेत अलग अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमानें पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। गुरुवार की सुबह 6.30 बजे ईडी ने एक साथ रांची, सिमडेगा, हजारीबाग, बिहार के गोपालगंज, बंगाल के आसनसोल और कोलकाता में छापेमारी की थी। ईडी ने सेना की जमीन खरीद में गड़बड़ी, चेशायर रोड होम स्थित जमीन की खरीद में गड़बड़ी में दर्ज सदर थाना के केस के आधार पर ईसीआईआर दर्ज किया था। सेना की जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिकी के लिए कोलकाता से कागजात बनाए गए थे।

# पंत बोले- मैं टीम के साथ हूं, आईपीएल 2023 में खराब दौर से गुजर रही दिल्ली कैपिटल्स

**एजेंसी। बेंगलुरू**

खराब दौर से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के इस सत्र में ऋषभ पंत की कमी बुरी तरह खल रही है और उसके इस स्टार बल्लेबाज ने कहा कि वह दिन प्रतिदिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। इसके साथ पंत ने खराब दौर से गुजर रही दिल्ली टीम के लिए कहा है कि वह टीम के साथ दिलोदिमाग से जुड़े हुए हैं। पंत पिछले साल दिसंबर में दिल्ली-देहरादून हाइवे पर कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने कहा, मैं अच्छे से रिकवर हो रहा हूं और हर दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी आया हूं और दिल्ली कैपिटल्स टीम भी यहां है तो मैं टीम से मिला।" पंत ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली के मैच से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैने देखा कि टीम कैसे अभ्यास कर रही है। मुझे इसकी कमी खल रही है लेकिन मेरा दिलोदिमाग टीम के साथ है। मैं उन्हें अगले मैच के लिये शुभकामना देता हूं।


दिल्ली कैपिटल्स के अपने साथियों से मिलने आए।


रिकी पोंटिंग और ऋषभ पंत के बीच बातचीत हुई।


दिल्ली कैपिटल्स का ट्रेनिंग सेशन देखते पंत और अक्षर पटेल।

# हैरी ब्रूक का तूफानी शतक

## हैदराबाद ने रखा 229 रनों का लक्ष्य



**एजेंसी। कोलकाता**

आईपीएल 2023 का 19वां मैच आज कोलकात नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर एसआरएच को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी ब्रूक की शतकीय पारी के बदौलत 229 रनों का लक्ष्य रखा है। ब्रूक ने 55 गेंदों में 12 चौकों और 3 छक्कों की मदद नाबाद 100 रन बनाए। ब्रूक के अलावा कप्तान ऐडन मारक्रम ने 26 गेंदों में 5 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। वहीं पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अभिषेक शर्मा ने छोटी, लेकिन दमदार पारी खेली, उन्होंने गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। मयंक अग्रवाल एक बार फिर फ्लॉप रहे और मात्र 9 रन बनाकर चलते बने। वहीं राहुल त्रिपाठी भी 9 रन बनाकर आउट हुए। ब्रूक के साथ अंत में हेनरिक क्लासेन भी 16 रनों के साथ नाबाद रहे। कोलकाता की ओर से आंद्रे रसल ने सर्वश्रेष्ठ 3 विकेट चटकाए। उनके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने 1 विकेट हासिल की।

आईपीएल 2023 में केकेआर ने अपने पिछले दो मैच जीते हैं और इस मैच को जीतकर हैट्रिक लगाना चाहेगी। वहीं हैदराबाद ने भी पिछले मैच में जीत दर्ज की थी, ऐसे में उनका मनोबल भी बढ़ा होगा। दोनों टीमों ने 3-3 मैच खेले हैं। लेकिन केकेआर ने 2 जबकि हैदराबाद को एक में ही जीत मिली है।

### 5 छक्के व 2 चौके, मारक्रम ने 25 गेंदों में जड़ा अर्धशतक



**शुक्रवार** को आईपीएल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ऐडन मारक्रम का बल्ला कोलकाती नाइट राइडर्स के खिलाफ खूब चला। उन्होंने मैदान में आते ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और केकेआर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा कर रख दी। इस मैच में उन्होंने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। ऐडन मारक्रम ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 5 छक्के और 2 चौके जड़े। हालांकि, अर्शतक पूरा करने के बाद अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। उन्हें वेंकेटेश अय्यर ने कैच आउट करवाकर प्वेलियन का राह दिखाया।

**जमाल हुसैन शीर्ष पर बरकरार**

## भारत के करण प्रताप सिंह दूसरे स्थान पर



**चंडीगढ़।** भारतीय गोल्फर करण प्रताप सिंह ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में 68 का कार्ड खेलकर दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया जिससे वह 4 पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गये। बांग्लादेश के जमाल हुसैन ने एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि के तीसरे दौर में तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे उन्होंने दो शॉट की बढ़त कायम रखी है। जमाल (70, 67, 69) इस तरह अपने चौथे पीजीटीआई खिताब से एक दौर दूर हैं। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 206 है। पिछले हफ्ते नोएडा में उप विजेता रहे फरीदाबाद के करण (70, 70, 68) बीती रात संयुक्त छठे स्थान पर थे और 68 के कार्ड से खिताब की दौड़ में पहुंचे।

## शुभमन अगले एक दशक तक विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाएंगे : मैथ्यू हेडन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुजरात टाइटंस के ओपनर शुभमन गिल ने 49 गेंदों पर 67 रन बनाकर अपनी टीम की पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।गिल हालांकि आखिरी ओवर में आउट हो गए और गुजरात के लिए मैच फिनिश नहीं कर सके। लेकिन उन्हें पूर्व ऑस्ट्रेलियाई लीजेंड बल्लेबाज मैथ्यू हेडन से जमकर सराहना मिली है। हेडन ने कहा, गुजरात को ऐसे किसी खिलाड़ी की जरूरत थी जो जिम्मेदारी ले और पंजाब के स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ आखिर तक बल्लेबाजी करे और शुभमन गिल ने ठीक वैसा ही किया। स्टार स्पोर्ट्स ने हेडन के हवाले से कहा, उनके कुछ शॉट्स बेहद दर्शनीय थे। वह एक क्लास खिलाड़ी है और वह अगले एक दशक तक विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा बनाएगा। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने राहुल तेवतिया और डेविड मिलर की मैच को फिनिश करने के लिए सराहना की। डूल ने कहा, मिलर और तेवतिया ने गुजरात के लिए काम पूरा किया जब टीम को जरूरत थी। उन्होंने पिछले साल भी गुजरात के लिए ऐसा किया था और 2023 में इसे दोहरा दिया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### दिव्यांश, विजयवीर, सिफ्ट राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीते

**भोपाल।** ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार, सिफ्ट कौर सामरा और विजयवीर सिद्धू ने शुक्रवार को यहां पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स में जीत हासिल की। हाल में आगामी बाकू विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान गंवाने वाले दिव्यांश ने फॉर्म में वापसी की। दिल्ली की कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में अनंत जीत सिंह नरूका और गनेमत शेखों ने क्रमशः पुरुष और महिला स्कीट ट्रायल्स में जीत दर्ज की। भोपाल में दिव्यांश ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टी4 क्वालीफिकेशन दौर ममें 636.3 अंक का स्कोर बनाया। उन्होंने स्वर्ण पदक मैच में सूर्या प्रताप सिंह बंशतु को 16-12 से पराजित किया। पंजाब की सिफ्ट कौर ने स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपियन अंजुम मोदगिल को 16-4 से शिकस्त दी। तेजस्विनी सावंत तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर ने आदर्श सिंह को 30-24 से हराया। ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

### आर्या देसाई केकेआर से जुड़े

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बचे हुए आईपीएल सत्र के लिए शुक्रवार को आर्या देसाई को शामिल किया। देसाई घरेलू क्रिकेट में गुजरात का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह तीन प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं और उनके नाम 151 रन है। केकेआर ने 20 साल के इस खिलाड़ी को 20 लाख रुपये में टीम से जोड़ा। देसाई ने जनवरी में प्रथम श्रेणी पदार्पण कियाथा और अभी तक वह अपने राज्य की टीम के लिए लिस्ट ए या टी20 क्रिकेट नहीं खेले हैं।

### प्रमोद भगत, सुकान्त कदम क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** प्रमुख शटलर प्रमोद भगत और विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी सुकान्त कदम ने साओ, ब्राजील में ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भगत ने एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है जबकि कदम ने एकल और मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी है।

## दिल्ली का भाग्य बदलने का दारोमदार वार्नर एन्ड कंपनी पर : आगरकर



**एजेंसी। बेंगलुरु**

दिल्ली कैपिटल्स की आईपीएल 2023 में काफी खराब शुरूआत हुई है और उसने अब तक अपने चारों मैच गंवा दिए हैं। शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले सहायक कोच अजित आगरकर ने स्वीकार किया कि टीम का भाग्य अब डेविड वार्नर एन्ड कंपनी के हाथों में है कि वे मैच न जीत पाने के क्रम को बदलें। आगरकर ने कहा, इसे बदलना हमारे हाथों में है। हमें अपने अगले मैच में यह मौका मिला है। यदि हम अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हैं तो हम कुछ अंक हासिल कर सकते हैं। हम खिलाड़ियों की उनकी गलतियां दूर करने में मदद कर रहे हैं और जहां तक संभव हो सके उन्हें संगठित रखने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में दिल्ली की टीम 19.4 ओवर में 172 रन पर सिमट गयी। एनरिक नोत्र्जे और मुस्तफिजुर रहमान डेथ ओवरों में शानदार थे लेकिन टिम डेविड ने कैमरून ग्रीन के साथ मुम्बई को जीत दिला दी। दिल्ली की यह लगातार चौथी हार रही और वह तालिका में सबसे नीचे है। आगरकर ने कहा, उम्मीद है कि हम जीत के करीब पहुंच रहे हैं। पिछले मैच में एक-दो गेंदें किसी भी तरफ जा सकती थीं। हम उतना अच्छा नहीं खेले जितना हम खेल सकते हैं। हम इस टीम के स्तर के बारे में जानते हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमारा निष्पादन अच्छा नहीं रहा है।

### धीमे ओवर रेट के लिए पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना



**मोहाली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार रात आईपीएल मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मौजूदा आईपीएल में ओवर रेट एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है और कई मैच लगभग चार घंटे तक चले हैं। टूर्नामेंट से जारी एक बयान में कहा गया है, चूंकि धीमे ओवर रेट के सम्बन्ध में आईपीएल की आचार संहिता के तहत इस सत्र में टीम का यह पहला अपराध था, पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाता है। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डू प्लेसिस और राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर अपने मैचों में धीमे ओवर रेट के लिए इतना ही जुर्माना लगाया गया था। गुजरात का अगला मुकाबला घर में रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा जबकि पंजाब का शनिवार को लखनऊ से मुकाबला होगा।

### भारतीय पुरुष टीम 2024 एशियाई कप से पहले किंग्स कप व मडेर्का कप में खेलेगी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जून में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप से शुरू होकर नवंबर और दिसंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर तक काफी व्यस्त रहेगा। मडेर्का कप इस साल बैंकॉक में वापसी करेगा और साथ ही किंग्स कप भी खेला जायेगा। मलेशिया का टूर्नामेंट मडेर्का कप 1960 से लेकर 1980 के दशक के मध्य तक सीनियर राष्ट्रीय टीम के कैलेंडर में नियमित रूप से शामिल था। एआईएफएफ ने अपनी कार्यकारी समिति की बैठक में कई फैसलों में विदेशी खिलाड़ियों को कलकत्ता फुटबॉल लीग (सीएफएल), गोवा लीग जैसे प्रमुख राज्य लीग के साथ आई लीग डिवीजन 2 में भाग लेने से रोकने का भी फैसला किया है। महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने यहां मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा की। महिला फुटबॉल के लिए अच्छी खबर है क्योंकि भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) में भाग लेने वाली सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम वेतन 3.2 लाख रुपये निर्धारित किया गया है।

**आईपीएल फैन पार्क में दिखेंगे लाइव मैच**

## 13 राज्यों के 35 से अधिक शहरों में होगी डिजिटल स्ट्रीमिंग



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हर इंटरनेट यूजर तक क्रिकेट का रोमांच पहुंचाने के मकसद से जियो-सिनेमा 'टाटा आईपीएल फैन पार्कों' में मैचों का लाइव डिजिटल स्ट्रीम करेगा। 13 राज्यों में फैले 35 से अधिक शहरों के खुले मैदानों में मैच दिखाए जाएंगे। जियो-सिनेमा मौजूदा सीजन का आधिकारिक डिजिटल ब्रॉडकास्टर है। 'टाटा आईपीएल फैन पार्क' में प्रवेश मुफ्त होगा। क्रिकेट प्रेमी विशाल एलईडी स्क्रीन पर जियोसिनेमा ऐप के माध्यम से लाइव-स्ट्रीम किए गए मैचों का आनंद ले सकेंगे। खुले मैदानों में क्रिकेट का मजा लेने वाले दर्शकों के लिए यहां फैमिली जोन, किड्स जोन, फूड एंड बेवरेज और जियो-सिनेमा एक्सपीरियंस जोन भी बनाए जाएंगे। जियो-सिनेमा ने 15 व 16 अप्रैल का शेड्यूल जारी कर दिया है। मैच स्ट्रीमिंग के शेड्यूल के मुताबिक 15 अप्रैल को यूपी के गाजियाबाद और गोरखपुर के साथ हरियाणा के रोहतक में 'टाटा आईपीएल फैन पार्क' में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। दिन का दूसरा मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होगा। दोनों ही मैचों का आनंद दर्शक उठा पाएंगे। इसके बाद 16 अप्रैल को होने वाले दोनों मैच नासिक, अजमेर और कोच्चि के प्रशंसक फैन पार्कों में देख सकेंगे। पहला मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होगा। दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स भिड़ेगी। टाटा आईपीएल फैन पार्क के गेट दोपहर 1.30 बजे से खुलेंगे। वायाकॉम18 के प्रवक्ता ने कहा, हालांकि प्रशंसकों और दर्शकों को उनकी सुविधा अनुसार विश्व स्तरीय खेल देखने को मिल रहा है, पर हम चाहते हैं कि यह पूरे देश में पहुंचे, फिर चाहे दर्शक घर में इसे देखे या दोस्तों के साथ बाहर मैदान में। शुरूआती मैचों में जियो-सिनेमा पर रिकॉर्ड व्यूअरशिप, इस बात की गवाह है कि दर्शक डिजिटल को वरीयता दे रहे हैं।

**फरमान** रूस और बेलारूस के साथ नहीं खेंलेगे यूक्रेन के एथलीट

# यूक्रेन सरकार ने लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी। मॉस्को**

यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों पर रूस और बेलारूस के एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार यूक्रेन के युवा और खेल मंत्रालय ने यूक्रेनी एथलीटों को रूसी और बेलारूसी एथलीटों के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। खेल मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित हुए इस फरमान पर उप खेल मंत्री मत्वी बिदनी के हस्ताक्षर हैं।

मंत्रालय के अपने फरमान में लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय टीमों के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडलों को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जा रहा है, जिसमें रूस और बेलारूस के एथलीट भाग ले रहे हैं। यूक्रेनी मंत्री और राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य ओलेह नेमचिनोव ने मार्च के आखिरी सप्ताह में कहा था कि यूक्रेन सरकार ने अपने एथलीटों को 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, क्योंकि इस प्रतियोगिताओं में रूसी एथलीट भी हिस्सा लेंगे।



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि यूक्रेन के एथलीटों को रूसियों के साथ टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने से रोकने के कीव के फैसले से केवल यूक्रेनी खेलों को नुकसान होगा और यह यूक्रेनी एथलीटों की मनोदशा पर असरकारक होगा। ओलंपियन कंकाल रेसर व्लादिस्लाव हेरास्केविच सहित कुछ यूक्रेनी एथलीटों ने प्रतिबंध की आलोचना करते हुए कहा कि इससे यूक्रेनी खेलों पर बेहद बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, अगर यूक्रेनी प्रतिनिधि प्रतियोगिताओं में उपस्थित नहीं होते हैं, तो हम अंतरराष्ट्रीय खेल मैदानों को पूरी तरह से खाली कर देते हैं और रूसी/बेलारूसी प्रतिनिधियों को उनके आख्यानों और प्रचार को बढ़ावा देने का अवसर देते हैं। मंत्रालय ने निर्देश दिया कि उनके आदेश का अनुपालन किया जाए। मंत्रालय के आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में यूक्रेन के खेल संघ राष्ट्रीय महासंघ के दर्जे से वंचित हो जाएंगे। आदेश में रूसी और बेलारूसी एथलीटों के भाग लेने पर टूर्नामेंट से यूक्रेनी एथलीटों के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाने का भी प्रावधान है।

गौरतलब है कि आईओसी के प्रमुख थॉमस बाक ने 28 मार्च को कहा था कि आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खेल संघों की सिफारिश की थी कि रूसी और बेलारूसी एथलीटों को तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी जाए, लेकिन अगर वे यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियान का समर्थन करते हैं तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी।

